राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 317
लखनऊ, बुधवार 9 जुलाई, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

इकाइयों के थर्ड पार्टी निरीक्षण में तेजी लाएं अफसर : केशव प्रसाद मौर्य 03

मनरेगा में भ्रष्टाचार : बिना काम का चलाया जा रहा मास्टर रोल 04

-: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 98,990/10 ग्राम
22 कैरेट = 90,750/10 ग्राम
18 कैरेट = 74,250/10 ग्राम
चांदी = 1,10,000/किग्रा

धर्मांतरण गिरोह की मुरीद नीतू रोहरा के घर पर चला बुलडोजर

बीपी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर)। उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए स्वयंभू पीर छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन के नेटवर्क की परतें खुलने के साथ ही प्रशासन भी अब सख्त कार्रवाई के मोड में है। इसी क्रम में मंगलवार को उतरौला तहसील प्रशासन ने नीतू नवीन रोहरा पत्नी नवीन रोहरा के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया।

बता दें कि बीते 17 मई को तहसीलदार न्यायालय उतरौला ने नीतू रोहरा को ग्राम सभा मधपुर स्थित गाटा संख्या 337/370 (रकबा 0.0060 हेक्टेयर) पर किए गए अवैध कब्जे को लेकर नोटिस जारी किया था, जिसमें सात दिनों के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश था। लेकिन निर्धारित समयावधि तक अतिक्रमण न हटाए जाने के बाद प्रशासन ने मंगलवार को जेसीबी मशीनों की मदद से निर्माण को ध्वस्त कर दिया। प्रशासनिक सूत्रों और खुफिया जांच में सामने आया है कि नीतू रोहरा छांगुर पीर के करीबी नेटवर्क में शामिल थी और कई बार उसके आयोजन व धार्मिक क्रियाकलापों की मेजबानी करती रही है। नीतू पर गरीब व असहाय महिलाओं को धर्मांतरण जाल में फंसाने के आरोप भी लगे हैं।

छांगुर पीर का गिरोह केवल अवैध धर्मांतरण तक ही सीमित नहीं था, बल्कि सरकारी जमीन पर कब्जा, प्रशासनिक तंत्र में पैठ, और फर्जी धार्मिक संस्थाओं के नाम पर फंडिंग हड़पने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आ चुके हैं। नीतू रोहरा का यह निर्माण उन्हीं गतिविधियों से जोड़कर देखा जा रहा है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में यह संदेश तेजी से फैल रहा है कि अब प्रशासन ऐसे सभी लोगों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है, जिन्होंने धर्म की आड़ में सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने की कोशिश की। नीतू रोहरा के घर पर बुलडोजर चलाए जाने को छांगुर नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

कार्रवाई के दौरान गैण्डास बुजुर्ग पुलिस व तहसील प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही। किसी भी संभावित विरोध को रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। जेसीबी मशीनों ने कुछ ही घंटों में पूरा अवैध ढांचा जमींदोज कर दिया। जहां एक ओर आम नागरिकों ने इस कदम की सराहना की है, वहीं कुछ समूह इसे धार्मिक भेदभाव बताकर विरोध जता रहे हैं। हालांकि प्रशासन का कहना है कि यह पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई कार्रवाई है और आगे भी अवैध कब्जे व छांगुर नेटवर्क से जुड़े सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

बेदखली नोटिस के 50 दिन बाद हुई इस बुलडोजर कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अब उत्तर प्रदेश सरकार छांगुर पीर जैसे तत्वों के नेटवर्क को नष्ट करने के लिए निर्णायक मोड में आ चुकी है। अवैध कब्जा, फर्जी धर्मगुरुओं का संरक्षण और धर्मांतरण– अब किसी को नहीं बख्शा जाएगा।

हमारी सरकार बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

बुलडोजर कार्रवाई के बाद सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतया प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जलालुद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। राज्य में शांति, सौहार्द और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने।

सतत विकास के हर क्षेत्र में यूपी ने की प्रगति : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है। योगी ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में वैश्विक मानकों पर आधारित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के सापेक्ष उत्तर प्रदेश की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने कहा कि बीते वर्षों में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है। यह उपलब्धि केवल स्कोर का मामला नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाले परिवर्तन की पुष्टि है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018-19 में 42 अंकों के साथ 'परफॉर्मर' श्रेणी में शामिल उत्तर प्रदेश ने 2023-24 तक 25 अंकों की वृद्धि के साथ 67 का स्कोर हासिल कर 'फ्रंट रनर' राज्यों की श्रेणी में प्रवेश किया है। 2018-19 में एसडीजी इंडेक्स में 29वें स्थान पर रहा उत्तर प्रदेश आज 2023-24 में 18वें स्थान पर आ गया है। यह प्रगति इस अवधि में किसी भी राज्य द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी छलांग है।

जीप से टकराई शिक्षा मंत्री की एसयूवी, सिर में गंभीर चोट

समृद्धि न्यूज

हापुड़। उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी (70) मंगलवार को हापुड़ में एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गईं। उनकी एसयूवी पुलिस की एस्कॉर्ट जीप से टकरा गई, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई है। दुर्घटना में एस्कॉर्ट कर रही गाड़ी के ड्राइवर को भी हाथ में चोट लगी है। मंत्री और उनके ड्राइवर को तुरंत रामा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील त्यागी के नेतृत्व में एक टीम मंत्री का इलाज कर रही है और उनके सिर का एमआरआई कराया जा रहा है जानकारी के अनुसार, मंत्री गुलाब देवी मंगलवार दोपहर दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही थीं। उनकी एसयूवी के आगे पुलिस की एस्कॉर्ट जीप चल रही थी। पिलखुआ थाना क्षेत्र के छिजारसी टोल प्लाजा के पास, पुलिस जीप के आगे चल रही एक निजी गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके परिणामस्वरूप, पुलिस जीप के ड्राइवर को भी अचानक ब्रेक लगाना पड़ा, लेकिन मंत्री की एसयूवी पुलिस जीप से टकरा गई।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। मंत्री को एक स्कॉर्पियो में बिठाकर टोल प्लाजा से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित रामा अस्पताल ले जाया गया। पिलखुवा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। मंत्री के ड्राइवर सतबीर ने घटना का विवरण देते हुए बताया, मैंने टोल क्रॉस किया था और अभी ठीक से कार का गियर भी नहीं लग पाया था। तभी आगे वाली गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दी। एस्कॉर्ट वाली गाड़ी आगे चल रही थी, उसने भी अचानक ब्रेक लगा दी। उससे बचने के चक्कर में मेरी गाड़ी टकरा गई।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री हैं गुलाब देवी

संक्षिप्त समाचार

एसटीएफ ने अवैध असलहा फैक्ट्री पकड़ी, तीन गिरफ्तार

अलीगढ़। यूपी एसटीएफ ने मंगलवार को क़ार्सी थाना पुलिस टीम के साथ सयुंक्त कार्रवाई करते हुए इलाके में संचालित एक अवैध असलहा फैक्टरी पकड़ी है। इस दौरान टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही भारी मात्रा में असलहे और बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। एसटीएफ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक क़ार्सी थाना के मौलाना आजाद नगर में बने एक मकान में अवैध असलहा बनाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद संबंधित थाना टीम के साथ छापा मारा गया है। मौके से तीन युवक अरशद, बब्लू और मनोज पकड़े गये। एसटीफ को अवैध असलहा फैक्ट्री से 32 तमंचा 315 बोर, 34 बैरल, छह अधबने तमंचा, 161 पीत स्लाइडर/ खटका समेत असलहा बनाने का उपकरण और अन्य चीजें बरामद हुई है।

असम के कार्बी आंगलोंग में 4.1 तीव्रता का भूकंप

गुवाहाटी। असम के कार्बी आंगलोंग और आसपास के इलाकों में मंगलवार सुबह 09 बजकर 22 मिनट 19 सेकेंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 दर्ज की गयी। भूकंप में किसी के हताहत होने या अन्य नुकसान की खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र कार्बी आंगलोंग जिले में सतह से 25 किलोमीटर नीचे 26.51 डिग्री उत्तर और 93.15 डिग्री पूर्व अक्षांश पर स्थित था।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी पिता को मुखाग्नि

जोधपुर। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउलाल वैष्णव का मंगलवार शाम कागा स्थित वैष्णव समाज के श्मशान घाट पर को अंतिम संस्कार कर दिया गया। रेल मंत्री वैष्णव और उनके भाई आनंद वैष्णव ने पिता को मुखाग्नि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। श्मशान घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। इससे पहले मंगलवार दोपहर के करीब जोधपुर एम्स में रेल मंत्री के पिता दाऊलाल वैष्णव ने अंतिम सांस ली।

भारत में पनडुब्बी रोधी रॉकेट प्रणाली का सफल परीक्षण

नयी दिल्ली। भारत ने विस्तारित रेंज वाली पनडुब्बी रोधी रॉकेट प्रणाली का परीक्षण किया है, जिससे भारतीय नौसेना की मारक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि विस्तारित रेंज पनडुब्बी रोधी रॉकेटके उपयोगकर्ता परीक्षण आईएनएस कवरत्ती से सफलतापूर्वक किये गये। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, भारतीय नौसेना और इस प्रणाली के विकास एवं परीक्षण में शामिल उद्योग को बधाई दी।

मुनाफे का झांसा देकर ठगे 1.26 करोड़

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर साइबर ठग ने कारोबारी समेत दो से 1.26 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। जालसाज ने सोशल मीडिया के सहारे पीड़ितों को फंसाया। ट्रेडिंग पर कई गुना मुनाफे का आश्वासन दिया। उसके बाद लिंक भेजकर एप डाउनलोड कराकर रकम ट्रांसफर करा ली। यूजर आईडी एकाउंट पर मुनाफा देख पीड़ितों ने रुपये निकालने का प्रयास किया तो और मांग की गयी। ठगी का एहसास होने पर पीड़ितों ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

सुशांत गोल्फ सिटी के सेलेब्रिटी ग्रींस निवासी कारोबारी कुलदीप राज गुप्ता ने बताया कि 24 जून को दो कॉल आयी। फोनकर्ता ने उज्जैन व राजकोट निवासी बताकर शेयर ट्रेडिंग की सलाह दी। जालसाज ने आधार कार्ड, पैन कार्ड की कॉपी लेकर 24 जून से 2 जुलाई के बीच 10 बार में 73,65,009 रुपये ट्रांसफर कर लिए। एप एकाउंट में मुनाफा देख पीड़ित ने रुपये मांगे तो टालमटोल कर धमकाया। बीकेटी के चंद्रिका विहार कॉलोनी फेज-3 निवासी रंजू कुशवाहा ने बताया कि 20 मई को पति मनोज कुमार को व्हाट्सएप पर वीआईपी ए7 इंडियन स्टॉक मार्केट फ्रंटियर ग्रुप पर जोड़ा गया। जिसके बाद उनकी ग्रुप पर अनवी, अरफी सिंह और जय कुमार वर्मा से बात होने लगी। साइबर ठगों ने ट्रेडिंग पर मोटे मुनाफे का झांसा दिया। लिंक भेजकर अमंसा ग्रुप सर्विस डिपार्टमेंट एप डाउनलोड करायी गयी। शेयर और आईपीओ के नाम पर कई बार में 52.45 लाख रुपये जमा करा लिए।

लखनऊ हाईकोर्ट से कानपुर सीएमओ को मिली राहत

डीएम से विवाद में निलंबित हुए थे सीएमओ कोर्ट ने आदेश पर लगाया स्टे

लखनऊ। लखनऊ हाईकोर्ट ने कानपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी के निलंबन पर रोक लगा दी है। डॉ. नेमी को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के साथ विवाद के बाद राज्य सरकार ने निलंबित किया था। न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ ने डॉ. नेमी को अंतरिम राहत दी है। साथ ही राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। डॉ. नेमी ने 19 जून 2025 के निलंबन आदेश को याचिका में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकील डॉ. एलपी मिश्रा ने कहा- बिना जांच के निलंबन किया गया। उन्होंने तर्क दिया कि लगाए गए आरोपों में बड़ी सजा का प्रावधान नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियम 1999 के अनुसार निलंबन की कोई आवश्यकता नहीं थी। न्यायालय ने इस दलील को प्रथम दृष्टया सही माना और निलंबन आदेश को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया।

उत्तर प्रदेश आज बनाएगा एक पेड़ मां के नाम के तहत 37 करोड़ पौधे रोपित करने का रिकॉर्ड

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेशव्यापी पौधरोपण महा अभियान-2025, 09 जुलाई दिन बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। पौधरोपण महा अभियान में एक पेड़ मां के नाम के तहत रिकार्ड 37 करोड़ पौधे रोपित किये जाएंगे।

मुख्यमंत्री के विजन के मुताबिक इस पौधरोपण महाअभियान का उद्देश्य केवल रिकार्ड संख्या में पौध रोपण करना ही नहीं, बल्कि इन पौधों के संरक्षण और विकास से प्रदेश के ग्रीन कवर और पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। इस उद्देश्य से इस वर्ष रिकार्ड पौध रोपण के साथ ही उनके संरक्षण और देखभाल के लिये रोपित पौधों और रोपण स्थल की जियो टैगिंग की जा रही है। इससे पौध रोपण के बाद भी इन पौधों की वन विभाग व अन्य संस्थाओं की मदद से रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी। साथ ही टी-गार्ड व अन्य आधुनिक उपकरणों की मदद से रोपित पौधों की जीवितता को बढ़ाया जाएगा।पौधरोपण अभियान 2025 को सामुदायिक सहभागिता का प्रतीक बनाते हुए वन विभाग ने व्यापारिक, सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं के समन्वय स्थापित किया है। वन विभाग के संबंधित अधिकारी का कहना है कि ये संस्थाएं रोपित पौधों के संरक्षण के लिए टी-गार्ड व अन्य सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था में भी सहयोग कर रही हैं। इसके अलावा, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व फंड के माध्यम से बैंकों और निजी क्षेत्र की कंपनियों से रोपण क्षेत्रों को गोद लेने और पौधों की सिंचाई व सुरक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है।

वन विभाग जियो टैगिंग कर पौधों की करेगा रियल टाइम मॉनिटरिंग

इस वर्ष पौधरोपण महा अभियान 2025 का सबसे विशिष्ट पक्ष रिकार्ड पौधरोपण के साथ रोपित पौधों और रोपण स्थलों की जियो टैगिंग की जा रही है। वन विभाग के संबंधित अधिकारी ने बताया कि जियो टैगिंग के माध्यम से प्रत्येक पौधे और रोपण स्थल का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। जिससे पौध रोपण के बाद भी रोपित पौधों की स्थिति पर नजर रखी जा सकेगी और समय-समय उनकी देखभाल और संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकेंगे। जियो टैगिंग की यह तकनीक न केवल पौधों की देखभाल को आसान बनाएगी, बल्कि अभियान की पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ाएगी। साथ ही रोपित पौधों की देखभाल के लिए टी-गार्ड व अन्य आधुनिक उपकरणों का प्रयोग भी किया जाएगा।

खबरें एक नजर में

नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को कोतवाली सदर पुलिस ने दबोचा, कोर्ट ने भेजा जेल

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे होमगार्ड विजय शंकर पांडेय उर्फ बब्लू पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पाक्सो एक्ट और बीएनएस की धाराओं में गंभीर आरोप थे। मंगलवार को राजापुर चौराहे से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी विजय शंकर पांडेय पर आरोप है कि उसने 16 वर्षीय पैरामेडिकल छात्रा को उस समय अपनी हवस का शिकार बनाया जब वह सोमवार को कॉलेज से घर लौट रही थी। होमगार्ड ने छात्रा को जबरन बाइक पर बैठाकर सुनसान इलाके में ले जाकर गलत कार्य किया और फरार हो गया था। पीड़िता की तहरीर पर उसी दिन मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस सक्रिय हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को राजापुर चौराहे से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी होमगार्ड विजय शंकर पांडेय वर्तमान में यूपी 112 पीआरवी पर तैनात था और शहर के मोहल्ला राजगढ़ में रह रहा था। मूलतः वह थाना नीमगांव के गांव लखनियापुर का निवासी है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली सदर में बीएनएस व पाक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अपराध हरिप्रकाश यादव व कांस्टेबल मनीष वर्मा की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मैगलगंज, खीरी। थाना मैगलगंज क्षेत्र के चौकी औरंगाबाद अंतर्गत ग्राम सपहा निवासी युवक अमन कुमार पुत्र लल्लूराम को पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई को चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा, कांस्टेबल सतीश कुमार एवं कांस्टेबल विवेक वर्मा की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई हैं पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि महिलाओं के साथ अपराध करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

डूबे बच्चों के परिजनों को सपा ने दी आर्थिक सहायता, पूर्व विधायक ने सौंपें चेक

ईसानगर (लखीमपुर)। शारदा नदी में डूबकर जान गंवाने वाले हसनपुर कटौली के चार मासूम बच्चों के परिजनों को समाजवादी पार्टी ने सहयोग राशि के रूप में पचास-पचास हजार रुपये की सहायता प्रदान की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक एवं सपा नेता शमशेर बहादुर ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भेजे गए चेक सौंपे। उल्लेखनीय है कि 13 जून को गांव के चार बच्चे शारदा नदी में नहाते समय डूब गए थे, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई थी। इस हृदयविदारक घटना के बाद सपा नेता शमशेर बहादुर ने सपा पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर पीड़ित परिवारों की मदद की अपील की थी। अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी कोष से सहायता राशि जारी की गई। पूर्व विधायक शमशेर बहादुर ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर परिस्थिति में आम जनमानस के साथ खड़ी रहती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए यह आर्थिक मदद भेजी थी, जिसे आज सौंपा गया।

शिया वक्फ इमामबाड़े में 12 दिवसीय मजलिस का समापन, अमन-शांति के लिए की गई दुआ

लखीमपुर खीरी। खीरी कस्बे स्थित शिया वक्फ इमामबाड़े में मंगलवार को 12 दिवसीय मजलिसों का समापन हुआ। मोहर्रम के मौके पर पहली मोहर्रम से लेकर 12 मोहर्रम तक अंजुमन गुलामाने हुसैन और अंजुमन हुसैनिया के तत्वावधान में यह आयोजन किया गया था। मजलिसों को सिमरापुरी के मौलाना जीशान हैदर और लखनऊ से आए मौलाना सैय्यद नज़र अब्बास जैदी ने संबोधित किया। मंगलवार को हजरत इमाम हुसैन की शहादत के तीसरे दिन 'तीजा' की मजलिस आयोजित की गई, जिसमें मौलाना ने कर्बला के बाद इमाम हुसैन के घर वालों पर दमिश्क और कुफा में हुए जुल्मों की दर्दनाक दास्तान सुनाई। मौलाना की तकरीर सुनकर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने अश्कों के साथ इमाम हुसैन को खिराजे अकीदत पेश किया। मजलिस के बाद अकीदतमंदों ने सीने पर मातम कर हजरत इमाम हुसैन को पुरसा दिया और मुल्क में अमन और शांति के लिए दुआ की। इस मौके पर बाबर मिर्जा, राशिद हुसैन अर्शी, हामिद हुसैन, गुड्डू भाई, इमरान अब्बास, मन्नू, आज़मी हुसैन, आसिफ, शकील मियां, अब्बान जैदी, तफसीर हुसैन, दानिश पप्पू समेत कई अकीदतमंदों ने मजलिस में हिस्सा लिया।

मोहर्रम- कर्बला में ताजियों को गमगीन माहौल में किया गया सुपुर्द-ए-खाक

अमीरनगर खीरी। कस्बे में ग्यारहवीं मोहर्रम को लगने बाले ऐतिहासिक मोहर्रम मेले का सोमवार को समापन हो गया। देर शाम को गमगीन माहौल मे छोटे ताजियाओं को कर्बला में दफन कर किया गया। वहीं बड़े ताजिए मंगलवार को गमगीन माहौल माहौल में दफन किए गए। ऐतिहासिक मोहर्रम मेला 11वीं से शुरु होकर 12वीं मोहर्रम को खत्म होता है ।कस्बा अमीरनगर का मोहर्रम मेला बड़े-बड़े ताजियों के लिए जाना जाता है किंतु इस बार प्रशासनिक निर्देशों का पालन करते हुए सिर्फ 10-12 फीट ऊंचे ताज़िए ही जुलूस में शामिल हुए, हालांकि कुछ बड़े ताजिए भी बनाए गए थे ,लेकिन ऐसे ताजियों को टुकड़ों में ले जाकर सीधे मेले में एक ही जगह पर रख करके जोड़ा गया और वहीं से उसे खोलकर कर्बला में दफना दिया गया ।मेले में जगह जगह लंगर व शर्वत की सवीलें लगाई गई थीं। कस्बे के युवाओं द्वारा हुसैनी लंगर में खाना, शर्वत पानी आदि की व्यवस्था की गई। सुरक्षा के दृष्टिगत काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह, थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह चौहान, पुलिस चौकी इंचार्ज अमीरनगर राघवेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम गोला आदि उपस्थित रहे ।मेले में आने वाले दो पहिया व हल्के चार पहिया वाहनों को दोनों तरफ मेला स्थल से पहले ही रोक दिया गया जिसको लेकर मेलार्थियों में आक्रोश भी रहा।

विद्यालय विलयः बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का धरना

धौरहरा, लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार की विद्यालय मर्ज नीति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने सैकड़ों शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की। शिक्षकों का आरोप है कि यह नीति न केवल छात्रों की शिक्षा के अधिकार को प्रभावित करेगी, बल्कि शिक्षकों के अस्तित्व पर भी संकट खड़ा कर रही है। सरकार का मानना है कि प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या तो बहुत है, लेकिन संसाधनों और छात्रों की उपस्थिति के लिहाज से ये विद्यालय अपेक्षित लाभ नहीं दे पा रहे हैं। कई जगह ऐसे स्कूल हैं जहां मात्र 10-15 छात्र हैं, लेकिन उसी के अनुरूप पूरा स्टाफ और खर्च बना हुआ है। सरकार की योजना है कि ऐसे विद्यालयों को पास के बड़े या बेहतर संसाधनों वाले विद्यालयों में मर्ज कर दिया जाए ताकि—शिक्षा की गुणवत्ता सुधरे, संसाधनों का कुशल उपयोग हो, और खर्च में कटौती संभव हो सके। इस नीति को उच्च न्यायालय ने भी एक 'समझदारी भरा और दूरदर्शी निर्णय' बताते हुए अपनी सहमति दी है। प्रश्न यह उठता है कि जब सरकार एक बेहतर शिक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ रही है, तो शिक्षक संगठन क्यों विरोध कर रहे हैं? विरोध के पीछे शिक्षक संगठनों की कुछ प्रमुख चिंताएँ हैं, विलय के बाद कई शिक्षकों को दूर-दराज क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा सकता है। शिक्षकों को डर है कि कम विद्यालयों में कम शिक्षकों की जरूरत होगी और इसका असर स्थायित्व पर पड़ेगा। ग्रामीण और दूरदराज के शिक्षकको को विलय के बाद ज्यादा दूरी तय करनी पड़ सकती है। गांवों में स्थित छोटे विद्यालयों की अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान होती है जो विलय के बाद समाप्त हो सकती है। सरकार की नीति निश्चित ही प्रबंधन और संसाधन संतुलन की दृष्टि से उपयोगी हो सकती है, लेकिन शिक्षा सुधार संवाद और समन्वय से ही संभव है—संघर्ष से नहीं।

कटान रोकने को लगाए गए फटे ट्यूब, किसान आक्रोशित

- ठेकेदार व विभागीय अफसरों पर लापरवाही के आरोप

तिकुनिया (खीरी), समृद्धि न्यूज़।

इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित लखीमपुर खीरी जनपद के तिकुनिया क्षेत्र के क्यूटली गांव के सामने कटान रोकने के उद्देश्य से मोहाना नदी के किनारे लगाए गए जियो ट्यूब क्षतिग्रस्त हो गए हैं। करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई यह परियोजना अभी बरसात शुरू होने से पहले ही कई स्थानों पर टूट गई है, कई जगह ट्यूब बह गए हैं या पानी में समा गए हैं। इससे इलाके के किसानों में भारी नाराजगी और चिंता का माहौल है। किसानों ने जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाया है ।

जानकारी के मुताबिक सिंचाई विभाग ने मोहाना नदी के किनारे 1600 मीटर लंबाई में जियो ट्यूब लगाए गए थे। इनका उद्देश्य था कि बरसात के समय जब नदी का जलस्तर बढ़े, तो यह ट्यूब पानी की गति को रोककर किनारों की कटान को थाम सकें। परियोजना की कुल लागत 489.92 लाख रुपये थी। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को इससे काफी उम्मीदें थीं, लेकिन हालही में परियोजना पूरी होते ही प्रोजेक्ट की पोल खुल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, अभी बरसात शुरू भी नहीं हुई है, और ट्यूब पहले ही फटने लगे हैं। कई जगहों पर तो ट्यूब बह गए हैं और कई पूरी तरह पानी में समा चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब नदी में जलस्तर और बढ़ेगा, तब यह पूरी परियोजना ध्वस्त हो जाएगी और फिर से कटान का खतरा सिर पर मंडराने लगेगा। ग्रामीणों ने ठेकेदार व अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि अगर काम सही तरीके से होता और गुणवत्ता का ध्यान रखा गया होता, तो ट्यूब इतनी जल्दी नहीं फ़टे होते। हर साल हमारी जमीन कटान से बर्बाद होती है। इस बार हमें उम्मीद थी कि इस योजना से कुछ राहत मिलेगी, लेकिन अभी पानी आया भी नहीं कि कई जगह ट्यूब बह गए । कटान से बचाने के लिए बनाई गई करोड़ों की परियोजना अगर समय रहते नहीं सुधारी गई, तो इससे न केवल सरकारी धन का नुकसान होगा, बल्कि किसानों की जमीन, आजीविका और जीवन भी खतरे में पड़ जाएगा। अब सवाल यह उठता है कि यदि शुरुआत में ही प्रोजेक्ट कमजोर साबित हो रहा है, तो बरसात में इसका क्या हाल होगा ।

> स्लोप में जब चार-पांच सौ ट्यूब लांच करते हैं, तो एक-दो ट्यूब का फटना सामान्य बात है। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है।
>
> -नितिन कुमार अवर अभियंता सिंचाई खंड शारदानगर

खमरिया पंडित में इलेक्ट्रॉनिक व मोबाइल दुकानदार बुधवार को करेंगे साप्ताहिक बंदी

ईसानगर (खीरी)। धौरहरा तहसील क्षेत्र अंतर्गत कस्बा खमरिया पंडित में एक अहम बैठक का आयोजन राम जानकी मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें कस्बे के समस्त इलेक्ट्रॉनिक एवं मोबाइल शॉप संचालकों ने सहभागिता की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक बुधवार को सभी इलेक्ट्रॉनिक एवं मोबाइल की दुकानें साप्ताहिक बंदी के तहत बंद रखी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कस्बा खमरिया पंडित के सर्राफा व्यापारियों द्वारा भी इसी तरह की साप्ताहिक बंदी की घोषणा की गई थी, जो निरंतर सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। उसी तर्ज पर अब इलेक्ट्रॉनिक व मोबाइल व्यापारियों ने भी व्यापारिक अनुशासन और सामाजिक सामंजस्य को बनाए रखने हेतु यह कदम उठाया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यापारियों ने आपसी सहमति से निर्णय लिया कि बुधवार को सभी व्यापारी अपनी दुकानें पूर्णतः बंद रखेंगे। इस अवसर पर मोनू गुप्ता, सुनील मिश्रा कौशल मिश्रा, पंकज वर्मा, अमोल कटियार, कपिल वर्मा, अमित कटियार, अमित अवस्थी, बबलू रस्तोगी, रिंकू सोनी, मोहन गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि साप्ताहिक बंदी से न केवल व्यापारियों को विश्राम का अवसर मिलेगा, बल्कि पारिवारिक व सामाजिक जीवन में संतुलन भी स्थापित हो सकेगा। व्यापारी वर्ग ने आमजन से भी सहयोग की अपील की है ताकि यह निर्णय स्थायी रूप से सफल हो सके।

हाथियों ने उजाड़ी धान व गन्ने की फसल, किसान परेशान

बेलरायां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल से निकले हाथियों के झुंड ने हरी भरी गन्ने की पचासों बीघा फसल को उजाड़ दिया जिससे इलाके के किसानों में हड़कम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक दुधवा टाइगर रिजर्व की बेलरायां रेंज के खेरीगढ़ इलाके में रात जंगल से निकले हाथियों के झुंड ने जलीश अहमद, अमर सिंह, रामबिलास, बिरजू के धान व गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा दिया जिसमें ज़लीस अहमद का पंद्रह बीघे गन्ने को रौंद दिया। ज़लीस अहमद सहित किसानों की वन विभाग से मांग है कि हाथियों से फसलों को बचाने का वन विभाग कोई उचित प्रबंध करे साथ ही वन विभाग द्वारा वन्य जीवो से हो रहे फसलों के नुकसान का पूरा मुआवजा दिया जाए। इस संबंध में क्षेत्रीय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिन किसानों की फसलों का वन्य जीवों द्वारा नुकसान किया गया है वो किसान मुआवजे के लिए प्रार्थना पत्र दें विभागीय मुआवजा दिलाया जाएगा साथ ही श्री सिंह ने बताया वन विभाग टीम की गस्ती बढ़ा दी गई है और विभाग की तरफ से लाइट भी लगवाई जाएगी।

प्रेम-प्रसंग में जानलेवा मोड़- पहले युवक ने खाया जहर, फिर किशोरी ने लगाई फांसी

- रवि की बिगड़ती हालत देख मोहिनी ने दी जान, दोबारा जहर खाकर अस्पताल पहुंचा प्रेमी

बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली गोला क्षेत्र के ग्राम फजलनगर ग्रंट में सोमवार को एक प्रेम कहानी ने दर्दनाक मोड़ ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब प्रेमिका को उसकी हालत बिगड़ने की खबर मिली, तो उसने फंदा लगाकर जान दे दी। युवक को जब युवती की मौत की सूचना मिली, तो उसने दोबारा जहर खा लिया। फिलहाल युवक का इलाज बिजुआ सीएचसी में चल रहा है। फजलनगर ग्रंट के मजरा कुंदनपुर निवासी रवि (18) पुत्र मुन्ना और मोहिनी उर्फ शालू (16) पुत्री ओमप्रकाश के बीच काफी समय से प्रेम संबंध थे। सोमवार को किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। तनाव इतना बढ़ गया कि रवि ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। रवि की बिगड़ती हालत देखकर मोहिनी घबरा गई। मानसिक संतुलन खो बैठी मोहिनी ने गांव से करीब एक किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत रहीम नगर ग्रंट में नीम के पेड़ से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। उधर, शाम को जब रवि को मोहिनी की मौत की सूचना मिली, तो वह फिर टूट गया और एक बार फिर जहर खा लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे एंबुलेंस के जरिए बिजुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस हृदयविदारक घटना से गांव में शोक की लहर है।

10 लाख की ठगी, असली सोने के सिक्के का लालच देकर युवक से लूट

- एक आरोपी पकड़ा गया, बाकी फरार

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

असली सोने के सिक्के के झांसे में एक युवक से रु.10 लाख की सनसनीखेज ठगी का मामला सामने आया है। हरदोई जिले के पिहानी थाना क्षेत्र के कायमपुर गांव निवासी सुमित कुमार इस जालसाजी का शिकार हुआ। आरोपियों ने पहले फोन पर संपर्क कर दुर्लभ सोने के सिक्के बेचने का झांसा दिया, फिर गोला बुलाकर सुनसान स्थान पर पैसे लूट लिए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि घटना के कई घंटे बाद भी पुलिस की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पीड़ित खुद को असहाय महसूस कर रहा है। सुमित कुमार के अनुसार, उसे एक व्यक्ति जुम्मन ने फोन कर संपर्क किया और खुद को दुर्लभ सिक्कों का विक्रेता बताते हुए बातों में उलझा लिया। जुम्मन ने दावा किया कि उसके पास असली सोने के सिक्के हैं, जिन्हें वह रु.10 लाख में बेचना चाहता है। लालच में आकर सुमित ने किसी तरह नकद रु.10 लाख की व्यवस्था की और सौदा तय करने मोहम्मदी पहुंचा। मोहम्मदी पहुंचने के बाद उसे गोला बुलाया गया, जहां लक्ष्मणजती मार्ग से करीब 2 किलोमीटर दूर एक सुनसान स्थान पर ले जाकर ठगी को अंजाम दिया गया। जैसे ही सुमित वहां पहुंचा, पहले से घात लगाए 5-6 लोगों ने उसे घेर लिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उससे रु.10 लाख से भरा झोला और सिक्कों से संबंधित कागजात छीन लिए और फरार होने लगे। हालांकि सुमित ने साहस दिखाते हुए पीछा किया और एक आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति के पास से नकली सोने जैसे दिखने वाले सिक्के बरामद हुए हैं। इसके बावजूद बाकी आरोपी रकम लेकर मौके से फरार हो गए। सुमित ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए व्यक्ति को हिरासत में लिया। सुमित का यह भी आरोप है कि आरोपी हथियारों से लैस थे और धमकी दे रहे थे कि यदि उसने पुलिस को सूचना दी तो जान से मार देंगे। घटना को लेकर पीड़ित सुमित कुमार ने गोला कोतवाली में लिखित तहरीर दी है और रु.10 लाख की बरामदगी व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि घटना को बीते कई घंटे हो चुके हैं, बावजूद इसके पुलिस की तरफ से कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया गया है।

> थाना गोला के प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह का कहना है, मामले की जानकारी तो है, लेकिन अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई। जांच करवा रहा हूं।
>
> नानक चौकी इंचार्ज योगेश सिंह का कहना है, हरदोई के दो पक्षों के बीच सोने के सिक्कों को लेकर लेनदेन हुआ था, जिसमें एक पक्ष को पैसे नहीं मिले। धोखाधड़ी का मामला लग रहा है, लेकिन अब तक कोई औपचारिक तहरीर नहीं मिली है।

बेलराया स्टेट हाईवे पर बाइकों की भिड़ंत में चार गंभीर, एसडीएम ने पहुंचकर की मदद

निघासन खीरी। बेलराया स्टेट हाईवे पर मंगलवार को बांग्लहा ताकिया मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पाकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राजीव निगम तत्काल मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चिकित्सकों की निगरानी में सभी का इलाज जारी है। घायलों की पहचान बथुआ टांडा निवासी बबलू व रिजवान और सुरजीपुरवा निवासी रमेश पुत्र रामचंद्र एवं गौतम पुत्र नन्नू के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक बाइक निघासन की ओर जबकि दूसरी ताकियापुरवा की तरफ जा रही थी। मोड़ पर असंतुलन के चलते आमने-सामने की टक्कर हो गई। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि घायलों को तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई है। साथ ही दुर्घटना की जानकारी संबंधित विभागों को दे दी गई है। उन्होंने लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

सादुल्लानगर-नेवादा मार्ग की बदहाली से ग्रामीण परेशान, जल्द मरम्मत की मांग

सादुल्लानगर/बलरामपुर। स्थानीय क्षेत्र की प्रमुख संपर्क मार्ग सादुल्लानगर-नेवादा सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। करीब एक दशक पूर्व बनी इस सड़क की मरम्मत कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा लगभग 500 मीटर सड़क की मरम्मत अधूरी छोड़ देने के कारण राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धंसी हुई सड़क, उखड़े हुए बोल्डर और गहरे गड्ढों में तब्दील यह मार्ग अब दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरी मरम्मत से हालात और भी खराब हो गए हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी संतोष यादव, विनय, पवन, संतोष, बहरैची, राधेश्याम, नंदकिशोर, मुन्ना, सलमान और चांदबाबू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़क के कारण न केवल रोजमर्रा की आवाजाही बाधित हो रही है बल्कि बार-बार वाहन खराब होने से आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र इस जर्जर सड़क की मरम्मत कराई जाए, जिससे आम जनता को राहत मिल सके और आवागमन फिर से सुचारु हो।

हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन की कार्रवाई

तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।

ग्राम पंचायत बरसोला कलां के बगिया मोहल्ले में अवैध कब्जा हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम को ग्रामीणों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। यह कार्यवाही हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेशों के अनुपालन में की गई थी। मंगलवार को सुबह राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बगिया मोहल्ले में जब अवैध कब्जा हटाने पहुंची, तो वहां अफरा-तफरी मच गई। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जेसीबी मशीनों के सामने बैठ गए और कार्रवाई का विरोध करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि वे वर्षों से इस भूमि पर रह रहे हैं और अचानक उजाड़ने की कार्यवाही अन्यायपूर्ण है। इस दौरान प्रशासन की ओर से एसडीएम राजीव निगम और तिकुनिया कोतवाली प्रभारी अमित भदौरिया एवं भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे । उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विरोध के स्वर और तेज हो गए। प्रशासनिक टीम ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच कई झोपड़ियों व कच्चे-पक्के मकानों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान महिलाओं की आंखों में आंसू थे और बच्चों की चीख-पुकार सुनाई देती रही। प्रशासन का कहना है कि यह कार्यवाही माननीय हाईकोर्ट के आदेशानुसार की गई है और केवल अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने पुनर्वास की मांग उठाई है और कहा है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के उन्हें उजाड़ना मानवता के खिलाफ है। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कितने घरों पर कार्यवाही हो चुकी है संख्या बता पाना मुश्किल है आगे की कार्यवाही जारी रहेगी ।

> **क्या है मामला** तिकुनिया क्षेत्र के ग्राम बरसोला के बगिया निवासी अब्दुल करीम ने वर्ष 1980 में दीवानी न्यायालय में एक मुकदमा दाखिल किया था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी लगभग एक एकड़ भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इस मामले में 1981 में अदालत ने अब्दुल करीम के पक्ष में निर्णय सुनाया और प्रशासन को जमीन को कब्जा मुक्त कराने का आदेश दिया। लेकिन 38 वर्षों के बाद भी जब जमीन से कब्जा नहीं हटाया गया, तो अब्दुल करीम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दीवानी न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए प्रशासन को निर्देश दिया कि आदेश का तत्काल पालन कराया जाए।

अलाउद्दीनपुर में सजी आलीशान ताजिया, मेले में उमड़ा जनसैलाब

- कुशीनगर के कलाकारों ने तीन माह में किया निर्माण, दस लाख रुपये की लागत

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

थाना सादुल्लानगर क्षेत्र के ग्राम अलाउद्दीनपुर में मुहर्रम की नवीं रात को रखी गई अत्यंत भव्य और आकर्षक ताजिया इस वर्ष क्षेत्र की विशेष पहचान बन गई है। लगभग दस लाख रुपये की लागत से बनी इस ताजिया की भव्यता और कलात्मकता देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर रही है। पूर्व प्रधान अली अहमद उर्फ मग्घू, फय्याज खान, सियाराम सरोज, शाहिद खान और नसीम खान ने जानकारी दी कि यह ताजिया कुशीनगर जनपद से आए दस माहिर कारीगरों की मेहनत का नतीजा है, जिन्होंने करीब तीन महीने दिन-रात मेहनत करके इस ताजिया को तैयार किया। ताजिया की ऊंचाई और रंग-बिरंगी सजावट इसे दूर से ही आकर्षक बना देती है।

नवीं मुहर्रम से मेले की शुरुआतः ताजिया स्थल पर नवीं मुहर्रम की रात से ही एक मेले का आयोजन भी शुरू हो गया है, जो पूरे क्षेत्र में उत्साह और धार्मिक भावना का संचार कर रहा है। इस मेले में सिर्फ बलरामपुर ही नहीं, बल्कि गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर सहित कई जिलों और अन्य प्रदेशों से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। मेले में विशाल झूले, बच्चों के लिए ट्रेन, ब्रेक डांस, जम्पिंग, बैलून और खिलौनों की दुकानें, कुल्फी, चूड़ी व मेहंदी स्टॉल जैसे तमाम मनोरंजन व व्यापारिक साधनों की भरमार है।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पूरी तरह चौकसः सादुल्लाह नगर पुलिस मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असामाजिक गतिविधियों से बचाव के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। मेले में जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात हैं और ड्रोन कैमरे व सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है।

धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीकः यह आयोजन सिर्फ शोक और श्रद्धांजलि का अवसर नहीं बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता का उदाहरण भी है। हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग मिलकर आयोजन में योगदान दे रहे हैं, जिससे क्षेत्र में भाईचारे और एकता का संदेश फैल रहा है।

प्रा.वि. रानीपुर में चला स्वच्छता अभियान, छात्रों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

सादुल्लानगर/बलरामपुर। शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रानीपुर में मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं स्वच्छता अभियान के तहत एक व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर की सफाई से की गई, जिसमें छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामवासियों ने मिलकर सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान मच्छरों और अन्य रोगकारक जीवों से बचाव हेतु दवाइयों का छिड़काव भी किया गया। प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने विद्यालय में उपस्थित मां समूह और रसोइयों के साथ विशेष बैठक कर उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से भी व्यक्तिगत साफ-सफाई और गांव की स्वच्छता को लेकर संवाद किया। अभिभावकों और विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, साथ ही बच्चों को स्वच्छ रहने और रोगों से बचाव के उपायों की शिक्षा दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका अंकिता गुप्ता, शिक्षामित्र राम फेयर, कृष्णदेव यादव, राम साजन यादव, संदीप गुप्ता एवं बृजेश कुमार यादव समेत कई ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों और विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास से यह स्वच्छता अभियान सफल रहा और सभी ने नियमित स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया।

बड़ा कदम : उत्तर प्रदेश में मनरेगा के जरिए रोपे जाएंगे साढ़े बारह करोड़ पौधे

सीएम योगी के निर्देश पर एक पेड़ मां के नाम-2.0 थीम पर आधारित प्रदेशव्यापी पौधरोपण अभियान चलेगा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य भर में मनरेगा योजना के माध्यम से साढ़े बारह करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। इस प्रक्रिया के अंतर्गत हरियाली के साथ-साथ रोजगार को भी बढ़ावा देने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि इस बार अभियान एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर आधारित होगा, जिसका उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि मातृ वंदना के भाव को भी जनमानस से जोड़ना है। पूरे प्रदेश में लखीमपुर खीरी को इस अभियान में सबसे बड़ा लक्ष्य मिला है। यहां 42 लाख पौधे लगाने की योजना बनाई गई है।

इसके बाद सोनभद्र को दूसरा और हरदोई को तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य सौंपा गया है। इन जिलों में जलवायु और जमीन की उपलब्धता के अनुसार विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मनरेगा के अंतर्गत पौधरोपण के लिए प्रदेश में 1.89 लाख से अधिक स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थलों को चिन्हित कर वहां की भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति के अनुरूप पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाएगा।

मनरेगा के तहत ग्रामीणों को इस कार्य में शामिल कर रोजगार और हरियाली दोनों को बढ़ावा दिया जाएगा। मनरेगा योजना के तहत इस मेगा प्लांटेशन अभियान में ग्राम्य विकास विभाग को भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभाग ने लक्ष्य के अनुसार हर जिले में पुख्ता तैयारियां कर ली हैं। इसमें स्थल चयन, पौधों की किस्म, देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा की संपूर्ण योजना पर कार्य किया जा रहा है।

पौधों की वृद्धि और संरक्षण पर होगी प्राथमिकता

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि इस पूरे अभियान की सफलता केवल रोपण से नहीं बल्कि पौधों की सुरक्षा पर भी निर्भर करेगी। इसके लिए मनरेगा के अंतर्गत पौधों की नियमित सिंचाई, देखभाल, ट्री गार्ड की व्यवस्था और निगरानी की जाएगी। पौधों की वृद्धि और संरक्षण पर भी नजर रखी जाएगी। इस अभूतपूर्व अभियान के जरिए प्रदेश सरकार पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ ग्रामीणों को रोजगार, स्वास्थ्य और भावनात्मक जुड़ाव प्रदान कर रही है।

पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी को मिलेंगे दो सहजन के पौधे

योगी सरकार ने एक अनोखी पहल के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को दो-दो सहजन के पौधे देने का निर्णय लिया है। सहजन पौधा न सिर्फ औषधीय गुणों से भरपूर होता है बल्कि पोषण और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। यह पहल ग्रामीण परिवारों के पोषण सुरक्षा की दिशा में एक और सार्थक कदम साबित होगा।

आबकारी का इन्वेस्टर्स समिट आज आठ हजार करोड़ निवेश की उम्मीद

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने की दिशा में आबकारी विभाग पहली बार इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन करने जा रहा है।

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कल यानी बुधवार को यह समिट होगा। इस एक दिवसीय आयोजन में पुराने निवेशकों से लेकर नए निवेश के इच्छुक उद्योगपतियों तक को आमंत्रित किया गया है। विभाग ने इसे तीन श्रेणियों में बांटा है, जिसमें न सिर्फ नए निवेश के लिए एमओयू साइन होंगे, बल्कि पहले से जुड़े निवेशकों को भी धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस बातचीत होगी।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि बीते वर्षों में विभाग ने सालाना औसतन 15 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की है। इससे राज्य की राजस्व आय में जबरदस्त इजाफा हुआ है। एक्साइज नीति में किए गए बदलावों के कारण निवेशकों का रुझान लगातार बढ़ा है। इसका प्रमाण यह है कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 2.0 में विभाग से जुड़े 46 निवेशकों ने 8 हजार करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता जताई थी। आबकारी मंत्री ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 90 डिस्टलरी कार्यरत हैं।

खबरें एक नजर में

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित माती गांव में लोगों ने सड़क जाम कर दी। वे एक्सीडेंट में जयचंद (40) की मौत के बाद टक्कर मारने वाले वाहन को पकड़ने की मांग कर रहे थे। माती गांव के रहने वाले जयचंद (40) अनूप खेड़ा गांव से सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अपने घर लौट रहे थे। माती गांव में आशीष हार्डवेयर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि जयचंद की मौके पर ही मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद जब शव घर भेजा गया तो लोगों ने सड़क जाम की। मृतक जयचंद अपने पिता नेकराम की इकलौती संतान थे। उनके परिवार में पत्नी रोशनी, तीन बेटियां और दो छोटे बेटे हैं। मृतक की पत्नी और पिता ने जल्द न्याय की मांग की है। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अस्पताल रोड पर जाम लगा दिया। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा ने बताया कि मृतक के पिता नेकराम की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात पिकअप चालक की तलाश कर रही है। स्थानीय लोग सड़क पर आकर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे।

दो लड़के भूखा होने की बात कहकर जेवर उतरवाकर फरार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के नाका इलाके में 2 लड़कों ने भूखा होने की बात कहकर महिला के जेवर गायब कर दिए। महिला ई-रिक्शा से अपने घर जा रही थी। ई-रिक्शा में बैठे लड़के भूख लगने की बात कहकर खाना खिलाने को कहा। इसके बाद सम्मोहित करके जेवर उतरवा लिए। पुलिस मुकदमा लिखकर मामले की जांच कर रही है। काशी ढेरा रकाबगंज जीनत खान पत्नी युसुफखान ने बताया कि सोमवार को निजी काम से नख्खास गई थीं। जहां से घर जाने के लिए ई-रिक्शा पर बैठी। जिसमें पहले से दो लड़के सवार थे। कुछ दूर रिक्शे के चलते ही दोनों ने भूख लगी होने की बात कहकर खाना खिलाने के लिए कहा। वजह पूछने पर बोले कि उनके पास सिर्फ 50 रुपए हैं, जिसकी वजह से खाना नहीं खा पा रहे हैं। चारबाग चलकर खाना खिलाने की बात कही। जीनत दोनों को खाना खिलाने चारबाग आ गई। उसके बाद दोनों लड़के दूध मण्डी मोड़ के पास एक बिरयानी की दुकान पर ले गए। वहां पर बातों में उलझाकर गले में पहनी 20 ग्राम की एक चेन और 3 अंगूठियां उतरवा लीं। पानी पीने के बहाने निकल गए। पीड़िता को जब तक होश आया तब तक टप्पेबाज भाग निकले। इंस्पेक्टर नाका का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज जाएंगे मैनपुरी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह कल 9 जुलाई को सुबह 9 बजे सैनिक स्कूल, मैनपुरी में वृक्षारोपण महाभियान-2025 के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। पूर्वान्ह 10:30 बजे उझैया फकीरपुर, मैनपुरी में भी वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण तथा वनावरण में वृद्धि करने के लिए 09 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए है। गत वर्ष की भांति ही इस वर्ष पूरे प्रदेश में पौधरोपण कार्यक्रम महाभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कल एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। विभागों को अलग-अलग वृक्षारोपण के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए है। यह अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

जनता दल एस के कार्यालय में मनाया दलाई लामा का जन्म दिवस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। जनता दल सेकुलर के प्रदेश कार्यालय दारुलशफा में दलाई लामा का 90वाँ जन्म दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम भारत तिब्बत मैत्री संघ के नेता एवं जनता दल सेकुलर के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह ने दलाई लामा के चित्र पर तिलक लगाकर अपनी श्रृद्धा प्रकट की और उनकी लम्बी आयु की कामना की। श्री सिंह ने कहा कि दलाई लामा की नियुक्ति मे किसी अन्य का हस्तक्षेप कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यह निर्णय तिब्बती बौद्ध धर्म की मान्यताओं के अनुरूप ही किया जाना उपयुक्त होगा। वर्ष 1959 में कलकत्ता में भारत तिब्बत मैत्री संघ का विशाल सम्मेलन हुआ था जिसमें जय प्रकाश नारायण और डा. लोहिया की विशेष उपस्थिति रही। गांधी, लोहिया और जय प्रकाश नारायण ये तीनों नेता तिब्बत के भारत में विलय के पक्षधर थे। विलय का प्रस्ताव लेकर दलाई लामा भारत आये। 1953 में आचार्य नरेन्द्र देव के नेतृत्व में जय प्रकाश नारायण, डा. लोहिया और यूसुफ मेहर अली ने नेहरू से विलय प्रस्ताव मानने के लिये अनुरोध किया परन्तु कई बार दलाई लामा के प्रस्ताव के बावजूद तिब्बत का भारत में विलय नहीं हो सका और 1959 में चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया।

11 जुलाई तक रोज 1-2 बार बारिश का अलर्ट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में दोपहर बाद पीजीआई और सरोजनी नगर इलाकों में तेज बारिश हुई। शहर के दूसरे हिस्सों में बारिश नहीं होने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग का अनुमान है कि 11 जुलाई तक रोज 1-2 बार बारिश होगी। लखनऊ का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। दिन में कुछ इलाकों में हल्की बारिश के साथ-साथ गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में बारिश की मात्रा शून्य (0.0 मिमी) दर्ज की गई है। दिनभर चिपचिपी गर्मी के चलते लोग परेशान हो रहे। रात में भी गर्मी का दौर जारी है।

केशव मौर्य आज पौधरोपण कार्यक्रम में करेंगे प्रतिभाग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज 9 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ मे पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगे, उसके बात प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति की समीक्षा करते हुए कहा

इकाइयों के थर्ड पार्टी निरीक्षण में तेजी लाएं अफसर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के माध्यम से यूपी में कराना है अधिकाधिक पूंजी निवेश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत स्थापित इकाइयों के थर्ड पार्टी निरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावों पर समयबद्ध कार्यवाही करने, स्थापित इकाइयों के सब्सिडी आदि के प्रकरणों की समीक्षा करते रहने व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराना हैउप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम मे थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेन्सियों को आवंटित जनपदवार व खाद्य प्रसंस्करणवार अनुमोदित परियोजनाओं की सूची एवं लेटर आफॅ कम्फर्ट संलग्न कर प्रेषित किया गया है कि इकाई के प्रोमोटर से तत्काल संपर्क कर स्थलीय सर्वेक्षण सत्यापन का कार्य पूर्ण कराते हुए प्रदत्त प्रारूप अनुसार रिपोर्ट स्पष्ट संस्तुति सहित निदेशालय, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण को हार्ड कापी में उपलब्ध कराए ताकि अग्रिम कार्यवाही संपादित की जा सके।

योजनान्तर्गत निरीक्षण हेतु थर्ड पार्टी इन्सपेंक्शन एजेन्सी के रूप में चयनित विवि आईसीएआर इन्स्टीट्यूट में अध्ययनरत छात्रों विशेषज्ञों द्वारा स्थापित इकाई का निरीक्षण किया जाता है, साथ ही विवि इन्स्टीट्यूट में अध्ययनरत छात्रों को भी निरीक्षण के समय इस उद्देश्य से लाया जाता है कि उनके अन्दर उद्यमशीलता का भाव उत्पन्न हो सके तथा वह स्वयं को उद्यमी के रूप में स्थापित कर सकें। थर्ड पार्टी के रूप में आचार्य नरेंद्र देव यूनिवर्सिटी अयोध्या को अयोध्या व देवी पाटन की 7 इकाइयों बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी को झांसी की 2 इकाइयों, एचबी टीआई कानपुर को कानपुर व चित्रकूट की 14, इकाईयों, सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी मेरठ को मेरठ अलीगढ़ व सहारनपुर की तीन इकाईयों इंडियन वेटरिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट बरेली को 11 इकाइयों सर्वेक्षण सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

104 प्रस्तावों पर अनुमोदन किया गया प्रदान

अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण व रेशम विभाग बीएल मीना ने बताया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति अंतर्गत राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति द्वारा 104 प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं विश्वविद्यालयों को थर्ड पार्टी इन्पेक्शन एजेन्सी के रूप में नामित किया गया है।निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग इस कार्य के प्रभावी अनुश्रवण के निर्देश दिये गये हैं। समस्त संबन्धित इन्वेस्टर्स से भी अपेक्षा की गयी है, कि वह अपनी इकाई के सापेक्ष अंकित थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेन्सी से तत्काल संपर्क कर स्थलीय सर्वेक्षण सत्यापन का कार्य पूर्ण करायें।

भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच की मांग को लेकर जलकल विभाग के कर्मियों का प्रदर्शन

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में नगर निगम के जलकल विभाग के कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया है। मौके पर कर्मचारियों ने महाप्रबंधक मुर्दाबाद के नारे लगाए। समन्वय समिति ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि आंदोलन अभी जारी रहेगा। पिछले काफी समय से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर मुखर हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहे। कर्मचारियों का कहना है कि मांगों को सुनने के लिए महाप्रबंधक कुलदीप सिंह कार्यालय नहीं पहुंचे। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ी है। आने वाले दिनों में अब लगातार मुख्यालय पर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक कर्मचारी जत्थे में प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद शाम 3 बजे से 5 बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा।

कांवड़ यात्रा मार्गों पर रहेगा उजाला, शिव भक्तों को नहीं होगी दिक्कत : एके शर्मा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा और सुगम और निर्बाध बनाने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को बताया कि सरकार का प्रयास है कि यह यात्रा श्रद्धा, सुरक्षा और स्वच्छता के साथ संपन्न हो। ऊर्जा और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की गई है।

ऊर्जा विभाग को निर्देशित किया गया है कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष रूप से रात में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, क्योंकि अधिकतर श्रद्धालु रात्रिकाल में यात्रा करते हैं। पूर्व वर्षों में कुछ स्थानों पर ऊंचे डीजे के बिजली तारों से टकराने की घटनाएं हुई थीं। इस पर नियंत्रण के लिए निर्देश दिए गए हैं कि यात्रा मार्गों पर केवल निर्धारित ऊंचाई वाले डीजे वाहन ही चलें। शर्मा ने बताया कि साथ ही खुले ट्रांसफार्मरों के चारों ओर बाउंड्री बनाने तथा बिजली के खंभों को इंसुलेट करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त हो। नगर विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि यात्रा मार्गों पर सभी स्ट्रीट लाइट्स को ठीक कराया जाए।

किसान को अपहरण कर फिरौती मांगने वाला एक और गिरफ्तार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में 28 मई को अवैध संबंधों के शक में किसान को अगवा कर फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस घटना में शामिल एक आरोपी को पूर्व में जेल भेज चुकी है। जबकि तीन की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर रहीमाबाद आनंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि आरोपी बलराम को रहीमाबाद कैथूलिया मोड से पकड़ा गया। आरोपी माल के ग्राम रामपुर बांझी का रहने वाला है। इंस्पेक्टर ने बताया कि उन्नाव निवासी सुरेंद्र यादव की ससुराल गहदो में है। ससुराल से ही कार सवार साढू उमेश ने साथियों राकेश, रामगोपाल, वीरपाल और बलराम ने सुरेंद्र यादव ने अगवा कर लिया था।

चालकों व परिचालकों को मिला 10 हजार रुपए बोनस

चालकों, परिचालकों के लिए बनेगा प्रेरणा का स्रोत : दयाशंकर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । महाकुंभ ड्यूटी करने वाले परिवहन निगम के चालकों परिचालकों को मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 10000 बोनस की राशि प्रदान कर दी गई। 24071 चालकों परिचालकों को 10000 की धनराशि खाते में भेजी गई है। 24 करोड़ 71 लाख की राशि प्रदेश सरकार ने परिवहन निगम के चालकों परिचालकों को प्रदान किया।

इसमें 11786 चालक व12285 परिचालकों सहित 24071 कर्मी सम्मिलित हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवहन निगम के चालकों परिचालकों के उत्साहवर्धन के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। इससे प्रेरणा लेकर आने वाले समय में हमारे चालक परिचालक और बेहतर सुविधाएं जनता को मुहैया कराएंगे।परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुंभ 2025 में 19 क्षेत्रों से चालकों परिचालकों की ड्यूटी लगाई गई थी। आगरा क्षेत्र से 1385, गाजियाबाद से 1469, मेरठ से 1413, सहारनपुर से 994, अलीगढ़ से 1284, मुरादाबाद से 1358,बरेली से 1149, हरदोई से 1803, इटावा से 1235, कानपुर से 1387, झांसी से 574, लखनऊ से 2162, अयोध्या से 725, प्रयागराज से 1522,आजमगढ़ से 1163, गोरखपुर से 1424, वाराणसी से 1116, चित्रकूट से 927,एवं देवीपाटन मंडल से 981 चालकों परिचालकों की ड्यूटी लगी थी। चालकों परिचालकों ने लगन, ईमानदारी व तत्परता से कार्य करते हुए महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य से लाने एवं गंतव्य तक सुरक्षित व सुविधाजनक तरीके से पहुंचाने का कार्य किया। इतना बड़ा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, इसका श्रेय मुख्यमंत्री को है जिनके कुशल नेतृत्व, प्रबंधन एवं मार्गदर्शन के कारण लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

सीएमएस आए अमेरिकी छात्र राज्यपाल से मिले

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सिटी मोन्टेसरी स्कूल की पांच दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर लखनऊ पधारे अमेरिका के दस-सदस्यीय छात्र दल ने सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन की अगुवाई में राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया व लखनऊ प्रवास के अपने अनुभवों को साझा किया। राजभवन पधारे इन अमेरिकी छात्रों में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिलने की उत्सुकता देखते ही बनती थी। राज्यपाल ने भी छात्रों को निराश नहीं किया और प्रत्येक छात्र से बड़ी गर्मजोशी से मिली। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने अमेरिकी छात्रों से वार्तालाप में कहा कि मुझे विश्वास है आप सभी ने भारतीय संस्कृति को गहराई से जाना-समझा होगा और निश्चित ही आप यहाँ से कुछ अच्छी यादें लेकर स्वदेश लौटेंगे। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस अवसर पर राज्यपाल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपसे हुई छात्रों की यह मुलाकात निश्चित ही युवा पीढ़ी का मनोबल बढ़ाने में सहायक होगी। प्रो. किंगडन ने बताया कि महामहिम राज्यपाल से मुलाकात करने वाले अमेरिका के मोन्टेना राज्य से पधारे छात्रों में जेम्स रेनाल्डस, बेन मुलेट, ऐडन गिट्टो, नाथन मिजनर, लायरा लार्सन, एमिली ब्रान्डेनबर्ग, ईसाबेल बेसल एवं क्लारा डेपी के साथ ही उनके टीम लीडर एल्ली डेपी एवं जैसन स्मिथ शामिल रहे।

ग्राम्य विकास विभाग के अफसरों ने सीखे एआई के गुर

लखनऊ । सार्वजनिक क्षेत्र में एआई को अपनाने को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्राम्य विकास विभाग ने कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास जवाहर भवन 10वां तल के सभाकक्ष में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शीर्षक से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम 07 से 08 जुलाई दो दिन ट्रेनिंग सम्पन्न हुयी। प्रशिक्षण का औपचारिक उद्घाटन आयुक्त ग्राम्य विकास जी एस प्रियदर्शी ने किया। इस पहल में ग्राम्य विकास विभाग के 7 जुलाई को आवंटित जनपदों के जिला विकास अधिकारियो व परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को ट्रेनिंग दी गयी और 08 जुलाई को मुख्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को एआई ट्रेनिंग दी गयी।

राज्य तायक्वांडो चैंपियनशिप में सेंट मैरीज के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

1- अभिज्ञान सिंह ने जीता गोल्ड
2- काव्यांत वाजपेयी ने जीता सिल्वर
3- हर्षित ने भी जीता सिल्वर पदक

लखनऊ। वाराणसी के बीएलडब्ल्यू के इंडोर हॉल में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय तायक्वोंडो प्रतियोगिता में सेंट मैरीज़ इंटर कॉलेज, सेक्टर 14, इंदिरा नगर के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यूपी तायक्वोंडो संगठन के महासचिव सीके शर्मा ने विभिन्न वर्गों में आयोजित विजेताओं को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 6 जुलाई के बीच हुआ था, जिसमें 14 जिलों के लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सेंट मैरीज के छात्रों ने कैडेट श्रेणी चैंपियनशिप में भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पदक जीते। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर प्रधानाचार्या शालू कपूर ने बधाई देते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने छात्रों के मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की और कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।

स्पोर्ट्स टीचर और मेंटर धीरज रस्तोगी और सह-शिक्षक श्रवण यादव ने कहा कि छात्रों की इस उपलब्धि में उनके निरंतर प्रयास और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान है।

आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 11 जुलाई तक बढ़ाई गई

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश की अंतिम तिथि को जनहित में बढ़ाकर अब 11 जुलाई तक कर दिया है। पूर्व में यह तिथि 08 जुलाई 2025 निर्धारित थी।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के विशेष सचिव एवं अधिशासी निदेशक, राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद (एस.सी.वी.टी.) अभिषेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण सत्र-2025 हेतु प्रथम चरण चयन परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश लेने के लिए पूर्व में 08 जुलाई तक का समय निर्धारित था। अब यह अवधि पुनरीक्षित करते हुए 11 जुलाई 2025 की रात्रि 12 बजे तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण चयन परिणाम के अंतर्गत चयनित ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है, वे अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र, अंकपत्र, उनकी एक-एक स्वप्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ चयनित संस्थान के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। संबंधित संस्थानों में उपलब्ध चयन सूची से अभ्यर्थी अपना नाम सुनिश्चित करने के उपरांत प्रवेश प्राप्त करें।

वीर पाल सिंह बने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अवध

लखनऊ । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की मंगलवार को आयोजित बैठक में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठन मुख्यालय प्रभारी वीर पाल सिह भदौरिया को प्रदेश अध्यक्ष अवध बनाया गया। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता में वीर पाल सिंह भदौरिया ने कहा कि अवध प्रदेश में किसी भी जिले में जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष तहसील, अध्यक्ष नहीं रहने से संगठन शून्य या निष्क्रिय हो गया था। मैं तीन महीने में संगठन को हर जिलों में मजबूत बनाने का संकल्प लेता हूं। मैं राजधानी लखनऊ में सक्रिय टीम बनाकर संगठन को फिर से मजबूत करूंगा।

उन्नति — पांच वर्षों में अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित अभ्यर्थियों की संख्या चार गुना से अधिक बढ़ी

योगी सरकार के शिक्षुता प्रशिक्षण को लेकर बढ़ा आकर्षण

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने और उन्हें हुनरमंद बनाने के लिए शिक्षुता प्रशिक्षण योजना को नई दिशा दी है। विगत 5 वर्षों में अप्रेंटिसशिप (शिक्षुता प्रशिक्षण) के लिए चयनित अभ्यर्थियों की संख्या चार गुना से अधिक बढ़ गई है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 में जहां 19,937 अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित किया गया था, वहीं 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 84,418 हो गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने न केवल युवाओं को प्रशिक्षण के जरिए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सहयोग कर भविष्य को मजबूत बनाने का अवसर दिया है। 2024-25 में 84 हजार से ज्यादा युवाओं की भागीदारी इस योजना की सफलता का प्रमाण है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में 2020-21 में शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

पहले वर्ष इससे करीब 20 हजार अभ्यर्थी जुड़े थे, जबकि 2021-22 में यह संख्या बढ़कर 36,906 पहुंच गई। इसके बाद 2022-23 में अभ्यर्थियों की संख्या में और इजाफा हुआ और यह बढ़कर 56,940 पर पहुंच गई।

युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई योगी सरकार की इस योजना ने 2023-24 में 71,496 और 2024-25 में 85 हजार का आंकड़ा पार कर विशेष

ऑनलाइन प्रणाली से पारदर्शिता और पहुंच दोनों बढ़ीं

प्रदेश में यह योजना अब राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के रूप में ऑनलाइन पोर्टल से संचालित की जा रही है, जिससे ज्यादा युवाओं को उद्योग और सेवा क्षेत्र से जोड़ने में आसानी हो रही है। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत, प्रत्येक शिशिक्षु को प्रतिमाह 1,000 रुपये की अतिरिक्त सहायता डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है। इसके अलावा, भारत सरकार भी उद्योग या अधिष्ठान द्वारा दी जा रही मासिक राशि का 25 प्रतिशत (अधिकतम 1500 रुपये) प्रतिपूर्ति करती है। कुल मिलाकर एक शिशिक्षु को प्रतिमाह न्यूनतम 7,000 रुपये तक की सहायता मिल रही है।

आरक्षण और संवेदनशील वर्गों को प्राथमिकता

शिक्षुता कार्यक्रम का संचालन शिक्षु अधिनियम 1961 (संशोधित) के अंतर्गत किया जाता है। इसमें नियुक्ति के समय शिक्षु और नियोजक (उद्योग/संस्थान) के बीच अनुबंध किया जाता है, जो प्रशिक्षण पूर्

गुणवत्तापूर्ण व निःशुल्क इलाज सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपमुख्यमंत्री

- देवीपाटन मंडल बनेगा चिकित्सा सेवाओं का राज्य स्तरीय मॉडल : ब्रजेश पाठक
- दवा, डॉक्टर व इलाज - अब हर जरूरतमंद को सुलभ, सुरक्षित व सशक्त सेवाएं सुनिश्चित

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को देवीपाटन मंडल में संचालित चिकित्सा शिक्षा संस्थानों, चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेजों की गहन एवं बिंदुवार समीक्षा की। स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई इस समीक्षा में उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट रूप से रेखांकित की। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को सुलभ, समुचित और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है, और सरकार इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जनपद गोंडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मनकापुर का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद किया और सीएचसी में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था, चिकित्सकों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उपमुख्यमंत्री ने मण्डलीय स्वास्थ्य समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें देवीपाटन मण्डल के सभी चार जनपदों - गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती के स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्रीय विधायक माननीय रमापति शास्त्री, जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती नेहा शर्मा, सीएमओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान श्री पाठक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल में दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिए और सभी मरीजों को निःशुल्क उपचार एवं औषधियां उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि अस्पतालों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को चिन्हित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में दिनवार चादरों के रंग तय कर उनके कठोर अनुपालन तथा स्वच्छता मानकों को उच्चतम प्राथमिकता देने को कहा। यह सुनिश्चित किया गया कि हर अस्पताल स्वच्छ, व्यवस्थित और मरीजों के अनुकूल वातावरण प्रदान करे।

उत्तर प्रदेश की चिकित्सा सेवा मॉडल बनने की दिशा में अग्रसर

श्री पाठक ने देवीपाटन मंडल को चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में राज्य का आदर्श मंडल बनाने की संकल्पबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देवीपाटन मंडल शासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश में सर्वोत्तम बनाने हेतु हम पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य कर रहे हैं।

आपात चिकित्सा प्रबंधन की स्थिति संतोषजनक

श्री पाठक ने जानकारी दी कि कुत्ते, बंदर एवं सांप के काटने जैसे आपात मामलों के इलाज हेतु सभी आवश्यक एंटी रेबीज एवं विषनाशक इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि इस प्रकार के मामलों में उपचार में कोई विलंब न हो और पीड़ित को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए।

चिकित्सकों की नियुक्ति और स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सामान्य चिकित्सकों के रिक्त पदों को जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में मंडलीय स्तर पर आयोजित बैठकों द्वारा भर लिया गया है। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों हेतु शासन को संस्तुतियाँ भेजी गई हैं, जिनमें से कुछ की नियुक्ति भी की जा चुकी है। यह प्रक्रिया स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता और सुदृढ़ता सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम है।

पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता

एक निजी अस्पताल में प्रसूता की मृत्यु के मामले पर उपमुख्यमंत्री ने पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्राप्ति के उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मनोरमा नदी के पुनर्जीवन की ऐतिहासिक पहल का श्रमदान के साथ शुभारंभ

- जनसहभागिता व प्रशासनिक समन्वय के साथ शुरू हुआ अभियान
- डीएम के नेतृत्व में सिसई बहलोलपुर में हुआ श्रमदान कार्यक्रम
- 200 से अधिक लोगों ने दिया श्रमदान का संदेश

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारंपरिक नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन हेतु चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान को आज जनपद गोंडा में एक नई गति मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में मनोरमा नदी के पुनर्जीवन अभियान की विधिवत शुरुआत जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक इटियाथोक अंतर्गत सिसई बहलोलपुर गांव से हुई। यह महज एक प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि जनसामान्य की आस्था, संस्कृति और पर्यावरणीय चेतना से जुड़ा पुनरुत्थान है।

पंडरी कृपाल, इटियाथोक, रुपईडीह एवं मुजेहना ब्लॉकों से आए ग्रामीणों, युवाओं, ग्राम प्रधानों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों सहित 200 से अधिक लोगों ने इस अवसर पर श्रमदान कर इस पहल को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने श्रमदान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा, ÷मनोरमा नदी केवल एक जल स्रोत नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक स्मृति, परंपरा और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का प्रतीक है। इसका पुनर्जीवन जनपदवासियों के स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है और यह कार्य प्रशासन व जनमानस की साझी जिम्मेदारी है।÷ इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकित जैन समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

नदी के पुनर्जीवन के लिए बहुस्तरीय और बहुआयामी कार्य योजना बनाई गई है। गोण्डा-बलरामपुर रोड से लेकर ताड़ी लाल गांव तक नदी की गाद और अतिक्रमण को हटाकर जलधारा को पुनः प्रवाहित किया जाएगा। इसके लिए जेसीबी और पोकलैंड मशीनों से सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही नदी के दोनों किनारों पर पीपल, नीम और पाकड़ जैसी देशी प्रजातियों के वृक्षों का रोपण कर हरियाली और जैव विविधता को पुनर्स्थापित करने की योजना है। वन विभाग को वृक्षारोपण की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सिंचाई विभाग को नदी के प्रवाह पथ और संरचना का तकनीकी आकलन करने का दायित्व सौंपा गया है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विभागीय समन्वय की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

जन-सहभागिता से पुनर्जागरण की ओर एक निर्णायक कदम

ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी समूहों को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम न रहकर सामाजिक चेतना का सशक्त उदाहरण बन सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह पहल जन-सहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण, हरित विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर एक निर्णायक कदम है।

पहली बार योगी सरकार ने ली सुध

मनोरमा नदी का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व अत्यंत समृद्ध रहा है। लगभग 115 किलोमीटर लंबी यह नदी गोंडा जनपद के तिर्रे ताल से निकलकर बस्ती जिले के महुली क्षेत्र में कुआनों नदी से मिलती है। इसका उल्लेख पुराणों में महर्षि उद्दालक की पुत्री मनोरमा के नाम से मिलता है और यह मखौड़ा धाम के समीप बहती हुई धार्मिक आस्था का केंद्र रही है। बीते वर्षों में इसके अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो गया था, किन्तु अब पुनर्जीवन की इस पहल ने गोंडा की धरती को एक बार फिर सांस्कृतिक चेतना और पर्यावरणीय सशक्तिकरण का केंद्र बनाने की दिशा में अग्रसर कर दिया है।

कंपनी चलवा रही है एक ही नंबर के दो सिम उपभोक्ता हो रहे हैं परेशान

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

- फर्जी बाड़े में शामिल लोगों की जांच की मांग

सरकार ने मोबाइल कंपनियों के सिमकार्ड के दुरूपयोग पर लगाम लगाने के लिए तमाम कायदे-कानून बनाए हैं, लेकिन जो हकीकत सामने आई है, वह न सिर्फ चौंकाने वाली है, बल्कि उच्च स्तरीय जांच का विषय है। सिम कार्डों की बिक्री और उसे बंद करने में किया जा रहा खेला, तमाम तरह के सवाल खड़े करता है।

जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के काजीदेवर गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपने आधार कार्ड पर वोडाफोन (अब वीआई) का सिम कार्ड करीब 08 साल पहले रिटेलर से लिया था। आधार कार्ड वेरीफिकेशन के लिए वोडाफोन कंपनी से कॉल आया। नंबरों का मिलान होने के बाद सिम कार्ड एक्टीवेट हुआ, तब से लगातार काम कर रहा था। करीब एक सप्ताह पूर्व रिचार्ज खत्म हो गया और जब बैलेंस डलाया गया तो नेट काम नहीं किया। इस पर कंपनी के टोल फ्री नंबर पर कॉल करने पर बताया गया कि साइबर से संबंधित कॉल या मैसेज किए जाने के कारण सारी सेवाएं बंद कर दी गयी हैं। सलाह दी गयी कि जिस डाक्यूमेंट से सिम कार्ड लिया गया हो, उसे लेकर वीआई स्टोर जाएं, वहां सिम कार्ड को पुनः चालू कर दिया जाएगा। वोडाफोन उपभोक्ता ने बताया कि मंगलवार को जब वह शहर के सर्कुलर रोड स्थित वीआई (वोडाफोन) के मिनी स्टोर पर गया तो बताया गया कि सिम कार्ड दूसरे नाम से है। यह सुनकर उपभोक्ता हक्का-बक्का रह गया। सिम कार्ड को दोबारा चालू कराने के लिए वहां मौजूद आपरेटर (कर्मचारी) द्वारा 500 रूपए मांगे गए और कहा कि 90 दिन बाद सिम कार्ड दोबारा चालू हो पाएगा। इस पर उक्त वोडाफोन उपभोक्ता एलबीएस कॉलेज चौराहे के पास स्थित वीआई स्टोर पहुंचा। वहां भी सिम कार्ड की आईडी चेक की गयी तो पता चला कि करनैलगंज के किसी रईस नाम के व्यक्ति के आधार कार्ड पर उक्त सिम कार्ड है। यहां भी इसे चालू करने की मियाद तीन महीने बताई गई। हालांकि, किसी तरह का खर्चा न लगने की बात कही गयी। इसी तरह मोतीगंज का एक अन्य युवक भी परेशान नजर आया। उसने बताया कि उसकी भी सिम बंद कर दी गयी है। पूछने पर दूसरे की आईडी बताया जा रहा है जबकि उसने अपना आधार कार्ड देकर सिम कार्ड लिया था। इसी तरह कोतवाली देहात के खोरहंसा के रहने वाले रमजान, दौलतपुर के मन्नू, दर्जीकुआं के नरेश यादव, सैदवापुर के राजाराम समेत तमाम लोगों की समस्याएं हैं। इन वीआई उपभोक्ताओं का कहना है कि इन्होंने करीब आठ-दस साल पहले अपने आधार कार्ड और फोटो पर सिम कार्ड लिया था लेकिन अचानक सारी सेवाएं बंद कर दी गयीं। जब वे वीआई स्टोर पहुंचे और सिम कार्ड बंद किए जाने के बारे में जानकारी चाही तो उन्हें बताया गया कि उनका सिम कार्ड किसी दूसरे व्यक्ति के आधार कार्ड से लिंक है। इसलिए इस नंबर को बंद कर दिया गया है। यहां बड़ा सवाल यह है कि जब उपभोक्ताओं द्वारा रिटेलर को अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी दी जाती है। बाकायदा फोटो लिया जाता है और कंपनी से आधार कार्ड वेरीफिकेशन किया जाता है, उसके बावजूद इतना बड़ा खेल कैसे किया जा रहा है और इसके पीछे कौन हो सकता है? कहीं उपभोक्ताओं के आधार कार्ड पर कई सिम कार्ड निकालकर धोखाधड़ी या अनैतिक गतिविधियों में तो नहीं इस्तेमाल किया जा रहा है? बहरहाल, यह बहुत ही गंभीर मामला है और उच्च स्तरीय जांच का विषय है।

किशोर जेल से भागे तीन बाल अपचारी , पुलिस ने एक को पकड़ा

गोंडा, समृद्धि न्यूज। अपराधिक मामले में किशोर जेल लाए गए तीन बाल अपचारी अचानक भाग निकले। इस में से एक किशोर को पुलिस ने पकड़ लिया। दो की तलाश की जा रही है। बहराइच जिले से तीन बाल अपचारी को गोंडा के अयोध्या मार्ग स्थित पराग डेरी के पास बाल संरक्षण गृह में लाया गया था। सोमवार की देर रात्रि को तीनों शौचालय में शौच करने गए। वहीं खिड़की की पेच को खोल कर बाल संरक्षण गृह के बगल बने एक नर्सिंग होम के छत से भाग निकले। काफी देर तक जब शौचालय से नहीं निकले तो दरवाजा खुलवाया गया। तब भागने की जानकारी हुई। घटना की सूचना बाल संरक्षण गृह के प्रशासन नगर पुलिस को दिया पुलिस ने घेरा बंदी कर के एक किशोर बाल अपचारी को पकड़ लिए। बाकी दो की तलाश की जा रही है।नगर पुलिस ने बाल अपचारी को अपने हिरासत में ले लिया है। बाल अपचारी की भागने की भनक लगते ही जिले में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी देने से प्रशासन बच ता रहा है। बहराइच जिले से तीन बाल अपचारी को गोंडा के बाल संरक्षण गृह में लाया गया था। जिस में से एक हत्या के मामले में अभियुक्त था दो को चोरी के मामले में था। तीन बहराइच जिले के थे। एक साथ काफी दिनों से साथ में रहते थे। तीनो बाल अपचारी ने मिलकर भागने का प्लान बनाया था। तीनो एक साथ शौचालय के कमरे में गए और वहां की खिड़की का पेच खोल कर भाग निकले। पुलिस ने हत्या के मामले में लाया गया ।बाल अपचारी जो भगा था। उस को घेरा बंदी कर के पकड़ लिए है। बाकी दो की तलाश कर रही है ।

खबरें एक नजर में

तेज रफ्तार डीसीएम ने बैटरी रिक्शा को मारी टक्कर, चालक सहित पांच बच्चे घायल

गोंडा, समृद्धि न्यूज। मंगलवार अपरान्ह लगभग 2:00 बजे स्कूल से घर आते समय नुमाइश मैदान के पास एक बैटरी रिक्शा को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी जिससे उस पर बैठे पांच बच्चे एवं चालक राजकुमार साहू समेत छह लोग घायल हो गए। इस घटना में रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बैटरी रिक्शा में टक्कर मारने के बाद डीसीएम चालक फरार हो गया। घायलों में कुमारी वैष्णवी सात वर्ष गंभीर घायल है। शिवा 7 वर्ष, आराध्या 7 वर्ष, शौर्य पांडे 5 वर्ष एवं सरस पांडे 11 वर्ष शामिल हैं यह सभी नगर कोतवाली के मिश्रौलिया चौकी अंतर्गत जानकी नगर के चमन फुरवा के निवासी हैं। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। उपचार के बाद सभी बच्चों को घर रवाना किया गया। समाचार लिखे जाने तक सभी बच्चे सुरक्षित थे। डीसीएम की सीसी फुटेज निकालकर उस पर कार्रवाई करने की जद्दोजहद चल रही है।

डीएम ने गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर दिखाई सख्ती, बीएसए का रोका वेतन

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) को कड़ा नोटिस जारी किया है। इस क्रम में उन्होंने तत्काल प्रभाव से बीएसए का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश भी दिए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में स्पष्ट निर्देश देने के बावजूद मान्यताविहीन विद्यालयों के संचालन पर रोक नहीं लगाई गई है, जिससे यह प्रतीत होता है कि विभागीय स्तर पर लापरवाही या स्वार्थवश संरक्षण की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिलाधिकारी ने दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा है और चेतावनी दी है कि यदि तत्काल प्रभाव से ऐसे विद्यालयों की बंदी और उनके संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य कोषाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे बीएसए का वेतन अग्रिम आदेशों तक स्थगित रखें।

दुर्घटना में मृत वृद्ध की हुई पहचान

झझरी /गोंडा, समृद्धि न्यूज। रविवार के दिन इटिया थोक थाना क्षेत्र के सिसई बहलोल पुर ग्राम के पास एक ,65 वर्षीय सालिक राम पुत्र छोटे निवासी राम पुर थाना मोती गंज सड़क दुर्घटना में बुरी तरह से घायल हो गया था। जिस को इलाज के लिए सुरेन्द्र मिश्रा पुत्र अयोध्या प्रसाद मेडिकल कालेज लाए थे। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया था। पहले इनकी पहचान नहीं हो सकी थी। दो दिनों तक लाश अस्पताल के मर्चरी में रखी हुई थी। सोमवार के दिन सालिक राम के परिजनों ने शव को देख कर पहचान किया। नगर पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया है।

नानपारा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी को दबोचा

नानपारा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

कोतवाली नानपारा पुलिस को एक अहम कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में कस दिया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह, उपनिरीक्षक आलोक सिंह तथा कांस्टेबल हिमांशु सिंह शामिल थे। इनकी टीम ने विशेष प्रयास करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित चल रहे आरोपी नीरज पुत्र जगतनारायण (उम्र 29 वर्ष), निवासी साई मड़ैया को अग्नू पुरवा के पास से गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी नीरज काफी समय से फरार चल रहा था, जिसे पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। लेकिन सटीक सूचना और सक्रियता के चलते पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

मनरेगा में भ्रष्टाचार : बिना काम का चलाया जा रहा मास्टर रोल

- एक ही फोटो कई बार अपलोड, वीडीओ ने शुरू की जांच

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शिवपुर ब्लाक क्षेत्र में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार की जा रही है। कहीं बिना काम का मास्टर रोल तो कहीं एक ही फोटो कई बार अपलोड कर अधिकारियों को गुमराह के साथ भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ब्लाक क्षेत्र के चंदेला कला में जिस काम का जिक्र कर मास्टर रोल चलाया जा रहा है। वह काम कबका पूर्ण हो चूका है। लेकिन मास्टर रोल अभी भी फोटो बदल बदल कर चलाया जा रहा है। एक ही फोटो कई मास्टर रोल पर अपलोड किया गया है। शनिवार और रविवार को 125-125 श्रमिक जबकि सोमवार को 175 श्रमिक अपलोड किए गए। मंगलवार दोपहर तीन बजे तक एक भी श्रमिक अपलोड नही किए गए। नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि काम कबका मिट्टी चटा चटाकर खानपूर्ति कर दिया गया है। लेकिन श्रमिकों की उपस्थिति अभी भी दर्ज की जा रही है। ग्राम सचिव कमला प्रसाद आर्या से दूरभाष पर जानकारी ली गई तो उन्होंने कार्य होने को लेकर अनभिज्ञता जताई। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अंकित सिंह यादव ने बताया कि हम बाहर है। वृक्षारोपण की तैयारी चल रही है। जांच करवाते हैं। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन फोन नही उठा।

रक्तदान शिविर का आयोजन

बहराइच समृद्धि न्यूज़ सीएचसी शिवपुर परिसर में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञसैनी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. नलिन राजा, डॉ. विकास सिंह, अनुराग मणि मिश्रा, रवि त्रिवेदी, अर्जुन भारती, कंचन कुमारी, प्रियांशु राय, विष्णु पाठक, दुर्गेश सिंह आदि लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. कमला के नेतृत्व में रक्त संग्रहित टीम से आए अनिल कुमार श्रीवास्तव, वैभव मिश्रा, हेमंत कुमार, नूर मोहम्मद ने रक्त संग्रहित किया। डा. कमला ने बताया कि युवाओं को रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जिससे जरूरत मंद लोगों को इलाज के दौरान सुविधा मिल सके।

वृक्षारोपण अभियान सिर्फ एक कार्य नहीं, बल्कि हमारी धरती के प्रति कर्तव्य है

- सीएचसी पयागपुर में वृहद पौधरोपण अभियान, विधायक व स्वास्थ्य कर्मियों ने किया आह्वान

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

हम प्रकृति की छांव में जीवन जीते हैं, इसलिए उसका संरक्षण हमारी नैतिक जम्मिदारी है।÷ - इसी संदेश के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर परिसर में आज वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने पौधरोपण कर किया। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा, ÷प्रकृति हमारी जननी है, इसकी रक्षा करना हमारे संस्कारों में होना चाहिए। एक वृक्ष, सिर्फ ऑक्सीजन का स्रोत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा का प्रतीक है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि ÷वृक्ष पर्यावरण संतुलन के सबसे बड़े रक्षक हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने होंगे और पौधरोपण सबसे सरल व सशक्त उपाय है।÷ उन्होंने कहा हर एक पौधे के साथ हमारा एक संकल्प जुड़ा है, ÷हरियाली से ही हमारी साँसों की शुद्धता और भविष्य की सुरक्षा संभव है। बीपीएम अनुपम शुक्ल ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार सीएचसी पयागपुर को 1000 वृक्षों के रोपण का लक्ष्य सौंपा गया है, जिसे सीएचसी, सभी पीएचसी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की भूमि पर पूरा किया जाएगा। इसी क्रम में सभी आशा कार्यकर्ताओं को भी दो-दो पौधे रोपित करने हेतु प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन की चेतावनी

- खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर ग्राम प्रधान ने सौंपा ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय के नजदीक स्थित टेक होम राशन में गड़बड़ घोटाला का गंभीर आरोप लगाते हुए बेहडा ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह ने मंगलवार शाम खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आमरण अनशन की चेतावनी दी है। सूर्य प्रकाश सिंह का आरोप है कि तिरंगा महिला उद्योग(टेक होम राशन) में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्य विकास अधिकारी को बीते 23 मई को शिकायती पत्र सौंपकर जांच करवाने की मांग की थी। जिस पर विधायक महसी ने भी संसुति की थी। लेकिन 8 जुलाई तक न कोई जांच हुई और न ही किसी दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई हुई। जबकि मेरे प्रार्थना पत्र से पहले ब्लॉक प्रमुख ने भी जांच के लिए शिकायती पत्र दिया है। सूर्य प्रकाश सिंह का कहना है, कि क्षेत्र पंचायत की बैठक में भी जांच एवं कार्यवाही की मांग की गई थी। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। 20 जुलाई तक यदि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए 21 जुलाई से ब्लाक मुख्यालय पर आमरण अनशन किया जाएगा।

जनसंख्या स्थिरता के लिए साझी जिम्मेदारी जरूरी : डीएम

बहराइच, समृद्धि न्यूज। हर वर्ष की तरह इस बार भी 11 जुलाई को मनाया जाने वाला विश्व जनसंख्या दिवस इस बार केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि 21 दिनों का एक सक्रिय अभियान है—जिसे स्थिरता पखवाड़ा के रूप में 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवार नियोजन को अपनाकर समाज को सशक्त, संतुलित और स्वस्थ बनाना है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या केवल संसाधनों पर बोझ नहीं डालती, बल्कि इसका असर महिलाओं की सेहत, युवाओं के अवसर और सामाजिक संतुलन पर भी पड़ता है। इस वर्ष की थीम ‘लैंगिक समानता, युवाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और परिवारों में संतुलन को ध्यान में रखते हुए यह कोशिश की जाएगी कि परिवार नियोजन सिर्फ जनसंख्या स्थिरीकरण नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने का साधन भी है।

- विश्व जनसंख्या दिवस से 31 जुलाई तक चलेगा सेवा और जागरूकता पखवाड़ा

नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ संतोष राना ने बताया कि अभियान दो चरणों में चल रहा है—पहले चरण में (27 जून-10 जुलाई) आशा और एएनएम कार्यकर्ता घर-घर जाकर नवविवाहित और लक्षित दंपत्तियों को गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी और परामर्श दे रही हैं। दूसरे चरण में (11-31 जुलाई) सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों पर नसबंदी, अंतरा इंजेक्शन, आईयूसीडी, माला-एन, छाया गोलियाँ जैसी निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

नवविवाहित जोड़ों को ‘शगुन किट’ दी जाएगी और सभी केंद्रों पर ‘कंडोम बॉक्स’ लगाए जाएंगे ताकि लोग बिना झिझक साधनों को ले सकें। उन्होंने बताया वित्तीय वर्ष 2024-25 में अस्थायी साधनों में 61,256 महिलाओं ने अंतरा, 30,586 ने पीपीआईयूसीडी, और 15,374 ने आईयूसीडी को अपनाया है। 4.12 लाख से अधिक कंडोम, 98 हजार ओसीपी और 76 हजार छाया गोलियाँ वितरित की जा चुकी हैं। स्थायी साधनों में 28 पुरुष नसबंदी और 4435 महिलाओं को नसबंदी की सेवा दी जा चुकी है।

पुरुषों की भूमिका भी है अहम

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि परिवार केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है। पुरुषों को भी बराबर की भागीदारी निभानी चाहिए। नसबंदी जैसे स्थायी उपायों को अपनाकर वे न सिर्फ अपनी पत्नी की सेहत की चिंता कर सकते हैं बल्कि परिवार की खुशियों और भविष्य को सुरक्षित भी बना सकते हैं। यही सच्चा साथ है—जहां जिम्मेदारी और निर्णय दोनों साझे होते हैं।

हर महिला को सम्मान

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि यह अभियान हर परिवार को विकल्प, हर महिला को सम्मान देने की दिशा में एक संगठित प्रयास है जिसमें जनभागीदारी सबसे अहम है।

कलेक्ट्रेट में सम्मानित हुए गोल्ड मेडल विजेता भूपेंन्द्र प्रताप सिंह

बहराइच, समृद्धि न्यूज। मथुरा के बीएसए कॉलेज में विगत शुक्रवार को सम्पन्न हुई 27वीं प्री-यूपी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप की 10 मी. एअर राइफल स्पर्धा में जनपद के भूपेंद्र प्रताप सिंह ''सजल'' को गोल्ड मेडल जीतने पर कलेक्ट्रेट कक्ष में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मकेश चन्द्र द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं गोल्ड मेडल पहनाकर भूपेंद्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने कहा कि श्री सिंह के गोल्ड मेडल जीतने से आकांक्षी जनपद के युवा खिलाड़ी प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निशानेबाज़ एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रमाणित कोच तथा अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के प्रबन्धक अनिल कुमार पाल, राष्ट्रीय निशानेबाज गगनदीप सिंह, क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि तजवापुर रमाकर पाण्डेय, मोनू सिंह व अवधेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

वृक्षारोपण अभियान की सफलता को लेकर हुई बैठक

- एक पेड़ मां के नाम के साथ एक पेड़ गुरु के नाम भी लगाए: नोडल अधिकारी
- रोपित पौधों की अपने बच्चों की तरह करें सुरक्षा: नोडल अधिकारी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उप्र शासन/नोडल अधिकारी सुभाष चन्द शर्मा की अध्यक्षता में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम-2025 को सफल बनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

नोडल अधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष जायसवाल से जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा पौधों के उठान एवं अन्य तैयारियों के बारे में जानकारी ली। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद में 53 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष लगभग 56 लाख पौध तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग को लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का उठान करने के निर्देश दे दिए गए हैं। चिन्हित स्थलों पर गड्ढे खोदने का कार्य भी कर लिया गया। नोडल अधिकारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जन-जन तक यह संदेश पहुंचाएं की मां के साथ एक पौधा अपने गुरु के नाम का भी लगाए। उन्होंने कहा कि पेड़ स्वास्थ्य लाभ के साथ प्रसन्नता भी देते हैं। अतः खुशी के कार्य को पूरी तन्मयता से करें। उन्होंने बैठक में मियांवाकी पद्धति से पिछले वर्ष लगाए गए पौधों की भी जानकारी ली। कार्यक्रम में व्यापार मंडल व स्वैच्छिक संगठनों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के बाद सबसे बड़ी जिम्मेदारी उनकी सुरक्षा की है इसके लिए समय-समय पर पौधारोपण स्थलों का निरीक्षण किया जाए। किसानों को कम से कम 10 पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए।

नोडल अधिकारी ने दरियापुर और शोरा पौधशाला का किया निरीक्षण

बैठक के उपरांत नोडल अधिकारी ने दरियापुर और शोरा स्थित पौधशाला का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने नर्सरी में लगाए जाने वाले पौधों की गुणवत्ता देखी। उन्होंने पौधशाला में कार्य कर रहे कर्मचारियों से भी पौधरोपण के संबंध में चर्चा की।

जिला अस्पताल में आईसीयू वार्ड की शुरुआत

रायबरेली। जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू वार्ड बनकर तैयार हो गया है, जो 24 घंटे चलेगा। आईसीयू वार्ड जिला अस्पताल के सीएमएस पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि आईसीयू वार्ड में गंभीर मरीजों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है, जिसे पूरा करने के लिए एडी को पत्र लिखा गया है।

गंभीर मरीजों को मिलेगी राहत: आईसीयू वार्ड की शुरुआत से गंभीर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। ब्रेन स्ट्रोक, दिल की बीमारियों, सांस लेने में तकलीफ, सर्प दंश और आर्गन फेल्योर जैसे गंभीर मरीजों का इलाज अब रायबरेली जिला अस्पताल में ही हो सकेगा। इससे मरीजों को लखनऊ या अन्य बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

आधुनिक सुविधाओं से लैस है आईसीयू वार्ड

आईसीयू वार्ड में मरीजों को सांस लेने में मदद करने के लिए वेंटिलेटर की सुविधा होगी। इसके अलावा हार्ट मॉनिटर, फीडिंग ट्यूब्स और ड्रैंस और कैथेटर जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को बेहतर इलाज और देखभाल मिल सकेगी।

खबरें एक नजर में

महिला से पर्स छीन कर भागे लुटेरे

डलमऊ, रायबरेली। क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए अपराधियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दे डाला वहीं पुलिस हाथ मसलते रह गई जनपद के पुलिस विभाग के मुखिया डॉ यशवीर सिंह के कड़े निर्देशों के बाद भी डलमऊ पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है ताजा मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र का है जहां बाइक सवार लुटेरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए एक महिला का रुपयों से भारा पर्स एवं मोबाइल छीन कर फरार हो गए वही डलमऊ पुलिस छिनैती का मुकदमा दर्ज करने के बाद भी घटना से इनकार कर रही है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरी पोस्ट भीमगंज निवासी सावित्री देवी पत्नी रमेश कुमार ने कोतवाली में दिए गए तहरीर में बताया है कि वह दिनांक 07/07/25 दिन सोमवार को अपने देवर दिलीप कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर रायबरेली दवा लेने के लिए जा रही थी उसने अपने हाथ में एक पर्स ले रखा था जिसमें 35000 रुपए नगद एवं एक मोबाइल था जैसे ही वह घुरवारा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत छोटी नहर के पास पहुंची तभी पीछे से आए अज्ञात मोटरसाइकिल सवार लोगों ने उसका पर्स छीन लिया और फरार हो गए सूचना के बाद मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस गली गलीयारों की खाक छानती रही लेकिन लुटेरों को ढूंढने में नाकाम रही पीड़िता ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करते हुए उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है वही इस संबंध में क्षेत्राधिकार डलमऊ अरुण कुमार नवहार से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया है कि लूट की घटना नहीं हुई है एक महिला का बैग लेकर भाग गए थे जिसमें मुकदमा दर्ज किया गया है तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

खून से लथपथ हालत में मिला शराब ठेके का सेल्समैन, गंभीर

रायबरेली। परशदेपुर के साकेत नगर के पास स्थित देशी शराब ठेके में सेल्समैन संदिग्ध परिस्थिति में खून से लथपथ पड़ा मिला। जानकारी होते ही अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सेल्समैन की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक शहर के मुरैयापुर निवासी आकाश जायसवाल परशदेपुर के साकेत नगर के पास स्थित शराब ठेके में सेल्समैन का काम करते हैं। वह रात में ठेके में ही सोते हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह ठेके में कैंटीन चलाने वाले युवक ने आकाश को आवाज दी, लेकिन आकाश को खून से लथपथ देख युवक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर आस पास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। इसी दौरान आकाश के रिश्तेदार भी वहां पहुंच गए। युवक की मानें तो सभी लोगों के आवाज देने पर आकाश ने उठकर केबिन का दरवाजा खोला और गिरकर बेहोश हो गया। इस पर आनन फानन एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक का कहना है कि युवक के गले व हाथ में कटने के निशान हैं, जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आकाश के मोबाइल में मिले वीडियो से प्रथम दृष्टया तो आत्महत्या के प्रयास का मामला प्रतीत होता है। फिलहाल ठेके के सीसी कैमरों की जांच की जा रही है, जिसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बारिश के लिए बच्चों ने खेला पारंपरिक खेल काल कलौटी

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। तहसील क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत न्याय पंचायत क्षेत्र बरसंडा की ब्यौरेमऊ ग्राम सभा में मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने बारिश के देवता इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए पारंपरिक खेल काल कलौटी खेला। बरसात के दिनों में जब लंबे समय तक बारिश नहीं होती तो पुरानी मान्यता है कि काल कलौटी खेला करते थे। काल कलौटी के खेल में बच्चों को बड़े बुजुर्गों द्वारा कच्ची जमीन पर पानी डाल कर उसी में लोटाया जाता है।बड़े बुजुर्गों का मानना है कि इस खेल से इंद्र देवता प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा से बारिश होती है। इसी मान्यता को लेकर बच्चों ने कई झुंड बनाकर इस पारंपरिक खेल काल कलौटी को खेला जिसमें कई गांवों के बच्चे शामिल रहे। इस तरह की प्राचीन पारंपरिक मान्यताएं आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जीवित हैं।

एएसपी ने ली पुलिस लाइन में परेड की सलामी

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम परेड का मान-प्रणाम ग्रहण करते हुए परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात अधिकारियों, कर्मचारियों को कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान एवं जनमानस से उचित व्यवहार, अपराधों की रोकथाम एवं समाज में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक हिदायतें दी गयी । इसी क्रम में जनपद रिजर्व पुलिस लाइन के भोजनालय, बैरिकों की साफ-सफाई, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्द, स्टोर, कैश तथा गणना कार्यालय का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अवलोकन कर अद्यावधिक रखने हेतु संबन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

महिला पुलिस चौकी जामो पर आशा व एएनएम को किया गया जागरूक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं छात्राओं में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की भावना को सशक्त करने हेतु महिला सहायता चौकी थाना जामो पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों एवं एएनएम के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें महिला संबंधित अपराधों, साइबर क्राइम एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। संवाद कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई जिसमें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा तथा 1098 चाइल्ड लाइन शामिल हैं। साथ ही थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क, महिला कल्याण संबंधी शासन की योजनाएं, ऑनलाइन पोर्टल और शिकायतों को गोपनीय तरीके से दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को शासन द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों को जानने और किसी भी संकट की स्थिति में निर्भीक होकर सहायता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

दिव्यागजनों ने किया सरकार का अनोखा विरोध

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद के दिव्यागजनों ने प्रदेश सरकार का अनोखा विरोध किया है। जनपद के दिव्यागजनों का कहना है कि यदि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धन नहीं है तो हम लोगों का कर्तव्य बनता है कि सरकार की मदद करें। सरकार के लिए धन की व्यवस्था करें। भारतीय जागृति मिशन दिव्यांग संघ के सदस्यों ने कस्बा अमेठी में दानपात्र लेकर कस्बे के दुकानदारों से सरकार का विकास कार्यों में खर्च करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु भीख मांगी। भारतीय जागृति मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा इस तरह से धनराशि एकत्रित कर के प्रदेश सरकार के राजस्व खाते में जमा करेंगे जिससे कि सरकार को विकास कार्यों में बल मिलेगा।

ट्रक की टक्कर से गिरा लोहे का ओवरब्रिज, बाल-बाल बचे लोग

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ-प्रयागराज एनएच-30 मार्ग पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रतापुर के गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के पास एक तेज़ रफ्तार ट्रक ट्राला, जिसमें पोकलैंड मशीन लदी हुई थी, लोहे के ओवरब्रिज से टकरा गया। इस टक्कर के कारण ओवरब्रिज टूटकर रोड पर गिर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया और लंबा जाम लग गया।

जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान: जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को मौके पर भेजा। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्राला बहुत ही तेज़ रफ्तार में था और लखनऊ से प्रयागराज मार्ग पर जाते समय ओवरब्रिज से टकरा गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और कोई जनहानि नहीं हुई।

डायवर्जन करके चालू करायी गयी रोड

घटना के बाद रोड पर लंबा जाम लग गया था, जिसे डायवर्जन करके रोड को चालू करा दिया गया है। इस घटना से यह साफ होता है कि तेज़ रफ्तार और लापरवाही कितनी खतरनाक हो सकती है। लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर अक्सर इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें तेज़ रफ्तार और लापरवाही के कारण बड़े हादसे होते हैं।

लो वोल्टेज की समस्या को लेकर प्रधानों ने दिया ज्ञापन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

महराजगंज विद्युत वितरण खण्ड के चंदापुर फीडर से जुड़े पहरेमऊ न्याय पंचायत के गांवों में लो वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या से परेशान किसानों की धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। समस्या को लेकर पहरेमऊ न्याय पंचायत के 7 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर लो वोल्टेज की समस्या व बिजली ट्रिपिंग की समस्या से क्षेत्र को निजात दिलाने की मांग की है। समस्या से निजात न मिलने पर हजारों उपभोक्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन की बात कही है।

बताते चलें कि महराजगंज विद्युत वितरण खण्ड के चंदापुर फीडर से जुड़े पहरेमऊ न्याय पंचायत की सात ग्राम पंचायतों सहित तमाम गांव को बिजली दी जाती है। लेकिन गर्मी के मौसम में बिजली की स्थिति बहुत ही खराब है। क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या पूर्व से ही है लेकिन इस बार तो क्षेत्र के नलकूप व कारखाने लो वोल्टेज की वजह से बंद पड़े हैं। जिससे किसानों की धान की रोपाई ठप्प है। जिससे लोगों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश है। मंगलवार को खैरहना, पहरेमऊ, असर्फाबाद, पहरावां, ओया, बघैल, बहादुर नगर के ग्राम प्रधानों ने अधिशासी अभियंता संदीप कुमार को लो वोल्टेज व बिजली ट्रिपिंग को लेकर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने बताया कि क्षेत्र की 35000 की आबादी लो वोल्टेज व बिजली ट्रिपिंग की समस्या से प्रभावित हैं। ग्राम प्रधानों ने बताया कि नलकूप व कारखाने बंद हैं,धान की रोपाई ठप्प है।गर्मी से लोग परेशान हैं बारिश में रोपी गई फसल सूख रही है। बिजली 24 घंटे में मात्र तीन से चार घंटे ही मिल रही है। उसमें भी लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है। ग्राम प्रधानो का कहना है कि लो वोल्टेज आने से लोगों के मोटर नहीं चल पा रहे हैं आए दिन नलकूपों की मोटर जल रही हैं। बिजली आते ही शुरुआत में 10 से 15 मिनट चलते हैं उसके बाद हम लोगों के मोटर बंद हो जाते हैं। ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने लो वोल्टेज की समस्या से निजात न मिलने पर ग्रामीणों के साथ ज्ञापन में धरना प्रदर्शन की बात कही है। जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। अधिशासी अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि समस्या संज्ञान में आयी है, जल्द ही लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल जाएगी। ज्ञापन देने वालों में प्रधान प्रतिनिधि ऋषि सिंह, संतोष सिंह, राजू, रामकिशोर यादव, दशरथ सिंह, ग्राम प्रधान राम गुलाम व भाजपा नेता सुंदर यादव भी मौजूद रहे।

आरटीओ ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

आरटीओ प्रवर्तन अंबुज ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार रोड पर एक्सीडेंट सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करना और जो शिकायतें मिल रही थी की रोडों पर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के गाड़ियां फराटे भर रही है ओवरलोड वाहन चल रहे हैं उसी के तहत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लगभग 15 गाड़ियों का चालान किया गया है सरकार की जो मंशा है सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि न हो पाए उसमें कमी लाई जाए उसी के तहत लोगों को जागरूक करने और बिना फिटनेस स्कूली वाहन हो ओवर लोड ट्रक डंपर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए चल रही गाड़ियों के चालान किए गए हैं और यह नियंत्रण जारी रहेगा क्योंकि मैने अभी जल्दी ही रायबरेली जॉइन किया है इससे पहले मैं कानपुर नगर में रहा हूं रायबरेली की रोडो को भी समझ रहा हूं और जल्दी जो भी दिक्कतें सड़क सुरक्षा को लेकर आरही है उस पर काम किया जाएगा और मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि जो भी अनफिट गाड़ियां बिना परमिट के फराटे भर रही है उन पर लगाम लगाया जाए।

सार्वजनिक रास्ता मांगने पर युवक को मिली जान से मारने की धमकी

खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

मामला खीरो थाना क्षेत्र के नुनैरा का है जहां के रहने वाले अंजनी कुमार ने पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम समाज की जमीन से सार्वजनिक रास्ते की मांग कर रहा हूं जिस रास्ते से हजारों लोग आते जाते लेकिन उस रास्ते को दबंग भूमिया कब्जा कर रखे हैं यह रास्ता बाधित होने की वजह से आम जनमानस को बहुत बड़ी समस्याएं होती हैं दबंग भू माफिया इस ग्राम समाज की जमीन से लोगों को आने जाने नहीं देते लेकिन पीड़ित काफी समय से रास्ते की मांग कर रहा है शिकायती पत्र कई बार दे चुका है पीड़ित का आरोप है जिम्मेदार अधिकारी नजर अंदाज करते हैं जिस वजह से भू माफिया पैरवी करने वाले लोगों को भद्दी भद्दी गाली व जान से मारने की धमकी देते हैं और मुकदमा भी पीड़ित पर लिखवा दिए हैं फिर हाल पीड़ित लगातार पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी कार्यालय के चक्कर लगा रहा है सार्वजनिक रास्ते के लिए वही जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं अब देखना होगा पीड़ित को रास्ता कब मिलता है।

अड़गड़ानंद आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर दिव्य कार्यक्रम व भंडारे का होगा आयोजन

महराजगंज रायबरेली। 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा को होगा भंडारा जुटेंगे हजारों भक्त करेंगे गुरु महाराज की पूजा। तहसील क्षेत्र के भौसी मजरे डोमापुर गांव मे कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी मौजूदा चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू के पिता सत्यनारायन गुप्ता के द्वारा लगभग 12 बीघा जमीन अड़गड़ानंद महाराज को दान की गई थी जिस पर एक भव्य आश्रम की स्थापना

की गई। और यह आश्रम क्षेत्र में लोगों को धर्म का पाठ पढ़ाता है और साथ-साथ धर्म की अलख जगाता है। आज अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू की राइस मिल पर मीडिया को संबोधित करते हुए अड़गड़ानंद महाराज के परम शिष्य मुरारी नंद महाराज ने बताया कि आगामी गुरु पूर्णिमा को 10 तारीख को विशाल भंडारे का आयोजन आश्रम में किया गया है। क्षेत्र के लोगों से अपील की जा रही है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गुरु महाराज का प्रसाद ग्रहण कर अपने आप को पुण्य का भागीदार बनाएं। महाराज ने बताया कि लगभग 22 वर्षों से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू का विशेष योगदान रहता है इस दिन भक्त लोग आकर गुरु महाराज की पूजा अर्चना करते हैं और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने आप को पुण्य का भागीदार बनाते हैं उन्होंने बताया कि महाराज जी को यथार्थ गीता के प्रेरणा स्रोत के रूप में भी जाना जाता है यह पुस्तक विश्व प्रसिद्ध है ।

जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की शिकायतें

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान कार्यालय में आए आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वृहद वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारी ने की बैठक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग राजेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष शासन द्वारा जनपद को 4550100 पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है जिसमें 20 लाख पौधे वन विभाग तथा 2550100 पौधे अन्य विभागों द्वारा रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। जनपद में वन विभाग की 28 पौधशालाएं हैं जिनमें विभिन्न प्रजातियों के 62.41 लाख पौधे उपलब्ध हैं उद्यान विभाग द्वारा अपनी पौधशाला से ही पौधारोपण कराया जाएगा। विभागों द्वारा पौधशालाओं से पौध उठान का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महा अभियान के अंतर्गत गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशिष्ट वनों की स्थापना कराई जाएगी जिसमें अटल वन, एकता वन, ऑक्सी वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन, शौर्य वन, पवित्र धारा वन शामिल होंगे। बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान जो पेड़ लगाए जाएं उनका संरक्षण भी बहुत जरूरी है इसके लिए संभव हो तो ट्री गार्ड भी लगाया जाए तथा उन पेड़ों को नियमित रूप से पानी व खाद भी दी जाए जिससे पेड़ सूखने ना पाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गत वर्षों में जो भी पौधरोपण हुए हैं उनका भी संरक्षण जरूरी है। उन्होंने गौशालाओं में भी बृहद स्तर पर पेड़ लगाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अन्तर्जनपदीय शातिर बैट्री चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

थाना गौरीगंज पुलिस, प्रभारी स्वाट,सर्विलांस टीम मय हमराह जरिए मुखबिर सूचना के आधार पर पड़री सम्भावा रोड के करीब एक किलोमीटर आगे सूनसान जगह पर बैट्री चोर गैंग महिन्द्रा पिकअप से डीसीएम में बैट्रियां लादते समय घेराबंदी कर 3 व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। तीनों व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर पहले ने अपना नाम सद्दाम पुत्र आलेमान खान निवासी पूरे कुरैशी मजरे राहटीकर तथा दूसरे ने अपना नाम मकसूद उर्फ दुन्ने पुत्र आलेमान खान निवासी पूरे कुरैशी मजरे राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ तथा तीसरे ने अपना नाम दीपांशू पुत्र स्व. राम कुमार कोरी निवासी पूरे बेनीदीन मजरे अच्छापुर थाना उदयपुर प्रतापगढ बताया। मौके पर महिन्द्रा पिकअप वाहन सं. यूपी 33 बीटी 4151 में ई रिक्शा की 39 बैट्रियां व डीसीएम वाहन सं. यूपी 32 एसएन 5160 में इन्वर्टर की 64 बड़ी बैट्रियां, मोटरसाइकिल की 90 बैट्रियां व चारपहिया वाहनों की 15 बैट्रियां कुल 208 बैट्रियां मौजूद मिली। उक्त दोनों वाहनों के कागज मांगने पर दिखा न सके । पुलिस टीम द्वारा की गई पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने बताया गया कि हम अपने 2 अन्य साथी प्रवीण सिंह पुत्र उदयभान सिंह निवासी अच्छापुर थाना उदयपुर व मुन्ना पुत्र शाही इमाम निवासी दीवानगंज कल्याणपुर कला थाना उदयपुर के साथ मिलकर जनपद बाराबंकी, अयोध्या, सुलतानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी में सड़क के किनारे व घरों के आसपास सूनसान स्थानों पर खड़े ई रिक्शा लोडर का लॉक काटकर बैट्री व चार्जर, घरों से इन्वर्टर की बैट्री व चार पहिया वाहनों की बैट्रियों को चोरी से निकालकर बेंच देते हैं। करीब 15 दिन पहले हम पांचों लोगों ने मिलकर जनपद अमेठी के थानाक्षेत्र अमेठी के संतोषी नगर, जंगल रामनगर गांव से ई-रिक्शा डाला से बैट्री चोरी की थी, लगभग एक महीने पहले थानाक्षेत्र रामगंज के भादर उदयनगर गांव में एक घर के बगल खड़े ई रिक्शा डाला से बैट्री चोरी की थी एवं लगभग पौने दो महीने पहले थानाक्षेत्र गौरीगंज के असैदापुर गांव में एक घर के बाहर खड़े बैट्री डाला को ले जाकर पड़री के पास सूनसान जगह पर खड़ा करके 4 बैट्रियां चोरी करके डाला को वहीं पर छोड़ दिया था। अभियुक्तों ने बताया कि उनके साथी प्रवीण सिंह उपरोक्त को लगभग 15 दिन पहले थाना लालगंज अझारा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। हमलोग ज्यादातर चोरियां प्रवीण सिंह की बोलेरो से ही करते थे।

चोरी के दो मोबाइल फोन व नकदी के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र में अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार एक अभियुक्त अर्जुन वर्मा उर्फ गुड्डू वर्मा पुत्र रामप्रकाश वर्मा निवासी पूरे बक्सी का पुरवा मजरे राजमतीपुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से दो मोबाइल फोन (रियलमी, सैमसंग), कुल 1050/- रुपये बरामद हुये । बरामद मोबाइल फोन के बारे में पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि यह मोबाइल फोन मैनें चोरी किया है। 4 जुलाई को दुर्गापुर बाईपास के पास से एक महिला से एक मोबाइल फोन, तथा 26 जून को इसी बाइक से कसारा गांव थानाक्षेत्र संग्रामपुर के पास एक लड़के से एक मोबाइल फोन व 9 अप्रैल को बघवरिया मोड़ के पास से एक लड़की का बैग झपट कर लेकर भाग गया था, जिसमें हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट की मार्कशीट, आधार कार्ड, चश्मा व एक विवो कम्पनी का मोबाइल फोन था । पकड़े जाने के डर से मार्कशीट, आधार कार्ड, चश्मा आदि बैग सहित फेंक दिया था। मोबाइल फोन राह चलते आदमी को बेंच दिया था। बरामद रुपये उसी मोबाइल फोन बिक्री के हैं। थाना अमेठी पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विनाश को विस्तार देते युद्ध

आजकल की राजनीतिक शैली में बात कुछ ऐसी बना दी गई है कि देश के बारे में, फौज के बारे में, युद्ध के बारे में, देश की सुरक्षा के बारे में कुछ भी न बोलो, न पूछो, न सोचो! पहलगाम के बाद तमाम विपक्ष ने कह दिया कि हम सरकार के साथ हैं। यह घबराई हुई, जड़विहीन, राजनीतिक दृष्टि से कायर विपक्ष की सोच है। संकट का आसमान रचना और फिर उस आसमान में अपने शिकार करना सरकारों का पुराना हथकंडा है। ऐसे में विपक्ष की एक ही भूमिका होनी चाहिए कि हम हर हाल में देश के साथ खड़े रहेंगे। हमारी इस भूमिका से सरकार को जितनी मदद, जितना समर्थन मिलता है, उससे हमें एतराज भी नहीं है, लेकिन सरकार की आंखों से हम देखें, सरकार के कानों से हम सुनें तथा सरकार के पांवों पर हम चलें, यह कैसे हो सकता है? यह तो बौनों का बला का संकट है और इससे घिरा हमारा विपक्ष बौने-से-बौनातर हुआ जा रहा है। तीन दिन के युद्ध के बाद, गंभीर चर्चा व समीक्षा की हर संभावना को खत्म करते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय विपक्ष की आवाजों को चुन-चुन कर विदेश-यात्रा पर भेज दिया। कहा कि विश्व मंच पर भारत सरकार का पक्ष अच्छी तरह रखने का राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की चुनौती है, सो आप सब तैयार हो जाएं। आखिर पाकिस्तान को जवाब देना है न ! कहने की देर थी कि सभी तैयार हो गए। किसी ने नहीं कहा कि हमें अपनी पार्टी की सहमति लेनी पड़ेगी! जब राष्ट्रीय कर्तव्य निभाना हो, तो पार्टी की क्या बात है। पार्टी से राष्ट्र बड़ा होता है कि नहीं ! नतीजे में जहां, जिसे, जैसा मौका मिला, उसने वहां, वैसा सरकार का पक्ष रखा। लौटने पर सबने पाया कि वे तो विदेश से लौट आए हैं, लेकिन उनकी आवाज कहीं विदेश में ही रह गई है। आज हमारे संसदीय विपक्ष के पास न चेहरा है, न आवाज! जब विपक्ष के ऐसे हालात हों और सत्तापक्ष के भीतर सत्ता-सुख व अहंकार के अलावा कुछ हो ही नहीं, तो यह सवाल कौन पूछे कि अंगुलियों पर गिने जाने जैसे आतंकवादी हमारी सीमा में घुस आए और उन्होंने हमारे 26 नागरिकों की हत्या कर दी, इतने से सारा देश कैसे खतरे में आ गया? पहलगांव में घुस आए आतंकवादियों व उन नागरिकों की हत्या से देश खतरे में नहीं आया था, बल्कि वह खतरे में इसलिए आया कि आप कश्मीर की सीमा की सुरक्षा में विफल रहे। केंद्र सरकार की सीधी निगरानी में जो कश्मीर है, चोर उसकी दीवार में सेंध लगा लेता है तो यहां खतरा आपका निकम्मापन है। खतरा यहां है कि आप उस आतंकी कार्रवाई का जवाब देने के लिए ऐसा रास्ता अख्तियार करते हैं जो काइंया अंतरराष्ट्रीय शक्तियों को अपना खेल खेलने के लिए उकसाता है। अलबत्ता, सच भी कहीं-न-कहीं से अपना सर उठा ही लेता है। हमारे वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह और बाद में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफजनरल अनिल चौहान की बात ऐसी नहीं है कि हम उसे नजरंदाज करें। वे कह रहे हैं कि तीन दिनों का यह युद्ध दोनों तरफको बेहद नुकसान पहुंचा गया है। पाकिस्तान का नुकघ्सान ज्यादा हुआ है, लेकिन उसने हमारा जितना नुकसान किया है, वह स्थिति को खतरनाक बनाता है। पाकिस्तान ने हमारे विमान भी गिराए और सैनिक अड्डों को भी नुकघ्सान पहुंचाया। यह युद्ध रुकना ही चाहिए था, क्योंकि इस युद्ध से हासिल कुछ नहीं हो सकता था। परिस्थिति का यह आकलन व अंतरराष्ट्रीय शक्तियों का दबाव हमें युद्धविराम तक ले आया। हमें यह सच्चाई समझनी चाहिए कि हथियार के व्यापारियों से खरीद-खरीदकर जो जखीरा हम भी और पाकिस्तान भी जमा करता रहता है, वह हर देश को करीब-करीब एक ही धरातल पर ला खड़ा करता है।

अपनी पहचान जाहिर करने में कैसी शर्म !

डॉ. आशीष वशिष्ठ

भगवान शंकर के प्रिय माह सावन की शुरुआत 11 जुलाई से है। सावन की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा। कांवड़ यात्रा में शिवभक्त नंगे पांव हाथ में कांवड़ लेकर लंबी दूरी तय करके शिवलिंग या ज्योतिर्लिंग में जाते हैं और पवित्र नदियों के जल से उनका अभिषेक करते हैं। उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा है। कांवड़ यात्रा का विराट रूप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिखता है। हरिद्वार से कांवड़ लेकर निकलने वाले कांवड़ यात्री इस मार्ग से निकलते हैं। इस मार्ग में भगवान शिव के कई बड़े प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर हैं। यहां पर श्रद्धालु भगवान का जलाभिषेक करते हैं। मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ से लेकर गाजियाबाद, हापुड़ तक के शिव मंदिरों में इस मार्ग से गंगाजल लेकर भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर तनाव बढ़ गया है।

असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि कांवड़ मार्ग पर कुछ लोग हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर ढाबे और दुकानें चलाकर शिव भक्तों को धोखा दे रहे हैं। पहचान छुपाकर धोखा देने वाले कई मामले सामने आने के बाद पिछले साल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों ने आदेश जारी किए कि कांवड़-यात्रा के मार्ग के ढाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचेवाले स्पष्ट नाम पट्टिका लगाएंगे। सरकार का मंतव्य है कि कांवडियों की आस्था और श्रद्धा खंडित न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस साल भी उप्र और उत्तराखंड की सरकारों ने पिछले साल की भांति आदेश जारी किए हैं।

ताजा प्रकरण यह है कि, स्वामी यशवीर महाराज और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कांवड़ मार्ग स्थित दिल्ली-दून हाईवे स्थित पंडित वैष्णो ढाबा पर पहुंचे। वास्तव में, ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था-पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा। यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। पंडित वैष्णो ढाबे को सनव्वर नाम का एक मुस्लिम व्यक्ति चलाता है। इस ढाबे में उसका बेटा आदिल और जुबैर समेत दो अन्य लोग भी काम करते हैं। कहा जा रहा है कि यशवीर महाराज और अन्य ने ढाबे के मालिक और कर्मचारियों की धार्मिक पहचान जांचने के लिए पैंट उतरवाई। विवाद यहीं से भड़का। आग में घी डालते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने पहचान वाले मामले को पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ने का काम किया।

ताजा प्रकरण यह है कि, स्वामी यशवीर महाराज और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कांवड़ मार्ग स्थित दिल्ली-दून हाईवे स्थित पंडित वैष्णो ढाबा पर पहुंचे। वास्तव में, ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था-पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा। यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। पंडित वैष्णो ढाबे को सनव्वर नाम का एक मुस्लिम व्यक्ति चलाता है। इस ढाबे में उसका बेटा आदिल और जुबैर समेत दो अन्य लोग भी काम करते हैं। कहा जा रहा है कि यशवीर महाराज और अन्य ने ढाबे के मालिक और कर्मचारियों की धार्मिक पहचान जांचने के लिए पैंट उतरवाई। विवाद यहीं से भड़का। आग में घी डालते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने पहचान वाले मामले को पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ने का काम किया। हसन ने कहा कि, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं? क्या पहलगाम में आतंकियों ने पैंट नहीं उतरवाई थी? ऐसा करने वाले और पहलगाम के आतंकवादियों में क्या अंतर रह गया?

उस ढाबे पर यह घटना हुई अथवा नहीं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। लेकिन प्रकरण को सांप्रदायिक मोड़ दे दिया गया। पहलगाम एक सुनियोजित आतंकी कृत्य था। इन दोनों घटनाओं की तुलना करना न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि यह समाज में धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने का प्रयास भी है। और जहां तक बात पहचान छुपाने या धोखा देने की है तो यह धंधा लंबे समय से चल रहा है। जुलाई, 2021 में गाजियाबाद में दो ऐसे मुसलमान दुकानदारों का पता चला था, जो हिंदू नाम से दुकान चला रहे थे। इनमें एक दुकान पुरानी सब्जी मंडी में है, जिसका नाम है न्यू अग्रवाल पनीर भंडार। इस दुकान का मालिक है मंजूर अली। दूसरी दुकान लालाजी पनीर भंडार के नाम से है। इसका मालिक ताहिर हुसैन है। इन दोनों का कहना था कि हिंदू नाम रखने से ग्राहक कम पूछताछ करते हैं और धंधा अच्छा चलता है। यानी ये धंधे के लिए हिंदुओं के साथ धोखा कर रहे थे। इनकी पोल तब खुली जब कुछ लोगों को पता चला कि इनका जीएसटी नंबर इनके असली नाम से है। स्थानीय दुकानदारों ने इनका विरोध किया तो इन लोगों ने अपनी दुकानों के नाम बदल लिए हैं।

पिछले साल कांवड़ यात्रा के समय जब नेम प्लेट लगाने के आदेश जारी हुए थे, तो खूब हंगामा मचा था। उस समय सोशल मीडिया से लेकर अखबारों और समाचार चैनलों तक में इस बात की बड़ी चर्चा थी कि कैसे एक आदेश के चलते रातों रात मुजफ्फरनगर का संगम शुद्ध शाकाहारी होटल बन गया सलीम ढाबा। मां भवानी जूस कार्नर का नाम हो गया फहीम जूस केंद्र। टी प्वाइंट का नाम हो गया अहमद टी स्टाल। ऐसे ही नीलम स्वीट्स का मालिक निकला मोहम्मद फजल अहमद। अनमोल कोल्ड ड्रिंक्स का मालिक है मोहम्मद कमर आलम। खतौली के चीतल ग्रैंड के बाहर एक बोर्ड लग गया है, जिस पर लिखा गया है- शारिक राणा डायरेक्टर।

सहारनपुर में चल रहे जनता वैष्णो ढाबा का मालिक है मोहम्मद अनस सिद्दीकी। मुजफ्फरनगर के बझेड़ी गांव निवासी वसीम अहमद ने पिछले साल पहचान जाहिर होने के बाद अपना गणपति ढाबा बेच दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार देहरादून-नैनीताल राजमार्ग पर 20 से अधिक ढाबे ऐसे हैं, जो हिन्दू देवी-देवताओं के नाम पर हैं, लेकिन इन्हें चलाने वाले मुसलमान हैं। हरिद्वार नजीबाबाद रोड पर चिडियापुर और समीरपुर गंग नहर रोड पर भी ऐसे हिंदू नामधारी ढाबे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं।

मेरठ, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, मुंडा पांडे हाईवे पर भी दर्जनों ऐसे ढाबे चल रहे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, धोखा देने के लिए ये लोग होटल के अंदर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र भी रखते हैं, ताकि हिंदू यात्रियों को लगे कि वे किसी हिंदू होटल में ही खाना खा रहे हैं। लेकिन जब कोई ग्राहक ऑनलाइन पैसा देता है, तब पता चलता है मालिक मुसलमान है।

विचार

इतिहास में अमर है रणथंबोर का जौहर

रमेश शर्मा

भारत पर हुए मध्यकाल के आक्रमण साधारण नहीं थे । हमलावरों का उद्देश्य धन संपत्ति के साथ स्त्री और बच्चों का हरण भी रहा, जिन्हें वे अत्याचार के साथ गुलामों के बाजार में बेचते थे। इससे बचने के लिए भारत की हजारों वीरांगनाओं ने अपने बच्चों के साथ जल और अग्नि में कूदकर अपने स्वत्व और स्वाभिमान की रक्षा की । ऐसा ही एक जौहर रणथंबोर में 09 जुलाई 1301 से आरंभ हुआ जो तीन दिन चला । इस जौहर में राणा हमीर देव की रानी रंगा देवी ने अपनी पुत्री पद्मा के साथ जौहर किया। उनके साथ बारह हजार अन्य स्त्री और बच्चों ने जल और अग्नि में कूदकर अपने प्राणों का बलिदान दे दिया ।

रानी रंगादेवी चित्तौड़ की राजकुमारी थीं और रणथंबोर के इतिहास प्रसिद्ध राजा हमीरदेव को ब्याहीं थीं । रणथंबोर का यह राज परिवार पृथ्वीराज चौहान का वंशज माना जाता है । मोहम्मद गौरी के हमले से दिल्ली के पतन के बाद उनके एक पुत्र ने रणथंबोर में राज स्थापित कर लिया था । इसी वंश में आगे चलकर 07 जुलाई 1272 को हमीरदेव चौहान का जन्म हुआ। उनके पिता राजा जेत्रसिंह चौहान ने भी दिल्ली सल्तन के अनेक आक्रमण झेले थे, लेकिन रणथंबोर किले की रचना ऐसी थी कि हमलावर सफल न हो पाये । लगातार हमलों से राजपूताने की महिलाएं भी आत्म रक्षा के लिए शस्त्र संचालन सीखती थीं। हमीरदेव की माता हीरा देवी भी युद्ध कला में प्रवीण थीं।

परिवार की पृष्ठभूमि ही कुछ ऐसी थी कि हमीर देव ने कभी स्वाभिमान से समझौता नहीं किया । उन्होंने अपने जीवन में कुल 17 युद्ध लड़े और 16 जीते । जिस अंतिम युद्ध में उनकी पराजय हुई उसी में उनका बलिदान हुआ। उन्होने 16 दिसंबर 1282 को रणथंबोर की सत्ता संभाली थी। उनका पूरा कार्यकाल युद्ध में बीता । दिल्ली के शासक जलालुद्दीन ने 1290 से 1296 के बीच रणथंबोर पर तीन बड़े हमले किए पर सफलता नहीं मिली । अलाउद्दीन उसका भतीजा था जो 1296 में चाचा की हत्या करके गद्दी पर बैठा । गद्दी संभालते ही अलाउद्दीन ने राजस्थान और गुजरात पर अनेक धावे बोले । पर रणथंबोर अजेय किला था । वह अपने चाचा के साथ रणथंबोर में पराजय का स्वाद चख चुका था इसलिए उसने यह किला छोड़ रखा था तभी 1299 में एक घटना घटी ।

अलाउद्दीन की सेना गुजरात से लौट रही थी। उसके दो मंगोल सरदार मोहम्मद खान और केबरु खान रास्ते में रुक गए और रणथंबोर में राजा हमीर देव के पास पहुंचे। दोनों ने अलाउद्दीन के विरुद्ध शरण मांगी । हमीर देव ने विश्वास करके दोनों को न केवल शरण दी अपितु जगाना की जागीर भी दे दी। इस घटना के लगभग दो वर्ष बाद अलाउद्दीन ने रणथंबोर पर धावा बोला । यह कहा जाता है कि अलाउद्दीन इन दोनों को शरण देने से नाराज था । इसलिए धावा बोला पर कुछ इतिहासकारों का मानना है कि यह अलाउद्दीन खिलजी की रणनीति थी । इन दोनों ने न केवल किले के कई भेद दिए अपितु हमीर देव की सेना में भेद पैदा किया, इससे हमीर देव के दो अति विश्वस्त सेनापति रणमत और रतिपाल अलाउद्दीन से मिल गए ।

इतना करने के बाद 1301 में अलाउद्दीन ने रणथंबोर पर धावा बोला तब हमीर देव एक धार्मिक आयोजन में व्यस्त थे और उन्होंने अपने इन्हीं दोनों सेनापतियों को युद्ध में भेजा । लेकिन दोनों के मन में विश्वासघात आ गया था। इनके अलाउद्दीन से मिल जाने से रणथंबोर की सेना कमजोर हुई । तब किले के दरबाजे बंद कर लिए गए,पर किले के भीतर गद्दार थे। रसद सामग्री में विष मिला दिया गया । किले के भीतर भोजन की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई । इस विष मिलाने के संदर्भ में अलग-अलग इतिहासकारों के मत अलग हैं।

परिवार की पृष्ठभूमि ही कुछ ऐसी थी कि हमीर देव ने कभी स्वाभिमान से समझौता नहीं किया । उन्होंने अपने जीवन में कुल 17 युद्ध लड़े और 16 जीते । जिस अंतिम युद्ध में उनकी पराजय हुई उसी में उनका बलिदान हुआ। उन्होने 16 दिसंबर 1282 को रणथंबोर की सत्ता संभाली थी। उनका पूरा कार्यकाल युद्ध में बीता । दिल्ली के शासक जलालुद्दीन ने 1290 से 1296 के बीच रणथंबोर पर तीन बड़े हमले किए पर सफलता नहीं मिली । अलाउद्दीन उसका भतीजा था जो 1296 में चाचा की हत्या करके गद्दी पर बैठा । गद्दी संभालते ही अलाउद्दीन ने राजस्थान और गुजरात पर अनेक धावे बोले । पर रणथंबोर अजेय किला था । वह अपने चाचा के साथ रणथंबोर में पराजय का स्वाद चख चुका था इसलिए उसने यह किला छोड़ रखा था तभी 1299 में एक घटना घटी । अलाउद्दीन की सेना गुजरात से लौट रही थी। उसके दो मंगोल सरदार मोहम्मद खान और केबरु खान रास्ते में रुक गए और रणथंबोर में राजा हमीर देव के पास पहुंचे। दोनों ने अलाउद्दीन के विरुद्ध शरण मांगी ।

कुछ इतिहासकारों का मानना है कि मोहम्मद खान और कुबलू खान की कारस्तानी थी जबकि कुछ रणमत और रतिपाल का विश्वासघात मानते हैं। विवश होकर हमीरदेव ने केशरिया बाना पहन कर साका करने का निर्णय लिया और किले के भीतर सभी महिलाओ ने रानी रंगा देवी के नेतृत्व जौहर करने का निर्णय लिया । यह जौहर 9 जुलाई से आरंभ हुआ जो तीन दिन चला । यह जौहर दोनों प्रकार का हुआ अग्नि जौहर भी और जल जौहर भी । तीसरे दिन 11 जुलाई 1301 को रानी रंगादेवी ने अपनी बेटी पद्मला के साथ जल समाधि ली । राजा हमीर देव 11 जुलाई को केशरिया बाना पहनकर निकले और बलिदान हुए । इस जौहर में कुल बारह हजार वीरांगनाओं ने अपने स्वत्व रक्षा के लिये प्राण न्यौछावर कर दिए । यह राजस्थान का पहला बड़ा जौहर माना जाता है । इतिहास के विवरण के अनुसार रणमत और रतिपाल अलाउद्दीन खिलजी के हाथों मारे गए जबकि मोहम्मद खान और कुबलू खान का विवरण नहीं मिलता।

खून खराबे का खेल

एक बार फिर पंजाब देश-विदेश से संचालित आपराधिक गैंगों और आतंकवादियों के निशाने पर आ गया है। संगठित आपराधिक गिरोहों द्वारा आम-खास लोगों को शिकार बनाये जाने की घटनाएं जब-तब सामने आती रहती हैं। हाल ही में एक पृथकतावादी संगठन के सक्रिय आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फहैप्पी पासिया का अमेरिका से प्रत्यर्पण इस बात की याद दिलाता है कि राज्य में चरमपंथी विचारधारा का साया कितना गहरा बना हुआ है। आरोप है कि करीब चौदह ग्रेनेड हमलों को अभियुक्त ने अंजाम दिया। पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करने वाले अभियुक्त पासिया की भारत वापसी निस्संदेह आगे की जांच में मददगार साबित होगी। इससे भारत विरोधी गतिविधियों में पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों के काले अध्याय फिर सामने आने की भी उम्मीद जगी है।

इस प्रकरण के उजागर होने से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि कैसे पंजाब को भारत विरोधी ताकतों द्वारा विदेशों से निशाना बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य में गैंगस्टरों द्वारा की जा रही हिंसा में खतरनाक ढंग से वृद्धि देखी जा रही है। अबोहर के व्यवसायी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हुई हत्या और मोगा में अभिनेत्री तानिया के डॉक्टर पिता की उनके क्लीनिक में गोली मारकर की गई निर्मम हत्या ने इस बात को उजागर किया कि संगठित आपराधिक नेटवर्क कितनी आसानी से काम कर रहे हैं। हमलावरों द्वारा सार्वजनिक रूप से मरीज बनकर डाक्टर को गोली का निशाना बनाना आपराधिक दुस्साहस को ही उजागर करता है। जो बताता है कि अपराधियों में कानून व पुलिस का खौफनजर नहीं आता। यह समाज वैज्ञानिकों के लिये भी गंभीर मंथन का विषय है कि राज्य का समाज इस गहरी अस्वस्थता का शिकार क्यों है। निश्चित रूप से समाज में आर्थिक विसंगतियां और सामाजिक विद्रूपताएं अपराध की राह खोल रही हैं।

वहीं दूसरी ओर, राज्य में शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी, नशे की लत, अशांत बचपन, गरीबी, विषैली राजनीति और रातों-रात अमीर बनने की लालसा कई पंजाबी युवाओं को अपराध की अंधी गली की ओर धकेल रही है। ऐसा भी नहीं है कि बेरोजगारी व अन्य सामाजिक विसंगतियां देश के अन्य राज्यों में नहीं हैं। नशा एक राष्ट्रीय संकट बनता जा रहा है। सवाल ये कि हमारा शासन-प्रशासन इन अपराधों से किस तरह निबटता है। विडंबना यह भी है कि सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा में गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है। निस्संदेह, अपराध का रास्ता कई युवाओं को आकर्षित करता है, लेकिन एक हकीकत यह भी है कि इस राह से गुजरने के बाद मुख्यधारा में लौटना असंभव है। अपराधी फिर कभी सामान्य जीवन नहीं जी सकता। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन को राज्य में उन सामाजिक-आर्थिक विसंगतियों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने की सख्त जरूरत है, जो अपराध को बढ़ावा देते हैं। उन विभागीय काली भेड़ों की भी सख्त निगरानी की जरूरत है जो अपराधियों के अपवित्र गठबंधन में मददगार होती हैं। हालांकि, पंजाब पुलिस ने कुछ गिरफ्तारियां और मुठभेड़ें की हैं, लेकिन ये महज एक प्रतिक्रियात्मक कदम मात्र है। इस बड़े संकट से निपटने के लिये एक निरंतर, व्यवस्थित व कारगर रणनीति बनाने की जरूरत है। वहीं कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत बनाने की दरकार है। इसके साथ ही शिक्षा प्रयासों का विस्तार करने, पुनर्वास और न्यायिक प्रक्रियाओं को भी तेज करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त केंद्र की एनआईए जैसी एजेंसियों के साथ तालमेल से राज्य की एजेंसियों को अपराधियों पर शिकंजा कसने में मदद भी मिल सकती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पंजाब में अपराधियों व आतंकवादियों का गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रह गया है। यह न केवल अंतर्राष्ट्रीय रूप ले चुका है, बल्कि आधुनिक तकनीक व हथियारों की मदद से मारक साबित हो रहा है। इससे बड़ा संकट यह भी है कि ये अपराध वैचारिक रूप से अस्थिर भी हैं। निस्संदेह,यह एक बड़ी चुनौती है और इससे निबटने में जितनी देरी होगी, पंजाब में स्थितियां सामान्य बनाने में उतनी मुश्किल होती जाएगी। अपराधियों से निपटने के लिये मजबूत खुफिया तंत्र और जनसहयोग कारगर सिद्ध हो सकता है।

राशिफल

मेषः- कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

बृषभः- नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। आलस्य कतई न करें।

मिथुनः- दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है।

कर्कः- रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

सिंहः- रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

कन्याः- आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर

तुलाः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ वर्तमान में जियें।

वृश्चिकः- बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

धनुः- दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

मकरः- प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे।

कुंभः- राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

मीनः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

नोटबंदी से वोटबंदी तक

राजेंद्र शर्मा

नोटबंदी के मामले में ये तीनों विशेषताएं खुलकर सामने आयी थीं। शहरबंदी या लॉकडाउन में भी ये तीनों ही विशेषताएं देखने को मिली थीं। और अब इस मतदाता सूची पुनरीक्षण में, जिसे उचित ही बिहार के महागठबंध के झंडे तले संगठित विपक्ष ने वोटबंदी का नाम दिया है, इस छोटी सी अवधि में ही इन तीनों विशेषताओं के दर्शन हो चुके हैं। नोट करने वाली बात यह है कि चुनाव आयोग, एक स्वतंत्र वैधानिक संस्था है, इसके बावजूद हम उसे खास मोदीराज की राजनीतिक संस्कृति में रंगा हुआ देख रहे हैं।

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षण के लिए स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय के तत्काल जरूरी होने को पहचानते हुए, इस पर विचार के लिए तीन दिन बाद, बृहस्पतिवार 10 जुलाई की तारीख तय की है। इस संबंध में संबंधित पक्षों के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। बिहार में विधानसभाई चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में छरू याचिकाएं पहुंची थीं।

इनमें, विशेष रूप से चुनाव सुधारों से संबंधित पहलुओं पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्च्स (एडीआर) तथा जनाधिकार संगठन पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) के अलावा तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सांसद, मनोज कुमार झा की याचिकाएं शामिल हैं। सभी याचिकाओं का मुख्य मुद्दा एक ही है, विधानसभाई चुनाव से पहले इतने कम समय में की जा रही मतदाता सूचियों में भारी फेर-बदल की यह पूरी कसरत, खासतौर पर करोड़ों की संख्या में वंचितों तथा कमजोर व हाशिए के तबके के लोगों से मताधिकार छीनने का ही काम करेगी।

इसलिए, इस प्रक्रिया पर ही रोक लगाने की प्रार्थना की गयी है। कहने की जरूरत नहीं है कि अब सभी निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हुई हैं। लेकिन, 25 जून को मतदाता सूची पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के शुरू होने से अब तक इस मामले भारतीय चुनाव आयोग या ईसीआई का जो आचरण रहा है, मोदी राज के ग्यारह साल में मजबूती से कायम कर दी गयी शासकीय संस्कृति को ही प्रतिबिंबित करता है। इस शासकीय संस्कृति के तीन खास तत्व हैं। पहला, नाटकीय तरीके से बड़े लगने वाले और आम जनता के लिए कड़े साबित होने जा रहे, कथित रूप से श्साहसिकश् फैसले लेना। इन कदमों की साहसिकता का एक ही सबूत होता है, जनता की तकलीफों की और इन तकलीफों को स्वर देने वाले राजनीतिक विपक्ष के विरोध की परवाह ही नहीं करते हुए, आगे बढ़ते जाना। दूसरा, जनता की मुश्किलों के रूप में इन निर्णयों के दुष्परिणामों के सामने आने पर, लीपा-पोती करने से लेकर, पांव पीछे खींचने तक की कोशिशें करना और तीसरा, यह सब करते हुए भी इसका शासकीय अहंकार दिखाना कि शासन का फैसला पूरी तरह से सही था और उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है! नोटबंदी के मामले में ये तीनों विशेषताएं खुलकर सामने आयी थीं। शहरबंदी या लॉकडाउन में भी ये तीनों ही विशेषताएं देखने को मिली थीं। और अब इस मतदाता सूची पुनरीक्षण में, जिसे उचित ही बिहार के महागठबंध के झंडे तले संगठित विपक्ष ने श्वोटबंदीश् का नाम दिया है, इस छोटी सी अवधि में ही इन तीनों विशेषताओं के दर्शन हो चुके हैं। नोट करने वाली बात यह है कि चुनाव आयोग, एक स्वतंत्र वैधानिक संस्था है, इसके बावजूद हम उसे खास मोदीराज की राजनीतिक संस्कृति में रंगा हुआ देख रहे हैं। जहां तक कथित रूप से साहसिक निर्णय का सवाल है, चुनाव से ऐन पहले और वह भी कुल तीन महीने से भी कम समय में, आठ करोड़ के लगभग मतदाताओं की सूचियां एक तरह से नये सिरे से बनाना, अगर इतना खतरनाक नहीं होता तो बेशक साहसिक तो माना ही जा सकता था।

अब यह सभी जान चुके हैं कि बिहार में मतदाता सूचियों में इस तरह का गहन पुनरीक्षण, 2003 में हुआ था। उसके 22 साल बाद, इस गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को नये सिरे से दोहराए जाने की, एक बड़ा काम कर के दिखाने की ललक के सिवा और क्या आवश्यकता थी, इसका चुनाव आयोग की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया है। बेशक, इस निर्णय से पहले चुनाव प्रक्रिया के मुख्य हितधारकों के रूप में राजनीतिक पार्टियों के साथ किसी तरह के परामर्श में तो नहीं, बहरहाल आलोचना के तीखे होते स्वरों के सामने चुनाव आयोग ने इस कसरत को जरूरी साबित करने की कोशिश की है। लेकिन, चुनाव आयोग द्वारा दी गयी दलीलें इतनी लचर हैं कि खुद चुनाव आयोग के अधिकारीगण जहां-तहां मैदानी स्तर पर इस फैसले की जरूरत बताते हुए, अक्सर श्पहले नागरिकता तय करनेश् की दलील में खिसक जाते हैं, जो कि जाहिर है कि चुनाव आयोग का काम नहीं है और जिससे चुनाव आयोग अगर सुप्रीम कोर्ट के सामने अपने फैसले का बचाव करते हुए, अपना दामन ही नहीं छुड़ा ले तो ही आश्चर्य की बात होगी। एक और प्रमुख कारण, जिसका जिक्र चुनाव आयोग के मुंह से निकल गया है, हालांकि इसे भी आयोग द्वारा अब ढांपने की कोशिश की जाएगी, बिहार से रोजी-रोटी कमाने के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले मेहनतकशों की संख्या करोड़ों में होना है। इन मेहनतकशों का मकान ही बिहार में नहीं होता है, बिहार से, उसकी नियति से उनका जीवंत रिश्ता रहता है, जबकि दूसरे राज्यों के जीवन से, जहां वे रोजी-रोटी के लिए रहते हैं, वे वैसा आवयविक रिश्ता नहीं बना पाते हैं। सामान्य रूप से अपने गृह राज्य में नहीं रहने के आधार पर, उन्हें बिहार के मतदाता की हैसियत से बेदखल करने की आयोग की नीयत, कानून के साम

खबरें एक नजर में

कस्बे में इफको ने सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम किया आयोजित

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़। कस्बे में सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जसवीर सिंह, उप महाप्रबंधक विपणन लखनऊ, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ मृदा वैज्ञानिक डॉ के. एन. तिवारी द्वारा की गई, क्षेत्र अधिकारी, इफको कानपुर भास्कर शुक्ला, ADO घाटमपुर श्री राम नरेश पटेल एवं ADO पतारा श्री आशीष पांडेय, MDE गौतम पटेल एवम् सभी समिति के सचिव एवं उर्वरक बिक्री केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। इफको लखनऊ से आए वरिष्ठ मृदा वैज्ञानिक डॉ के.एन. तिवारी जी ने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी का प्रयोग कर रासायनिक उर्वरक का उपयोग कम करने की सलाह दी एवम् इसके साथ ही इसकी प्रयोग विधि के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया उन्होंने सभी को अवगत कराया कि इस समय धान की रोपाई बहुत तेजी से चल रही है। इस लिए किसानों को 5 एमएल प्रति लीटर पानी के घोल में धान की जड़ो को 20 मिनट तक शोधित करके रोपाई करे तथा 30 दिन बाद एक बार 5 रूरूप्रति लीटर का घोल बनाकर स्प्रे कर दे इससे रासायनिक उर्वरक की आवश्यकता आधी हो जाएगी। तथा उत्पादन व उपज की गुणवत्ता भी बढेगी तथा लागत भी कम हो जाएगी नैनो यूरिया का प्रयोग खड़ी फसल में 30 दिनों पर जब फसल जमीन ढक ले तब 5 एमएल प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें तथा दूसरा छिड़काव 45-50 दिन पर करें। उपमहाप्रबंधक विपणन श्री जसवीर सिंह ने इफको के अन्य उत्पाद जैसे सागरिका, बायो डिकम्पोजर, जल विलेय उर्वरक एवम् नेचुरल पोटाश के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया एवम् इस पर मिलने वाले मार्जिन एवम् इंसेंटिव को बताया तथा किसानों को जानकारी देकर बिक्री करने के लिए सभी सचिवों को सलाह दी तथा आवश्यकता होने पर किसानों के खेत पर इफको के सहयोग से प्रदर्शन भी लगा सकते है जिससे किसान देखकर विश्वास कर सके कार्यक्रम मे लगभग 50 लोग उपस्थित रहे।

मास के आखिरी मंगलवार को इटरा में उमड़ी भीड़

सुमेरपुर, हमीरपुर। इटरा के सुप्रसिद्ध बजरंगबली मंदिर में आषाढ़ मास के आखिरी मंगलवार को तड़के से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी थानाध्यक्ष ने खुद संभाल रखी। इटरा के बजरंगबली मंदिर की ख्याति दूर.दूर तक है। यहां प्रत्येक मंगलवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। आषाढ़ मास के आखिरी मंगलवार को यहां तड़के से ही श्रद्धा का सैलाब उमड़ने लगा। पूरे दिन मेला जैसा नजारा रहा। गत मंगलवार को जाम लगने से उत्पन्न समस्या के मद्देनजर इस बार थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था खुद संभाली और मंदिर प्रांगण में मौजूद रहकर वाहनों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा कराया। जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में अनुसुईया आश्रम में हुआ भंडारा

सुमेरपुर, हमीरपुर। परंपरानुसार गुरु पूर्णिमा के पूर्व अनसुईया आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कस्बे के श्रीगायत्री तपोभूमि के अनुसुईया आश्रम में परंपरानुसार गुरु पूर्णिमा के पूर्व विशाल भंडारे का आयोजन आश्रम के महंत स्वामी नारायणानंद महाराज की अध्यक्षता में किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सकुशल संपन्न कराने में सपा नेता अजय उर्फ कल्लू यादव, शंकर दयाल गुप्ता, प्रकाश बाबू शिवहरे, रामसागर गुप्ता, रमाशंकर यादव, धुन्नी यादव, संजय यादव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

युवक के साथ हुई मारपीट का मुकदमा दर्ज

सुमेरपुर, हमीरपुर। कस्बे की काशीराम कालोनी बांकी मार्ग के निवासी तीन सगे भाइयों ने बसंत नगर निवासी एक युवक को जमकर पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तीनों का मुकदमा दर्ज किया है। बसंत नगर निवासी कालका प्रसाद वर्मा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीती रात आठ बजे काशीराम कालोनी निवासी दीपू सिंह शीलू सिंह कुलदीप सिंह अकारण गाली गलौज करने लगे जब गाली देने से मना किया तब तीनों ने जमकर मारा पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

विवाहिता की तहरीर पर देवर-ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सुमेरपुर, हमीरपुर। कस्बे की एक विवाहिता ने ससुर और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न मुकदमे की पैरवी न करने तथा न मानने पर पुत्री को उठा ले जाने की धमकी दी है। पीडिता का आरोप है कि देवर सोशल मीडिया में गाली गलौज के ऑडियो अपलोड करके परेशान कर रहा है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के लखनापुरवा की निवासी मंजू ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी शादी सुरौली बुजुर्ग में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताडित कर रहे थे। इसके विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा किया था। मुकदमे की पैरवी से नाराज होकर देवर रामू वर्माए ससुर राम अवतार गाली गलौज करके मारने की धमकी दे रहे हैं। देवर रामू ने पुत्री को घर से उठा ले जाने की धमकी दी है। साथ ही सोशल मीडिया में गंदी.गंदी गालियों का ऑडियो वीडियो अपलोड करके लगातार धमका रहा है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए विवेचना शुरू की है।

विद्यालय निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर ग्राम प्रधान ने किया विरोध, नमूना लेकर डीएम को दिखाया जायेगा

कुरारा(हमीरपुर)। विकास खंड क्षेत्र के पतारा गांव में हो रहे मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट मॉडल विद्यालय निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग व मानक के अनुसार कार्य न होने पर ग्राम प्रधान द्वारा मौके पर जाकर देखा गया। क्षेत्र के पतारा गांव में मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट मॉडल विद्यालय का निर्माण शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। जिसका निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्राम प्रधान माया देवी ग्रामीणों दिनेश द्विवेदी राजेश नंदकिशोर विश्वनाथ राजेंद्र आदि के साथ मौके पर जाकर निर्माण कार्य को देखा। वहां कार्यदाई संस्था द्वारा निर्माण के फाउंडेशन में सीमेंट व बालू का मिश्रण मानक के अनुरूप नहीं लगाया जा रहा है ईंट की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण सामग्री के नमूने एकत्र किए गए है। जिसको लेकर जिलाधिकारी व जनपद के प्रभारी मंत्री से शिकायत की जायेगी।

दो बाइकों की टक्कर में पांच घायल, अस्पताल में भर्ती

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे में देर रात बाइक सवार ने दो बाइको में टक्कर मार दी जिसमें दोनों बाइको में सवार पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया कस्बे के रहमानिया कालेज के निकट कांशीराम कालोनी छिमौली रोड निवासी सुमित और अजय अनुरागी सोमवार रात दस बजे बाजार से अपने घर जा रहे थे तभी रहामानिया इंटर कालेज के पास सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी और टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित बाइक से एक के बाद दूसरी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें हैदरिया निवासी जुनैद फरीद खां काशिम पुत्र हसीब अहमद और कैफ पुत्र मेराजुद्दीन के साथ सुमित और अजय गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मोहल्ले वालों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। वही कैफ की हालत गंभीर होने के कारण सदर अस्पताल रेफर किया गया।

मौरंग खदानों में लगे कांटा व लेखपालों की जरीब का नहीं हुआ परीक्षण

शासकीय नियमों की उड़ायी जा रही धज्जियां, बांट-माप निरीक्षक की नहीं है कोई सुनने वाला, हर तौलने वाले यंत्र का परीक्षण होता है जरूरी

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

हमीरपुर जिले में आज तक किसी मौरंग खदान में लगे काटे व लेखपालों द्वारा भूमि नापने के लिये आवंटित जरीब का परीक्षण नहीं कराया गया है जो गैर कानूनी है। नाप तौल करने वाले कांटो का हर साल शासकीय नियमानुसार परीक्षण होना आवश्यक होता है तभी नियमानुसार मान्य होती है। यानी कई विभागो में शासनादेश का पालन आज तक नही किया जा रहा है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के मुताबिक जिले में जिस भी वस्तु की तौल करायी जाती है उसका शासकीय स्तर पर परीक्षण होना आवश्यक होता है।उसमे तकनीकि ढंग से देखा जाता है कि यंत्र में कोई त्रुटि तो नहीं है, उपभोक्ता के साथ धोखा तो नही किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं की जांच पड़ताल की जाती है। मगर जिले में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला मौरंग विभाग में हर खदान में काटा सीसी टीवी कैमरा लगे होते है मगर कांटे का आज तक बांट-माप का परीक्षण नही कराया गया है जिससे आज तक यह सत्यापित नही हो पाया कि घटतौली हो रही या सही नाप तौल हो रही है, बाट माप निरीक्षक एसपी सिंह का कहना है कि काटों के सत्यापन के लिये कई मर्तवा खनिज अधिकारी से मिले है यही नही स्वयं खदानों में जाकर काटें के परीक्षण कराने का जोर भी डाला है मगर खदान संचालक यह कहकर उन्हे वापस कर देते है कि वह खनिज दफ्तर में जाकर संपर्क करने के बाद ही परीक्षण करायेंगे, खनिज अधिकारी ने भी इस मामले में बाट माप विभाग का कोई सहयोग नही किया है। निरीक्षक ने दावा किया है कि अब तक एकाध मौरंग खदान संचालक ने काटे का परीक्षण कराया है बाकी ने नहीं कराया है। जबकि जिले में कम से कम तीस से अधिक खदाने संचालित है, इसी प्रकार नियमानुसार जो भूमि के नाप जोख करने में कानूनगो व लेखपाद द्वारा जरीब का प्रयोग किया जाता है उसका भी परीक्षण होना चाहिये मगर आज तक किसी लेखपाल ने सत्यापन नही कराया है जो गैर कानूनी है, जबकि जिले में 299 लेखपालों की पद है जिसमे करीब दो सौ लेखपाल कार्यरत है हरेक लेखपाल व कानूनगो के पास भूमि की नापजोख करने के लिये जरीब दी जाती है मगर उसका परीक्षण बाटमाप विभाग से आज तक नही कराया गयाहै। निरीक्षक ने दावा किया है कि इसके लिये कई मर्तवा तहसीलदार को पत्र लिखकर कहा गया है मगर कोई सुनने वाला नहीं है। इसी प्रकार तमाम ऐसी विभाग है जो नाप तौल करते है मगर बाटमाप विभाग से परीक्षण नहीं कराते है जो नियमानुसार गलत है।

क्या बोले खनिज अधिकारी

हमीरपुर। इस मामले में जिला खनिज अधिकारी विकास सिंह परिहार का कहना है कि बाट माप निरीक्षक की जिम्मेदारी है कि वह खदानों में जाकर काटे का सत्यापन करे यदि कोई खदान पट्टाधारक सत्यापन नहीं कराता तो उनको जानकारी देना चाहिये, उनको चाहिये कि वह पुलिस का सहयोग लेकर परीक्षण करे खनिज अधिकारी का कहना है कि डंप का उठान काटे से नहीं होता है इसलिये परीक्षण का कोई नियम नही है।

क्या बोले तहसीलदार हमीरपुर

हमीरपुर। तहसीलदार हमीरपुर रवींद्र पाल का कहना है कि इस नियम की जानकारी नहीं है इसके लिये भूमि अधिनियम की नियमावली देखने के बाद ही कोई जानकारी दे पायेंगे। जरीब नापने के लिय तो लेखपाल व कानूनगो के दी जाती है।

दुकानदारों को बेदखल करने को लेकर सपा सांसद डीएम से मिले, समस्या हल करने को कहा

हमीरपुर। मुख्यालय हमीरपुर में राजकीय स्टेडियम के बाहर रेहड़ी.पटरी दुकानदारों को नगर पालिका द्वारा हटा कर वृक्षारोपण करने को लेकर सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने सभी दल के पदाधिकारियों के साज जिलाधिकारी से मिल कर ज्ञापन सौपा और समस्या का निदान करने को कहा। जानकारी के मुताबिक सीएम के आगमन को लेकर स्टेडियम के बगल की सभी दुकानों को हटाने के बाद वहा पर वृक्षारोपण कर दिया गया है जिससे करीब एक दर्जन दुकानदारों की दुकानों को बेदखल कर दिया गया है। इस को लेकर हमीरपुर महोवा के सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने सपा नेताओं के साथ जाकर डीएम घनश्याम मीना से मिले, कहा कि दुकानदार बेसहारा हो गए एवं उनका रोजगार खत्म हो गया। उसके पश्चात कुरारा में सांसद अजेंद्र सिंह लोधी का वाल्मीकि समाज द्वारा स्वागत किया गया तथा कुछ समय पूर्व स्व सुरेन्द्र यादव पूर्व राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा जलाला वाले जिनकी मृत्यु हो गई थी वहां पहुंचकर सांसद ने उनके परिवार से मिलकर सांत्वना दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इदरीश खान, नंदकिशोर शिवहरे, घनश्याम साहू, प्रदेश सचिव व्यापार सभा, ओमप्रकाश सोनकर, प्रदेश सचिव अनुसूचित मोर्चा युगांक मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका हमीरपुर बीटू यादव, प्रदेश सचिव युवजन सभा राघवेन्द्र यादव लकी, नगर अध्यक्ष सैयद उमर, जिला सचिव रिजवान खान, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा सुभान कुरैशी, सभासद मो जुनैद, सूर्यप्रताप यादव सहित आदि सपा के साथी उपस्थित रहे।

करंट की चपेट में आने से युवती की मौत, चार माह बाद होने वाली थी शादी

हमीरपुर(हमीरपुर)। नहाने से पहले कपड़े लेने जा रही युवती ने जैसे ही कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की तभी दरवाजे में अचानक करंट आ गया। जिस पर युवती करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई। करीब एक घंटे तक आहट न मिलने पर पड़ोसियों ने लोहे का दरवाजा तोड़ा और बेहोश पड़ी युवती को जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली के रमेड़ी मुहल्ला निवासी तेजप्रताप सिंह जनपद महोबा के कबरई स्थित क्रेशर में काम करते हैं। नवंबर में उसकी शादी होने वाली थी। इस घटना से मृतका के स्वजन बेहाल हैं। मृतका दो बहनों व एक भाई में बड़ी थी।

जिले के 19 गांवों से गुजरेगा ग्रीन फील्ड हाईवे, केंद्र की मंजूरी

कानपुर से कबरई तक 112 किलोमीटर बनेगा नया हाईवे

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कानपुर से कबरई के मध्य बनने वाले ग्रीन फील्ड हाईवे को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने हरी झंडी दे दी है। 3700 करोड़ की लागत से बनने वाले इस ग्रीन फील्ड हाईवे के लिए जमीन का अधिग्रहण 2 माह में शुरू हो जाएगा। इसके लिए जमीनों का चिन्हीकरण कर लिया गया है। यह ग्रीन फील्ड हाईवे हमीरपुर महोबा कानपुर नगर के 78 गांवों से गुजरेगा और इसको रमईपुर कानपुर के मगरासा के समीप से जोड़कर महोबा की सीमा पर छतरपुर इकोनामिक कॉरिडोर से जोड़कर 112 किलोमीटर बनाया जाएगा।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव ने बताया कि तीन माह पूर्व कानपुर कबरई ग्रीन फील्ड हाईवे का एलाइनमेंट तैयार करके स्वीकृत के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजा गया था। स्वीकृत देने से पूर्व एनपीजी (नेशनल प्लानिंग ग्रुपद्ध से अनापत्ति प्रस्ताव भेजा गया था। तभी से एनएचएआई के अधिकारी स्वीकृति का इंतजार कर रहे थे। अब इसकी स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि 2 माह में जमीन के अधिग्रहण की शुरुआत कर दी जाएगी। अभी कानपुर से कबरई टूलेन सड़क है। वाहनों का अधिक भार होने के कारण इस हाइवे 34 में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सैकड़ो लोग जान गवां चुके हैं। लोग इसको खूनी हाईवे के रूप में बोलते हैं। ग्रीन फील्ड हाईवे बनने से इस हाइवे में वाहनों का लोड कम होगा और हादसों में लगाम लगेगी। यह ग्रीन फील्ड हाईवे जनपद के 19 गावों से गुजरेगा। इसी तरह महोबा में यह 10 गांवों से गुजर रहा है। कानपुर नगर के 49 गांवों से इसको निकाला जा रहा है। यह शहर कस्बों के बजाय गांवों से होकर गुजरेगा। गांवों से गुजरने के कारण इन गांवों के विकास की उम्मीद बढी है। इसके बनने से लखनऊ से लेकर भोपाल तथा मुंबई का सफर बेहद आसान हो जाएगा। केंद्र सरकार इसके निर्माण में 3700 करोड़ का भारी भरकम बजट खर्च करेगी।

असेंट स्कूल के छात्रों ने निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़। मंगलवार को असेट पब्लिक स्कूल, के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता हेतु एक भव्य रैली निकाली। इस रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए नारे लगाए तथा पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली का उद्देश्य छात्रों और आमजन में पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रबल करना, प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना तथा स्वच्छता और हरियाली के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर अनेक प्रकार के स्लोगन जैसे पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, हरित पृथ्वी, स्वस्थ जीवन आदि गूंजते रहे, जिससे उपस्थित जनसमूह काफी प्रभावित हुआ। रैली में विद्यालय के चेयरमैन रमेश वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा की पर्यावरण की सुरक्षा हमारा नैतिक दायित्व है। बच्चों में इस चेतना का विकास करना अति आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज की रचना कर सकें। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के सचिव संदीप वर्मा ने कहा कि ऐसी रैलियों के माध्यम से न केवल विद्यार्थी बल्कि समाज के सभी लोग पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को महसूस करते हैं। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मंजू सिंह सिकरवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की बच्चों में प्रारम्भ से ही पर्यावरण संरक्षण की आदतें डालनी चाहिए। ऐसे कार्यक्रम छात्रों में नेतृत्व क्षमता, जागरूकता और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में और भी अधिक संख्या में पेड़ लगाए जाएंगे तथा नियमित रूप से पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाएं अधिकारी: डीएम

एक वर्ष से अधिक कार्यरत समस्त एफएसएसएआई अधिकारी के कार्य क्षेत्र का परिवर्तन किया जाए

कानपुर, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को जिलाधिकारी, जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद सुरक्षाअधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में खुफिया तंत्र सक्रिय कर मिलावटी सामग्री के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपदवासियों को शुद्ध एवं मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। जिलाधिकारी ने समस्त FSSAI अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (FSSAI) के अंतर्गत जनपद के समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मोमोज, समोसा आदि खाद्य सामग्री विक्रेताओं द्वारा प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की नियमित रूप से जांच करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि विक्रेताओं द्वारा मानक विहित (FSSAI मानक) खाद्य सामग्री का ही उपयोग किया जा रहा है। यदि किसी भी प्रकार की अमानक, मिलावटी या हानिकारक खाद्य सामग्री का प्रयोग पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल प्रभाव से विधिसम्मत कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि छापेमारी अथवा जांच कार्यवाही के दौरान अनावश्यक रूप से निर्दोष व्यक्तियों को परेशान न किया जाए, परंतु जो व्यक्ति दोषी पाए जाएं, उन्हें किसी भी दशा में छोड़ा न जाए और उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को प्रभावी, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संचालित किया जाए और जनहित में खाद्य सुरक्षा बनाए रखने हेतु पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें।

विचित्र बुखार के चलते युवक की मृत्यु

मौदहा, हमीरपुर। क्षेत्र में एक विचित्र बुखार के चलते युवक की हालत बिगड़ने पर भाई कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गया जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मारने लगे मोहल्ले में शोक की लहर छा गई। कस्बा रागौल निवासी जगरूप 48 वर्ष पुत्र दसवां की तबीयत खराब होने पर भाई जगराम कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर से परिजन गुहार मारने लगे मृतक के भाई जगराम ने बताया की दो.तीन दिन से भाई बुखार के बारे में बता रहा था जिसको दिखवाने के लिए सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

नमामि गंगे द्वारा खोदी गई सड़कों को अविलंब ठीक करें: एमएलसी जितेंद्र सिंह

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

विधान भवन याचिका समिति बैठक सभापति सतपाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, बैठक में ग्राम विकास विभाग, नमामि गंगे एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे सभापति द्वारा लंबित मामलों को निस्तारण कर कुछ मामलों को स्थगित किया गया, समिति के समक्ष अपने सुझावों में क्षेत्र में नमामि गंगे विभाग द्वारा पेयजल की पाइप के लिए खोदी गई सड़कों में गुणवत्ता पूर्वक कार्य न करना एवं कई स्थानों पर कार्य की प्रगति अपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति भी बाधित है जिससे ग्रामीणों को समस्या उत्पन्न हो रही है, समिति ने निर्देशित किया उक्त कार्यों को अभिलंब पूर्ण किया जाए। बैठक में विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, विजय बहादुर पाठक, सुधीर गुप्ता, ग्राम विकास अपर मुख्य सचिव हिमांशु कुमार, नमामि गंगे विशेष सचिव राजेश प्रजापति, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी की उपस्थित रहे।

शराब व्यापारी से लूट प्रकरण का खुलासा करने पर पुलिस अधीक्षक को किया सम्मानित

महोबा। शराब व्यापारी सुधांशु दीक्षित के साथ हुयी लूट प्रकरण में महोबा पुलिस ने खुलासा किया, एनकाउंटर मे एक बदमाश को गोली भी मारी इसलिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह को फूल माला, अंग वस्त्र, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि जिले में अपराध नियंत्रण बनाये रखना मेरी सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी. लोगों के बीच सौहार्द रखने की भी पूरी कोशिश रहेगी. उन्होंने कहा कि अगर आपको जिले के किसी भी थाना या पुलिस पदाधिकारी से कोई शिकायत है, तो आप बेझिझक मेरे पास उसकी शिकायत कर सकते हैं. इसके अलावा जिले में अगर कहीं भी अपराध की कोई घटना होती है, या इससे संबंधित किसी प्रकार की सूचना है, तो आप सीधे मेरे कार्यालय में आकर मुझे सूचना दे सकते हैं या फोन कर भी मुझे इसकी जानकारी दे सकते हैं. मेरा सबसे बड़ा प्रयास यह रहेगा की किसी भी मामले में कोई निर्दोष व्यक्ति के ऊपर कारवाई ना हो, और उसे बेवजह परेशान ना किया जाए।

नौ जुलाई को वृक्षारोपण महाअभियान की नोडल अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

वर्षा काल-2025 वृक्षारोपण महाअभियान हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी शाहिद मंजर अब्बास रिजवी (आईएएस) सचिव वित्त नें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की उपस्थिति में कलैक्ट्रेट सभागार में वन विभाग सहित सभी 26 अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। नोडल अधिकारी, द्वारा दिनांक 09 जुलाई को प्रदेश में लगाये जा रहे 37 करोड़ वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत जनपद महोबा में वन विभाग द्वारा रोपित की जा रही 3900200 पौध एवं अन्य विभाग द्वारा रोपित की जा रही 3405818 कुल 7306018 पौधों के रोपण की तैयारी की विभागवार पूर्ण समीक्षा की गयी। वर्षा काल-2025 में वन विभाग द्वारा अपने कुल 147 स्थलों/पैचों में गड्ढ़ा खुदान एवं बोना नालियों पर बीज बुआन के द्वारा रोपण किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा सुरक्षा हेतु वन ब्लाक के किनारे सुरक्षा खाई का खुदान किया गया है तथा उस पर जंगली कॉटेदार प्रजाति के बीज बोये जा रहे है। प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि वन क्षेत्र में प्रत्येक गड्ढों में गोबर की खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट का मिश्रण कर डाला गया। वन विभाग के साथ ही ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर जनपद के बड़ी ग्राम पंचायतों के 22 स्थलों पर 2000 से लेकर 5000 हजार तक पौधे एक साथ लगाये जा रहे है व उन पौधों की सुरक्षा हेतु तारवाड़ी एवं जाली लगाई गयी। जिलाधिकारी के द्वारा इन 22 स्थलों हेतु एक-एक रोपण प्रभारी तथा एक-एक नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी है।

समीक्षा के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, द्वारा बताया गया कि वन विभाग द्वारा वृहद वृक्षारोपण के साथ-साथ जनपद में विशिष्ट वनों की स्थापना की जा रही है, जिसके अन्तर्गत बिलबई वन क्षेत्र में अटल वन, मझोल वन क्षेत्र चरखारी में एकता वन, भण्डरा वन क्षेत्र में षौर्य वन, कान्हा गौशाला, अजनर में गोपाल वन सहित कुल 16 विषिश्ट वनों की स्थापना जनपद महोबा में की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में कुल 6 विलुप्त प्रायः नदियों चन्द्रावल, विरमा, गौची, अर्जुन, सिहू, क्योलारी को पुर्नजीवित किये जाने के प्रयास एवं कराये गये कार्यो नोडल अधिकारी द्वारा सराहना की गयी। वृक्षारोपण महाअभियान में व्यापार मण्डल द्वारा जनपद में 5000 पौधे लगवाये जा रहे है। 2000 पौधों में व्यापार मण्डल द्वारा ट्रीगार्ड एवं शेष 3000 पौधें बाउण्ड्री के अन्दर लगवाये जा रहे है। ग्रामोदय संस्थान द्वारा जनपद में कुल 7000 महिला किसानों के माध्यम से पौध लगवायी जा रही है। दिनांक 09.07.2025 को जनपद में कुमकुम धर, अध्यक्ष, बिरजू महाराज कथक सेवा संस्थान, लखनऊ के मुख्य अतिथि विधायक, विधान परिषद सदस्य, महोबा के द्वारा शिशु शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज, राठ रोड़ महोबा में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जायेगा, इसके बाद नोडल अधिकारी, द्वारा जनपद के विभिन्न विकासखण्डों में वन विभाग सहित अन्य विभागों के विभिन्न स्थलों पर वृहद वृक्षारोपण में प्रतिभाग किया जायेगा। बैठक में नोडल अधिकारी नें प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें तथा वृक्षों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी दिलाया जाए। किसानो की आय को बढ़ाने के लिए किसानों को फलदार पौधे दिए जाएं तथा पौधों को सुरक्षित रखने के लिए लोगों के सुझाव भी मांगे जाए तथा आम जनमानस को संदेश देते हुए कहा कि एक पौधा अपने मां के नाम जरूर लगाए। जीवन में पौधों का बहुत बड़ा महत्वपूर्ण है। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को फलदार वृक्ष दिए जाएं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके तथा वृक्षारोपण महाअभियान में बच्चे, युवा, बुजुर्ग एवं किसान बंधुओं को प्रतिभाग कराये एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, राम जी गुप्ता के साथ-साथ सभी अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री महादेव शिक्षा संस्थान महाविद्यालय रामनगर तरहर जनपद- गोण्डा (उ.प्र.)

आवश्यकता

परास्नातक स्तरपर कला संकाय के अन्तर्गत राजनीतिशास्त विषय में दो पद प्रवक्ता एक पद प्राचार्य

जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद बाराबंकी में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति, जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों पर विभागीय कार्यवाही तथा जनता से जुड़े विकास कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा करना था। अध्यक्षा के साथ समिति के सदस्य/सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ल, अंगद सिंह, किरणपाल कश्यप तथा डॉ. रतनपाल सिंह भी जनपद दौरे पर साथ रहे। समिति का स्वागत कलेक्ट्रेट परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया, जिसके पश्चात जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा समिति अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

- विधान परिषद विनियमन समीक्षा समिति द्वारा की गई विभागीय समीक्षा
- योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

बैठक में समिति की अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी एवं अन्य सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि बाराबंकी प्रशासन शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है, जो अनुकरणीय है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, समिति के अनुसचिव अरुण प्रकाश शर्मा, प्रतिवेदक सुधीर यादव, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, अपर जिलाधिकारी(वि0रा0) अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकसभागार में हुई व्यापक समीक्षा बैठक

बैठक के दौरान जनपद के विभिन्न विभागों को संबोधित माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों की विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही विधान परिषद में नियम 105, 110, 115, 111, 39, 39(क) व 223 के अंतर्गत पूछे गए प्रश्नों और सूचनाओं से संबंधित कार्यवाहियों का भी विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त पत्रों को गंभीरता से लेते हुए उन पर समयबद्ध, प्रभावी व पारदर्शी ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित जनप्रतिनिधियों को की गई कार्यवाही से यथाशीघ्र अवगत कराना अनिवार्य है। उन्होंने शासन की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता से जोड़ने पर बल दिया। समीक्षा बैठक में समिति सदस्य एवं जनपद से विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने जिले में संचालित विकास कार्यों, ग्रामीण सड़कों की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, युवा रोजगार, शिक्षा और अवस्थापना सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। इसके अतिरिक्त समिति के अन्य सदस्यगणो द्वारा भी विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए चाही गई सूचनाओं के सम्बंध में की गई कार्यवाहियों के सम्बंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाहियों का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने समिति को अवगत कराया कि जनहित से जुड़े विषयों पर प्रशासन संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है और शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों को प्रभावी ढंग से अमल में लाया जा रहा है। वहीं, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा समिति को जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग व्यवस्था एवं सामुदायिक भागीदारी के प्रयासों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने साइबर अपराधों में की गई त्वरित कार्यवाहियों से भी अवगत कराया।

भाकियू ने ज्योति गुप्ता को मनोनीत किया महिला इकाई का जिलाध्यक्ष

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष बिनोद वर्मा ने कस्बा बदोसराय की रहने वाली ज्योति गुप्ता को महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया।

नवनियुक्त महिला जिला अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि वह संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगी। उन्होंने संगठन का विस्तार करने और इसके उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।मंगलवार को आयोजित इस बैठक में कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें युवा जिला अध्यक्ष राधे वर्मा, ब्लॉक प्रभारी शिवराज रावत, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार शामिल थे। इसके अलावा लल्लन वर्मा, सल्लू यादव, बृजलाल और राम मौज सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। किसान कार्यकर्ताओं ने ज्योति गुप्ता को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनसे जिम्मेदारी का बेहतर निर्वहन करने की अपेक्षा की।

खबरें एक नजर में

जल जीवन मिशन की बाउंड्रीवाल बारिश में ढही, दुबारा शुरू हुआ निर्माण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के किशुनदासपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी की बाउंड्री वॉल का पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो गया है। 30 जून को हुई बारिश के कारण यह दीवार गिर गई थी। मंगलवार को पानी टंकी की पिछली दीवार का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस बार विशेष ध्यान रखते हुए पिलर पर बाउंड्री वॉल बनाई जा रही है। जल जीवन मिशन के अधिकारियों ने बताया कि टंकी के पीछे स्थित खेत में किसान पंपिंग सेट लगाकर सिंचाई करते थे। इससे दीवार के पास लगातार नमी बनी रहती थी। यही कारण था कि बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त होकर गिर गई।जल जीवन मिशन की अवर अभियंता सौम्या श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभावित किसान को नर्सरी का मुआवजा दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि खेतों की स्थिति को देखते हुए इस बार पिलर आधारित मजबूत बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

बाइक सवार वनरोज से टकराया, वृद्ध की मौत

सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। असंद्रा थाना क्षेत्र में मंगलवार को वनरोज की टक्कर से बाइक सवार एक वृद्ध की मौत हो गई । इसकी सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम को भेजा है। थाना क्षेत्र के बाजपुर मजरे खरिकाफूल गांव निवासी रामकिशोर वर्मा (80) पुत्र स्व. बालकराम वर्मा मंगलवार सुबह बाइक (विक्की) से असंद्रा बाजार की ओर जा रहे थे। तिलक पुरवा गांव के समीप पहुंचने पर सड़क पर अचानक आए नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई।जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर उन्हें सीएचसी सिद्धौर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी ही मौत हो गई। इसकी सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक क्षेत्रीय किसान नेता शांतिभूषण वर्मा के पिता हैं। हादसे की जानकारी होते ही संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

खेत तालाब योजना में तालाब खुदवाने का सुनहरा अवसर

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। कृषि विभाग के भूमि संरक्षण अनुभाग द्वारा किसानों के लिए खेत तालाब योजनान्तर्गत तालाब खुदवाने का सुनहरा अवसर आया है। जिला कृषि अधिकारी राजितराम ने बताया है कि जनपद-बाराबंकी को वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत कुल 52 खेत तालाबों में सामान्य/पिछड़ी जाति के 48 एवं अनुसूचित जाति के 04 तालाबों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कृषकों का चयन ''प्रथम आवक प्रथम पावक' विधि से आनलाईन पोर्टल के माध्यम से होना है जो किसान योजना का लाभ लेना चाहते है। वह विभागीय पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in पर खेत तालाब हेतु बुकिंग'' लिंक पर जा कर बुकिंग कर सकेंगे। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, गोमती पल्हरी बाराबंकी से सम्पर्क कर सकते है। इच्छुक कृषक आनलाईन बुकिंग के साथ ही आनलाईन पेमेन्ट के माध्यम से टोकन धनराशि रू0 1000.00 जमा करने के उपरान्त ही चयन माना जायेगा। कृषक चयन के 10 दिवस के अंदर अभिलेख यथा खतौनी, घोषणा पत्र पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। खेत तालाब का आकार 22 मी0 लम्बाई, 20 मी0 चैड़ाई, 3 मी0 गहराई । खेत तालाब की कुल लागत-1.05 लाख है। अनुदान की धनराशि रू0 52500.00 को दो किस्तों में भुगतान किया जायेगा। लाभार्थी को खेत तालाब योजना का लाभ लेने हेतु पहले उद्यान विभाग की पोर्टल पर पंजीकरण कराते हुए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करना अनिवार्य है। लाभार्थी कृषक जिन्होंने पूर्व में उद्यान विभाग से सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित कर लिया है। ऐसे कृषक भी तालाब निर्माण हेतु आवेदन कर सकता है। तालाब के लाभार्थी को पम्पसेट पर 50 प्रतिशत अथवा रु. 15000.00 जो कम हो, का अनुदान दिया जायेगा।

नौ वांछित गिरफ्तार, 51 के विरूद्ध शांति भंग की कार्रवाई

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित , वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने 09 वारण्टी व 07 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है तथा 51 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना असन्द्रा पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 266/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. नरेन्द्र वर्मा पुत्र रामसमुझ वर्मा, 2. रामसमुझ वर्मा पुत्र नागेश्वर निवासीगण ग्राम चिरैंधा मजरे हकामी थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना मो0पुर खाला पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को मु0अ0सं0 382/2025 धारा 64(1)/352/351(3) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट, 3(2)V एस.सी./एस.टी. एक्ट में वांछित अभियुक्त प्रवेश उर्फ किच्चा पुत्र रामसुमिरन यादव निवासी अब्दुलापुर थाना मो0पुर खाला जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 294/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त दीपक चौधरी पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम सखमदा मजरे भयारा थाना जहाँगीराबाद जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना घुंघटेर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 241/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस व 11(ढ्ढ1)/12 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सूरज मौर्या पुत्र धनीराम उर्फ धनराज निवासी ग्राम देविनपुरवा थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 328/2025 धारा 64/87/137(2) बीएनएस व 5स्/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मोहम्मद आमिर अली पुत्र जमील निवासी ग्राम बडनपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 316/2025 धारा 87/69/333/351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र दीपू कश्यप निवासी बासिनपुरवा मजरे अल्लाहपुर रानीमऊ थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा 07 अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत निरोधात्मक कार्यवाही की गयी।

चोरों ने विद्यालय को बनाया निशाना, इन्वर्टर बैटरी सहित उठा ले गए अभिलेख

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

विकासखंड त्रिवेदीगंज के संविलियन विद्यालय गौरवा उस्मानपुर में अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और विद्यालय के सभी कमरों का ताला तोड़कर एक इनवर्टर तीन बैटरी सहित अन्य अभिलेख उठा ले गए। चोरों ने कुछ शैक्षिक सामग्री को विद्यालय में इधर-उधर फेंक भी दिया। आज सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तब चोरी का पता चला। प्रधानाध्यापक ने थाना लोनी कटरा में

लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जानकारी मिल गई है पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्यवाही करेगी।

सीओ ने चलाया अभियान ▸ चौराहे से होकर गुजरने वाली बसों को हैदरगढ़ स्टेशन पर भेजा

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

नगर के मुख्य चौराहे को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए मंगलवार को पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में अभियान चलाया गया। जिसके तहत लखनऊ सुल्तानपुर से आने वाली बसों को बस स्टेशन के अंदर भेजा गया। जिसके चलते यात्रियों को काफी राहत का एहसास हुआ।

मंगलवार की दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर स्थित बस स्टेशन पर बसो की लाइन लगने लगी। लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर चलने वाली बसों को अचानक स्टेशन पर देखकर लोग हैरत

में पड़ गए। पता चला कि नगर के मुख्य चौराहे को जाम से निजात दिलाने के लिए कोतवाली व यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। यहां पर चौकी इंचार्ज कपिल देव यादव एवं यातायात उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह द्वारा अभियान चला कर लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर चलने वाली लंबी दूरी की बसों को स्टेशन पर भेजा जा रहा था। जिससे चौराहे को जाम से निजात दिलाई जा सके। उल्लेखनीय है कि लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर चलने वाली बसों की वजह से बड़ी संख्या में विभिन्न शहरों के लिए यात्रा करने वाले हजारों यात्री सड़क के किनारे खड़े होकर बसो का इंतजार करते रहते हैं जिसकी वजह से चौराहे पर जाम लगा रहता है और आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में लोग काल कवलित होते रहते हैं। इसी बात को संज्ञान में लेते हुए आज पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह के निर्देश पर चले अभियान में जहा बसों को स्टेशन की तरफ घुमाया गया वहीं इसको लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों से बातचीत भी की गई और उनको लॉन्ग रोड पर चलने वाली बसों को स्टेशन पर रोकने के लिए कहा गया। जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम से छुटकारा मिल सके और होने वाली दुर्घटनाओं पर विराम भी लग सके।

पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की 18वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की 18वीं पुण्यतिथि पर गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गांधी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में चन्द्रशेखर के साथी रहे राजनाथ शर्मा एवं पूर्व विधायक सरवर अली खान व सपा नेता ज्ञान सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। स्मृति सभा की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने चंद्रशेखर के जीवन को याद किया।

उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर ने सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे एक समाजवादी विचारक और सादगी के प्रतीक थे। प्रधानमंत्री रहते हुए भी उन्होंने सादा जीवन जिया। वे हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं समझते थे। श्री शर्मा ने

बताया कि मुझे चंद्रशेखर जी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला। वह युवा तुर्क के रूप में हर शख्स के दिलों पर राज करने वाले जननेता थे। स्व चंद्रशेखर भारतीय राजनीति के पुरोधा ही नहीं बल्कि समाजवादी आंदोलन के योद्धा भी थे।

सन् 1973-75 के राजनीतिक उथल पुथल के दौर में जयप्रकाश नारायण से काफी प्रभावित थे और कांग्रेस में रहते हुए भी वे पार्टी की नीतियों के प्रबल आलोचक बन गए थे। जिस कारण आपातकाल लागू होने के बाद उन्हें मीसा के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि वह कांग्रेस के केंद्रीय निर्वाचन और कार्यकारी समिति के सदस्य थे। वह सत्तारूढ़ दल के गिरफ्तार होने वाले चंद नेताओं में से एक थे।

पूर्व विधायक सरवर अली खान ने चंद्रशेखर की ऐतिहासिक पदयात्रा का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वे एक जनआंदोलन के नेता और लोकतंत्र के रक्षक थे। गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों के हक के लिए उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। वरिष्ठ सपा नेता ज्ञान सिंह यादव ने कहा कि चंद्रशेखर ने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और जनहित को सर्वोपरि रखा। समाजसेवी विनय कुमार सिंह ने कहा कि स्व चन्द्रशेखर एक गरीब किसान के बेटे थे। जिन्होंने अपनी योग्यता, कार्य क्षमता और दृढ इच्छा शक्ति से देश का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री के तौर पर किया।

उन्होंने हमेशा शक्ति और पैसे की राजनीति को दरकिनार करके सामाजिक बदलाव और लोकतांत्रिक मूल्यों की राजनीति पर जोर दिया। सभा में मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, सत्यवान वर्मा, साकेत संत मौर्य, श्रवण यादव, धनंजय शर्मा, नीरज दूबे, विनोद भारती, राजेश यादव, राकेश शर्मा, विजय कनौजिया, रणंजय शर्मा, जयकरन वर्मा, अंकित शर्मा, मो तौफीक अहमद समेत कई लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

हुसैनी लंगर में शामिल हुए सैकड़ों लोग

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सट्टी बाजार में सोमवार को दोपहर 2 बजे आयोजित हुसैनी लंगर में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। यह कार्यक्रम आल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसके संयोजक संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन थे। कार्यक्रम की शुरुआत हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए हुई। उपस्थित लोगों को करबला की घटना और इमाम हुसैन की कुर्बानी के बारे में बताया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर वसीम राईन ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने करबला में अपने प्राणों की आहुति देकर यह संदेश दिया कि अन्याय और जुल्म के आगे कभी झुका नहीं जाता। उनका जीवन इंसानियत, हक़ और न्याय के लिए संघर्ष की मिसाल है। हुसैनी लंगर केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है।÷ उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल इमाम हुसैन की कुर्बानी को नई पीढ़ी तक पहुँचाया जा सकता है, बल्कि समाज में एकता और शांति का संदेश भी मजबूत होता है। लंगर में सभी समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम ने गंगा-जमुनी तहज़ीब की एक सुंदर मिसाल पेश की।

सेंधमारी कर मेन्था ऑयल नगदी सहित हजारों की चोरी

फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। घुघटेर थाना क्षेत्र के ढिकोलिया गांव में चोरी की वारदात सामने आई है।दुर्गेश यादव के घर में चोरों ने सेंधमारी कर करीब 25 किलो मेंथा आयल,40 किलो फूल के बर्तन और 15 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया।जानकारी के अनुसार चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दिया।दुर्गेश यादव उस समय अपने घर के बरामदे में सो रहे थे। उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी।सुबह जब वह घर के पीछे गए तो दीवार में लगी सेंध देखकर चोरी का पता चला। दुर्गेश ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी।पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने थाने में जाकर प्रार्थना पत्र दिया है।कोतवाल बेचू सिंह यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।चोरी की इस वारदात से गांव में डर का माहौल है।ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की गश्त पर सवाल उठ रहे हैं।इस वजह से चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं।पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश की जा रही है।

मूंग क्रय केंद्रों की धीमी प्रगति पर डीएम नाराज, लापरवाहों पर होगी कार्रवाई

- अब तक केवल 580.250 क्विंटल की हुई खरीद

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत जनपद में संचालित मूंग क्रय केंद्रों की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाह क्रय केंद्र प्रभारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए और आवश्यकता पड़ने पर केंद्रों के निरस्तीकरण की संस्तुति भेजी जाए।

उन्होंने जानकारी दी कि जनपद में कुल 17 मूंग क्रय केंद्र संचालित हो रहे हैं, जिनमें बी-पैक्स लिमिटेड, क्रय विक्रय समिति, काशी एग्रो परपज कोऑपरेटिव, श्री गुरुकृपा कृषि मंडी समिति, स्वर जनधन

समिति, सेल्टर एग्रो टेक, बुलंदशहर एग्रो, एग्रो एनोवेट, अमृत ग्रीन फार्मर कंपनी, एवीएन मल्टी स्टेट तथा न्यू जेनरेशन एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी शामिल हैं। बावजूद इसके, अब तक केवल 260.700 क्विंटल मूंग की ही खरीद हो सकी है, जो लक्ष्य की तुलना में अत्यंत कम है। जिलाधिकारी ने कहा कि मूल्य समर्थन योजना का उद्देश्य किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपज का सीधा लाभ दिलाना है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सशक्त हो सके। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्रों में मूंग उत्पादक किसानों का पंजीकरण कराएं, खसरा-खतौनी से मिलान कर वास्तविक कृषकों की पहचान सुनिश्चित करें और उन्हें क्रय केंद्रों पर बुलाकर तेजी से खरीद कार्य कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिचौलियों की संलिप्तता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई किसान दूसरों की खतौनी लेकर क्रय केंद्र पर आता है, तो उसका सत्यापन उप जिलाधिकारी से कराया जाए। इससे पात्र किसान को ही लाभ मिल सकेगा और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक क्रय केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से सक्रिय रहें, और पूरी खरीद प्रक्रिया निगरानी में की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत का सटीक समाधान किया जा सके। सभी क्रय केंद्रों पर छाया, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जहां कहीं भी लापरवाही या उदासीनता पाई गई, वहां संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, एडीसीओ, कृषि अधिकारी गौरव यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

परिवार परामर्श केन्द्र की काउंसलिंग में दम्पति के मध्य हुआ सुलह समझौता

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण के क्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (परिवार परामर्श केन्द्र) प्रभारी उ0नि0 साधना सिंह द्वारा पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी 01 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्ष के मध्य आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का पूर्व में घरेलू नाम आयुषी मित्रा आधार कार्ड में अंकित हो गया था जो गलत है। जबकि विद्यालय के आवश्यक अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम आयुषी देवी है जो सही है।

अतः भविष्य में मेरी पुत्री को आयुषी देवी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम जमकोहना थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी।

स्कूली वाहनों के चेकिंग में 32 के चालान, नौ के विरुद्ध कार्रवाई

- जिन वाहनों की फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, परमिट की वैधता समाप्त हो गयी उनको दुरुस्त करा लें
- बसों में 2 एवं वैन में 1 अग्निशमन यंत्र के साथ फर्स्ट एड बॉक्स जरूरी

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र 24 जून 2025 द्वारा स्कूलों में संचालित वाहनों की पूर्णतया जांच करने एवं मानक विहीन वाहनों के विरुद्ध 1 से 15 जुलाई 2025 तक विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

उक्त के अनुपालन में 1 से 8 जुलाई 2025 तक परिवहन विभाग द्वारा मानक विहीन स्कूली वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर 32 वाहनों के चालान व 9 वाहनों के विरुद्ध निरुद्ध की कार्यवाही की गयी तथा वाहन चालकों व परिचालकों को सुरेश कुमार वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन एवं प्रवर्तन) जालौन द्वारा यथा आवश्यक निर्देश दिए गए। पुनः जनपद के समस्त विद्यालय संचालकों, प्रबन्धकों, प्रधानार्यों को सूचित किया जाता है कि जिन वाहनों की फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, परमिट की वैधता समाप्त हो गयी

है उनको दुरुस्त करा लें तथा वाहन को मानक के अनुरुप कराकर फिटनेस की जाँच हेतु उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत कर स्वस्थता प्रमाण पत्र (फिटनेस) अवश्य प्राप्त करलें एवम् पंजीयन में जो सीटिंग क्षमता निर्धारित है उससे ज्यादा छात्र-छात्रायें न बैठायें। यदि मार्ग चेकिंग के दौरान कोई भी वाहन मानक विहीन, अनफिट, सीटिंग क्षमता से अधिक छात्र-छात्राओं को लाते या ले-जाते पाया जाता है तो उक्त वाहन के साथ-साथ वाहन स्वामी, विद्यालय प्रबन्धन के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व वाहन स्वामी, विद्यालय प्रबन्धन का होगा। उन्होंने स्कूल बस, वैन हेतु विशेष नियम के सम्बंध में बताया कि वाहन पीले रंग का हो, स्कूल का नाम लिखा हो, बसों में 2 एवं वैन में 1 अग्निशमन यंत्र अवश्य हो, फर्स्ट एड बॉक्स अवश्य हो, गति सीमा यंत्र लगा हो, नियमानुसार सीट बेल्ट का प्रावधान है, प्रेशर हॉर्न, मल्टीटोन हॉर्न न लगा हो, स्कूल बसों में आपातकालीन खिड़की, द्वार अवश्य हों, स्कूल बसों की खिड़की पर स्टील की छड़ क्षैतिज लगी हो, स्कूल बसों में सीट के नीचे स्कूल बैग रखने की जगह हो, बसों के प्रवेश द्वार पर हैण्डरेल लगा हो, वाहन पर पुलिस, फायर, एम्बुलेंस, हॉस्पिटल, प्रबन्धक, प्रधानाचार्य, चालक, परिचालक का नम्बर अंकित होना अनिवार्य है।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति मोहम्मदी, खीरी

पत्रांक - कृ.उ.म.स./2025-26/सफाई निविदा/1733 दिनांक- 08.07.2025

(सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल मोहम्मदी खीरी यार्ड के साफ-सफाई कार्य हेतु निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन दिनांक 15.07.2025 तक निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदायें के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते है, प्रकाशन की तिथि से दिनांक 15.07.2025 तक निविदा फार्म (तकनीकी एवं फाइनेन्शियल)अलग-अलग निर्धारित शुल्क जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है, जिसकी तकनीकी एवं फाइनेन्शियल बिड दिनांक 16.07.2025 व समय अपरान्ह 2:30 बजे तक समिति कार्यालय में अनुरक्षित बाक्स में आवश्यक डाल दे, जो निर्धारित तिथि एवं समयावधि के उपरांत स्वीकार नहीं की जायेगी, उक्त निविदा टेण्डर दिनांक 16.07.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे गठित निविदा कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष तकनीकी बिड खोली जायेगी, तथा तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरांत तद्दिनांक में ही फाइनेशियल बिड खोली जायेगी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृति/अस्वीकृत एवं निरस्त करने का अधिकार

टूटी पुलिया की लापरवाही ने फिर छीनी राहगीर की सुरक्षा

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका की लापरवाही के चलते हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज के खेल मैदान के सामने टूटी पड़ी पुलिया एक बार फिर हादसे का कारण बनी।

सोमवार की दोपहर बनवारी नगर मोहल्ले की तरफ से आ रही कार का पिछला टायर इसमें जा।गेरा। हादसा होते ही लोग दौड़ पड़े और कर में बैठे लोगों को किसी तरह से बाहर निकाला। इससे पहले 7 जून को एक बाइक सवार युवक इस नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि उसे गंभीर चोटें नहीं आईं।

स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक और उसकी बाइक को नाले से बाहर निकाला। इस पुलिया की दक्षिणी दीवार मार्च में एक वाहन की टक्कर से टूट गई थी, जिसकी मरम्मत के लिए नगर पालिका ने कोई कदम नहीं उठाया। पांच माह पहले इस खतरे को उजागर करते हुए खबर प्रकाशित की गई थी, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है। पिछले वर्षों में भी इस पुलिया में गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बनवारी नगर को कैरदा रोड से जोड़ने वाली इस संकरी पुलिया से भारी वाहनों का आवागमन भी एक बड़ा कारण है। स्थानीय निवासियों और एसबीवीएस संस्था के प्रमुख गौरव अमर त्रिपाठी ने नगर पालिका चेयरमैन मनोज दुबे से शीघ्र मरम्मत की मांग की है। त्रिपाठी ने बताया कि पहले भी इस मुद्दे पर धरना देना पड़ा था। उन्होंने सुझाव दिया कि नगर पालिका को ओवरलोडेड वाहनों और उनके स्वामियों से हर्जाना वसूलना चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगे। मोहल्ले वालों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करेंगे।

इस बारे में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जेई को मौके पर भेजा गया था। पुलिया की मरम्मत का एस्टीमेट तैयार हो गया है। जल्द ही यहां पर कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

समस्याओं को लेकर सांसद अखिलेश यादव से रोविन यादव ने की मुलाकात

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव एवं नवीन मंडी के महामंत्री रोविन यादव ने लखनऊ में सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। रोविन ने छिबरामऊ की राजनीतिक स्थिति और नवीन मंडी में व्याप्त अनियमितताओं के बारे में विस्तार से बताया। अखिलेश यादव ने उनकी बात को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान रोविन ने सांसद को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया, जिसमें अखिलेश यादव के कन्नौज से पहले चुनाव से लेकर हालिया चुनाव तक की तस्वीरें थीं।

अखिलेश ने रोविन की सक्रियता की प्रशंसा की और उन्हें राजनीति में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित किया। मुलाकात में खड़नी प्रधान सुधीर पाल, गाड़िया पाह प्रधान अवदेश यादव और रुर प्रधान विनेश पाल भी उपस्थित रहे।

चोरो ने घर में घुसकर नगदी सहित लाखों के जेवरात किये चोरी

समधन, समृद्धि न्यूज़। अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरे में रखी अलवारी में रखी नगदी सहित सोने व चांदी के जेवरात चोरी करके फरार हो गये गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के समधन नगर निवासी अवधेश कुमार शर्मा के घर पर बीते सोमवार रात अज्ञात चोर मकान के पीछे दीवार पर चढकर कमरे में

घुसकर अलवारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी करीब नब्बे हजार रुपये एक 20 ग्राम का सोने का हार एक 5 ग्राम का एक मंगल सूत्र 10 ग्राम की तीन अंगूठी एक जोड़ी चांदी की पायल चुराकर ले जा रहे तव तक महिलाएं जाग गई तो चोरों का विरोध किया तो उन्होंने महिलाओं के साथ मारपीट कर जान-माल की धमकी देते हुऐ फरार हो गये इसके वाद चोरी की घटना को 112 नम्बर डायल करके पुलिस को जानकारी दी गई वाद में समधन चौकी प्रभारी संजीव कटारा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर चोरी की घटना की जांच की गई।

मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर की गई समीक्षा

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

अभिभावकों से जुड़ने की अपील

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं व कार्यों की समीक्षा कर बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इस योजना से जुड़ें। इस दौरान राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष अतुल शर्मा ने भी केंद्र का दौरा किया और छात्रों से उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने केंद्र को सुचारु रूप से संचालित करने में हर संभव सहायता का वादा किया। कोचिंग सेंटर के कोऑर्डिनेटर प्रदीप सिंह सहित शिक्षक भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि 24 नवंबर 2023 को समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण व विधायक अर्चना पांडेय ने नगर पालिका रोड स्थित प्रभात कुमार दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज में इस केंद्र का शुभारंभ किया था। यहां छात्र-छात्राओं को नीट, जेईई मेन और सिविल सर्विस की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाती है।

समाजवादी व्यापार सभा की बैठक में हुई समस्याओं पर चर्चा

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज। नगर में पीपल चौराहे के समीप समाजवादी व्यापार सभा के कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर ने नगर पालिका द्वारा मनमाने ढंग से अतिक्रमण अभियान चलाने पर रोष जताया। बिजली समस्या पर चिंता जताते हुए तोमर ने कहा कि भीषण गर्मी में लंबे समय तक बिजली कटौती से व्यापार प्रभावित हो रहा है। सौ शैया अस्पताल में मरीज से किए जा रहे दुर्व्यवहार से एसडीएम को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। उन्होंने व्यापारियों से समाजवादी पार्टी को मजबूत कर आगामी विधानसभा चुनाव में सपा प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया। बैठक में कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिला महासचिव शीलू खान, अशोक चौहान, राजन गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, गोविंद यादव, अयान, विपिन वर्मा, उज्जवल गुप्ता, अमित वर्मा, खुशीराम, विकास उर्फ टोनी, रामू वर्मा, सुशांत गुप्ता एवं टीपू वर्मा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

विस चुनाव की तैयारी में जुटें सपा कार्यकर्ता : ताहिर हुसैन सिद्दीकी

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सपा के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ हाइवे स्थित राजू प्रधान की आरा मशीन पर बैठक कर कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी रणनीति पर काम शुरू करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव को और मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा, ताकि प्रदेश में सपा की सरकार बन सके। उन्होंने भाजपा सरकार पर भेदभाव, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी और महंगाई को चरम पर पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिजली, थाना, कोतवाली, तहसील और सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार आम जनता के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और सरकारी जमीनों पर कब्जे हो रहे हैं। जनता ऐसी सरकार से त्रस्त है और 2027 में इसे उखाड़ फेंकना चाहती है। पूर्व विधायक ने पुराने और नए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें संगठित होने और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति के तहत जनता के बीच जाने को कहा। इस दौरान सपा के वरिष्ठ नेता बृजपाल शाक्य, वसीम कुरेशी, मुजफ्फर खान, जिला पंचायत सदस्य संदीप यादव, शैलू यादव, प्रवेश यादव, शैलेंद्र सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रेप के आरोपी नबाब सिंह की 1.46 करोड़ की संपत्ति कुर्क

- प्रशासन ने दो दिनों में कुल 2.38 करोड़ की संम्पत्ति जब्त

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

कुर्क की कार्यवाई करते प्रशासनिक अधिकारी

किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख नबाब सिंह यादव व साक्ष्य मिटाने के आरोप में नीलू यादव जेल में बंद है। प्रशासन ने अपराध से अर्जित 1,46,00,000/- रूपये कीमत की संम्पत्ति कुर्क की कार्यवाई की। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के आदेशानुसार एसडीएम सदर नवनीता राय, सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, तहसीलदार सदर, थाना प्रभारी गुरसहायगंज आलोक कुमार दुबे, थाना प्रभारी कोतवाली जितेंद्र प्रताप सिंह ने कानूनी कार्यवाही के तहत गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तगण नवाब सिंह यादव पुत्र स्व. चेतराम, वीरपाल उर्फ नीलू यादव पुत्र स्व. चेतराम निवासीगण ग्राम अडंगापुर के द्वारा समाज विरोधी क्रियाकलाप करके अवैध रूप से अर्जित धन से अपनी मां मूला देवी व पत्नी सुशीला देवी के नाम मौजा गदनपुर बड्डू व कंधरोली बांगर में लगभग 34 बीघा जमीन क्रय की गयी थी। जिन्हें गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अंतर्गत उक्त जमीन व उस पर बनी चार दिवारी कीमत 1,46,00,000/- एक करोड़ छयालीस लाख रुपये को नियमानुसार मुनादी कराते हुये बार्ड लगवा कर कुर्क किया गया।

इससे पहले प्रशासन ने सोमवार को अवैध रूप से अर्जित कन्नौज में पुलिस लाइन के सामने दो भूखंड 92,06,619 बानवे लाख छः हजार छः सौ उन्नीस रुपये को नियमानुसार की कुर्क कार्यवाई की थी। प्रशासन ने दो दिनों में कुल 2.38 करोड़ की संम्पत्ति जब्त की।

सपा नेता से अस्पताल में हुई अभद्रता का मामला गरमाया

- सपा ने की आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय में कैंसर पीड़ित सपा नेता मोहसिन खान के साथ हुई अभद्रता का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को सपा के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने अस्पताल पहुंचकर इस घटना का संज्ञान लिया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। इससे पहले सपा नेता व पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने भी मामले को उठाया था।

मालूम हो कि रविवार की शाम मोहल्ला जेर किला निवासी सपा नेता मोहसिन खान उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचे थे, यहां स्टाफ के वार्ड बॉय ने उनके सपा से जुड़े होने का उल्लेख कर अभद्रता की। यहा तक कि उनके भाई अहसन खान के साथ गाली-गलौज करते हुए कथित तौर पर कहा यहा अब सपा की नहीं चलेगी, अखिलेश यादव भी नहीं घुस पाएंगे। इस घटना की सूचना मिलते ही सपा कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया। मंगलवार को पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डा. सुनील कुमार सिंह से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सीएमएस ने कार्रवाई नहीं की, तो सपा कार्यकर्ता जिलाधिकारी से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। जरूरत पड़ने पर अनशन का रास्ता भी अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में बनाए गए सौ शैया अस्पताल में सपा से जुड़े लोगों को ही आने पर पाबंदी लगाए जाने की बात बहुत ही निंदनीय है और लोकतंत्र के साथ मरीजों के सम्मान पर हमला है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने मामले को गंभीरता से लेकर जिलाधिकारी से फोन पर बात की, जिसके बाद मोहसिन खान को अस्पताल में निजी कमरा उपलब्ध कराया गया।

सीएमएस ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान सपा कार्यकर्ता उमेश पाल, रायसिंह यादव, रोविन सिंह व अंकुर यादव मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

कर्म अच्छे करें भक्त का भला तो भगवान जरूर करेंगे : आचार्य

समधन, समृद्धि न्यूज़। श्रीमदभागवत कथा के दौरान आचार्य ने भक्तों को बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में कर्म अच्छे करने चाहिए फल की आशा कभी नहीं करना चाहिए क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर स्थित प्राइमरी स्कूल के पास चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा सुनाते हुऐ आचार्य रजनेश शास्त्री ने भक्तों को गोवर्धन पूजा से मनुष्य को वासना से हटकर उसके मन को साधना की ओर लगाना गोवर्धन पूजा संदेश देती है आचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व कंस वध की लीला का रसपान कराते हुऐ कहा कि इस धरती पर जब जब घोर अत्याचार बढ़ता है तब भगवान किसी न किसी रूप में इस धरती पर जरूर जन्म लेकर विनाश करते हैं जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया वैसे भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था आचार्य ने भक्तों को बताया कि आपसी वैमनुषयता को समाप्त करके समाज में भाईचारे से रहने का संदेश दिया उन्होंने भक्तों से कहा ईश्वर का स्मरण जरूर करें इस अवसर पर परीक्षित, श्रीकृष्ण सिंह, पूर्व प्रधान रामप्रकाश यादव, मान सिंह, पिन्टू यादव, आलोक एडवोकेट, कुलवीर सिंह, मोहित, हेमू आदि सैकड़ों भक्त गण मौजूद रहे।

प्लास्टिक उन्मूलन अभियान के तहत निकाली रैली

समधन, समृद्धि न्यूज़। शासन के निर्देश पर प्लास्टिक उन्मूलन अभियान के तहत डीपीएम के नेतृत्व मे रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया समधन नगर पंचायत कार्यालय परिसर से एक प्लास्टिक उन्मूलन अभियान के तहत जिला प्राग्राम मैनेजर शिबम सिंह के नेतृत्व में टाउन कर्मचारियों ने मंगलवार को एक रैली नगर के मैन सड़क पर निकाली गई जिसमें नगर के दुकानदारों को प्लास्टिक की थैली प्रयोग न करने की सलाह दी गई डीपीएम ने दुकानदारों से कहा कि प्लास्टिक थैली की जगह कपड़े व कागज का लिफाफा प्रयोग करने की अपील की गई उन्होंने दुकानदारों को कपड़े के थैली वितरित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अंकित कुमार दुबे, विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ अली, बकार अहमद, रफ़ी अहमद, सफाई नायक सुनील कुमार व नरेश चन्द्र, बबलू आदि मौजूद रहे।

दंपति को मारपीट कर किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। परिवार के लोगो ने युवक से बेबजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जब युवक की पत्नी ने उसे बचाने का प्रयास किया। तो आरोपितों ने उससे भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी विजय पुत्र शिवशंकर ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 08 जुलाई की सुबह करीब 09 बजे उसके परिवार के ही 04 लोगों ने बेबजह उससे गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जब उसकी पत्नी शिवानी ने उसे बचाने का प्रयास किया। तो आरोपितों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता के लिए हरी खाद आवश्यक : डॉ अरविंद

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि मृदा उर्वरता एवं उत्पादकता बढ़ाने में हरी खाद का प्रयोग अति प्राचीन काल से चला आ रहा है। सघन कृषि पद्धति के विकास तथा नकदी फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल बढ़ने के कारण हरी खाद के प्रयोग में निश्चय ही कमी आई। लेकिन बढ़ते ऊर्जा संकट, उर्वरकों के मूल्यों में वृद्धि तथा गोबर की खाद जैसे अन्य कार्बनिक स्रोतों की सीमित आपूर्ति से आज हरी खाद का महत्व और भी बढ़ गया है। दलहनी एवं गैर दलहनी फसलों को उनके वानस्पतिक वृद्धि काल में उपयुक्त समय पर मृदा उर्वरता एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए जुताई करके मिट्टी में अपघटन के लिए दबाना ही हरी खाद देना है। भारतीय कृषि में दलहनी फसलों का महत्व सदैव रहा है। ये फसलें अपने जड़ ग्रन्थियों में उपस्थित सहजीवी जीवाणु द्वारा वातावरण में नाइट्रोजन का दोहन कर मिट्टी में स्थिर करती है। आश्रित पौधे के उपयोग के बाद जो नाइट्रोजन मिट्टी में शेष रह जाती है उसे आगामी फसल द्वारा उपयोग में लायी जाती है। इसके अतिरिक्त दलहनी फसलें अपने विशेष गुणों जैसे भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने, प्रोटीन की प्रचुर मात्रा के कारण पोषकीय चारा उपलब्ध कराने तथा मृदा क्षरण के अवरोधक के रूप में विशेष स्थान रखती है।

ढेंचा यह एक दलहनी फसल है। यह सभी प्रकार की जलवायु तथा मृदा दशाओं में सफलातापूर्वक उग जाती है। जलमग्न दशाओं में भी यह 1.5 से 1.8 मीटर की ऊँचाई कम समय में ही पा लेती है। यह फसल एक सप्ताह तक 60 सेमी. तक पानी भरा रहना भी सहन कर लेती है। इन दशाओं में कैंचा के तने से पार्श्व जड़ें निकल आती है जो उसे तेज हवा चलने पर भी गिरने नहीं देती। अंकुरण होने के बाद यह सूखे को सहन करने की भी क्षमता रखती है। इसे क्षारीय तथा लवणीय मृदाओं में भी उगाया जा सकता है। हरी खाद के लिए प्रति हे. 60 किग्रा. ढँचे के बीज की आवश्यकता होती है। ऊसर में ढँचे से 45 दिन में 20- 25 टन हरा पदार्थ तथा 85-105 किग्रा. नाइट्रोजन मृदा को प्राप्त होता है। धान की रोपाई के पूर्व दैचा की पलटाई से खरपतवार नष्ट हो जाते है। नरेन्द्र दैचा-1 उपयुक्त प्रजाति है।

ससुराल आए युवक व उसके पिता को पीटा

गुरसहायगंज, कन्नौज। रिश्तेदारी में आए पिता-पुत्र से युवक ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पुत्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पड़ोसी थाना छिबरामऊ के ग्राम चन्दरपुर निवासी कैलाश चंद्र पुत्र रतन सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 28 जून 2025 को वह अपने पिता के साथ अपनी ससुराल लालपुर चियासर आया था। तभी बातचीत के दौरान उसके ससुर भूरेलाल पुत्र मेवाराम शाक्य ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे व उसके पिता को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते उसको वहां से भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला को भगा ले गया युवक

गुरसहायगंज, कन्नौज। शादीशुदा महिला को अपने भाई के सहयोग से गांव का ही एक युवक कही भगा ले गया। जिसके बाद महिला के परिजनों ने उनकी बहुत खोजबीन की। लेकिन कही सुराग नहीं लगा। पीड़ित मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी पीड़ित महिला ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 07 जुलाई की दोपहर करीब 03 बजे उसकी 19 वर्षीय शादी शुदा पुत्री को गांव का ही एक युवक अपने भाई के सहयोग से कही भगा ले गया। जब पीड़िता युवक के घर शिकायत लेक़र गईं तो आरोपित युवक के पिता ने उससे ढाई लाख रुपये की मांग करते हुए उससे गाली गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवक को मारापीटा, दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। गांव केएक युवक ने पीड़ित को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम भवानीपुर अनौगी निवासी रविंद्र प्रताप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 06 जुलाई की सुबह करीब 8.30 बजे गांव के ही ओमपाल सिंह ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जमीन का चिन्हांकन कर अन्नपूर्णा भवन का करें गुणवत्तापूर्ण निर्माण

जिलाधिकारी ने अन्नपूर्णा भवन (मॉडल शॉप) निर्माण एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के संबंध में की बैठक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम

वित्तीय वर्ष 2025- 26 में मनरेगा एवं जिला पूर्ति विभाग द्वारा 75- 75 कुल 150 अन्नपूर्णा भवन (मॉडल शॉप) निर्माण कार्य किया जाना है। जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। मॉडल शॉप निर्माण हेतु जो गांवों चिन्हित किए गए हैं। वहां जमीन का चिन्हांकन प्राथमिकता में किया जाए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। यह बात जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्टेट सभागार में अन्नपूर्णा भवन (मॉडल शॉप) निर्माण एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के संबंध में हुई बैठक में कही।

उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि राशन कार्ड प्रचलित यूनिट के तहत उमर्दा में 37575, छिबरामऊ में 27557, कन्नौज में 22855 सहित समस्त विकास खंडों में कुल 182837 का ईकेवाईसी करना अवशेष है। जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से राशन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही डीलरों की कार्यप्रणाली पर सतत निगरानी रखी जाए और अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने वरिष्ठ बांट-माप निरीक्षक को निर्देश दिए कि दुकानों/ राशन दुकानों पर उपयोग हो रहे कांटे एवं इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीनों की नियमित जांच की जाए ताकि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या वजन में हेराफेरी न हो सके। साथ ही पेट्रोल पंपों पर वितरण की मात्रा और गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की जाए तथा पैकेजिंग उत्पादों की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि उन पर आवश्यक विवरण- जैसे निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि, मूल्य, भार और गुणवत्ता मापदंड स्पष्ट रूप से अंकित हों और उनका अनुपालन किया जा रहा हो।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि माह जून में दुकानों/ पेट्रोल पंपों आदि स्थानों में किए गए निरीक्षण की सूचना भी उपलब्ध कराए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक रामऔतार, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, जिला पूर्ति अधिकारी सहित समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण रहे।

युवती की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खड़े किये कई सवालिया निशान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- कहीं ऑनर किलिंग के चलते तो नहीं हुई युवती की हत्या ?
- कई युवकों से चल रहा था प्रेम प्रसंग, रात में परिजनों ने किया दाह संस्कार
- देर रात्रि पुलिस ने युवती के परिजनों को उठाया, की जा रही पूछताछ

बीते दिन युवती का शव एक तालाब में पड़ा पाया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण गला दबाकर हत्या करना दर्शाया गया है। ऐसे में युवती की मौत कई सवाल खड़े कर रही है। फिलहाल परिजन घटना को खुलकर बताने से कतरा रहे हैं।

इससे ऐसा प्रतीत होता है कि घटना ऑनरकिलिंग की ओर इशारा कर रही है, क्योंकि युवती का प्रेम प्रसंग कई युवकों से चल रहा था। जिससे परिजन युवती से आजिज आ चुके थे। ऐसे में परिजनों ने युवती को रास्ते से हटाना ही उचित समझा। फिलहाल पुलिस कई बिन्दुओं से मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला पटवन गली निवासी सोबरन सिंह राज मिस्त्री का कार्य नोयडा में करता हैं। सोबरन की 20 वर्षीय पुत्री कीर्ति बीते रविवार को घर से निकली थी। वह मोहम्मदाबाद क्षेत्र के एक डिग्री कालेज में पढ़ाई कर रही थी। उसका शव 6 जुलाई की रात राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इटावा-बरेली हाईवे पर महमदपुर गढ़िया पुल के नीचे तालाब में उतराता मिला था। मामले में पुलिस बीते दिन अभिलेखीय कार्यवाही पूर्ण नहीं कर पायी। जिससे देर रात लगभग दो बजे जिलाधिकारी के आदेश पर कीर्ति के शव का पोस्टमार्टम डॉ. गौरव यादव, डॉ. नवनीत कुमार व महिला चिकित्सक डॉ. जूली पाल के पैनल से किया गया। जिसके कीर्ति के चेहरे पर तीन चोट के निशान मिले। वहीं मिली जानकारी के मुताबिक उसकी हत्या नाक, मुंह, दबाकर किये जाने की पुष्टि हुई। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बनाकर जांच के लिए भेजी गयी है। थानाध्यक्ष राजेपुर नवींन कुमार ने बताया कि अभी जाँच की जा रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवती का कई युवकों से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह कई-कई दिनों तक घर से गायब रहती थी। परिजनों की बात न मानने पर परिजन उससे पूरी तरह से खिलाफ थे। वहीं युवती की मौत से एक दिन पूर्व ही उसका भाई दिल्ली से घर आया था। जब भाई से जानकारी करनी चाही, तो उसने सीधा जवाब न देकर गोलमोल जवाब दिया। जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। वहीं युवती के शव का रात्रि में ही दाह संस्कार करना भी अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है, जबकि मोहल्लेवासी शव आने का इंतजार करते रहे। वहीं परिजनों के चेहरों पर ऐसे भाव भी नहीं प्रकट हो रहे हैं, जिससे यह महसूस हो सके कि उनके घर में मौत हुई हो। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि में राजेपुर पुलिस ने मृतक युवती के परिवार के चार लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है।

पोस्टमार्टम के बाद शव को देखते परिजन

गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

दुकान के सामने गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने दुकानदार व परिजनों को घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित दुकानदार ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुतबुद्दीनपुर निवासी रामगोपाल के भाई अमरपाल व रामरूप सोमवार शाम लगभग सात बजे गांव में ही अपनी अपनी दुकान पर बैठे थे। उसी समय गांव के ही निवासी दो युवक अमरपाल व रामरूप की दुकान के सामने गाली-गलौज करने लगे। जिस पर रामगोपाल ने बीच बचाव कर युवकों से अपनी दुकान के सामने से जाने को कह दिया। जिस पर युवक व उसके परिजनों ने आकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब रामरूप ने गाली-गलौज का विरोध किया, युवक व उसके परिजन लाठी-डंडा व सरिया लेकर हावी हो गए। मारपीट से बचने के लिए रामगोपाल अपने भाइयों के साथ भागकर घर में घुस गए, तभी युवक व उसके परिजन घर में घुसकर मारपीट करने लगे। शोर-शराबा सुनकर आसपास मोहल्ले के लोगों के आने पर युवक व उसके परिजन गाली-गलौज करते हुए जानमाल की धमकी देकर भाग गए। मारपीट में रामरूप, अमरपाल व हिमांशू घायल हो गए। थाना पुलिस को रामगोपाल ने युवक व उसके परिजनों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

मोबाइल छीनकर भाग रहे लुटेरे को पकड़ा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। छात्र का मोबाइल छीनकर भाग रहे लुटेरे को आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने पकड़ लिया और मारपीट कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।थाना क्षेत्र के गांव भारत नगर मंझना निवासी अंकित कुमार फर्रुखाबाद स्थित एक मेडिकल कालेज का छात्र है। अंकित कुमार सोमवार शाम फर्रुखाबाद से ट्रेन द्वारा वापस अपने घर आ रहा था। अंकित कुमार शाम लगभग सात बजे शमशाबाद मंझना स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर पैदल घर जा रहा था, तभी रास्ते में अंकित कुमार मोबाइल पर किसी से बात करने लगा, तभी पीछे से आया मंझना निवासी एक युवक अंकित कुमार को पत्थर मारकर उसका मोबाइल छीनकर भागने लगा। अंकित कुमार के शोर शराबा करने पर आसपास खेतो में काम कर रहे लोगों ने भाग रहे युवक को पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस को फोन कर सुपुर्द कर दिया।

कर्मचारी हुए बेलगाम, एनआरएलएम कक्षा अधिकतर रहता है बंद

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड कार्यालय पर अधिकारियों के प्रतिदिन न बैठने से कर्मचारी बेलगाम हो गये हैं। परिसर में स्थित एनआरएलएम कक्ष अधिकतर बंद ही रहता है। जिससे यहां आने वाले लाभार्थी बैरंग वापस लौट जाते हैं।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के विकास खंड कार्यालय परिसर में बना एनआरएलएम कक्ष अधिकतर बंद दिखाई देता है। जबकि सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला समूह योजना एनआरएलएम कक्ष के माध्यम से चलाई जाती है। जहां पर तीन बीएमएम तैनात हैं। जिनको लगातार मानदेय दिया जाता है, लेकिन विकास खंड कार्यालय का दुर्भाग्य कहा जाए या अधिकारियों की अनदेखी, जहां विकास खंड अधिकारी सुनील जायसवाल के पास दो विकास खंडों का चार्ज हैष। विकास खंड राजेपुर तथा विकास खंड नवाबगंज। इस वजह से विकास खंड अधिकारी सही से विकासखंड कार्यालय को समय नहीं दे पाते हैं। जिसके चलते विकास खंड कार्यालय के कर्मचारी बेलगाम हो गये हैं। जिसके चलते एनआरएलएम कक्ष हमेशा बंद रहता है। जहां पर ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज शुक्ला, ब्लॉक मिशन मैनेजर ममता पाल तथा ब्लॉक मिशन मैनेजर संजीव पाल की तैनाती की गई है। नियम के हिसाब से नियमानुसार कार्यालय पर एक व्यक्ति को हर समय बैठकर कार्यालय को सुचारू रूप से चलाया जाना चाहिए, लेकिन कर्मचारियों को क्षेत्र में भी जाना पड़ता है। इसलिए कम से कम दो कर्मचारी यदि क्षेत्र में चले जाते हैं तो एक कर्मचारी को तो कार्यालय पर बैठना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। दूरदराज से आई क्षेत्र की जनता तथा कार्यालय से जुड़ी महिलाएं महिला सखी, महिला समूह की लाभार्थी महिलाएं आती हैं और आकर बंद कार्यालय देखकर चले जाते हैं। जिससे विकास खंड कार्यालय के कर्मचारियों पर भी पूरा असर पड़ता है, लेकिन अधिकारी/ कर्मचारी कार्यालय पर बैठने से गुरेज करते हैं।

बंद पड़ा एनआरएलएम कक्ष

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर तीन बच्चे झुलसे

- एक की हालत गंभीर, लोहिया अस्पताल रेफर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन बच्चे बुरी तरह से झुलस गये। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अगू नगरिया निवासी प्रकाश पुत्र कल्याण सिंह के मकान कर लेन्टर पड़ना था। जिसकी तैयारी को लेकर मजदूरों ने लोहे की सरिया का जाल बांधा था। जिस पर पड़ोसी मुनीश के तीन बच्चे मधु उम्र 9 वर्ष व विजयकान्त उम्र 9 वर्ष व नीरज उम्र 10 वर्षीय छत पर लोहे के जाल पर खड़े होकर खेल रहे थे। छत के पास से गुजर रही ग्यारह हजार की लाइन का तार मधु के हाथ में छू गया और वह चिपक गयी। उसे बचाने आये उसके भाई विजयकान्त व नीरज भी विद्युत करन्ट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलसकर जल गये।

यह देख परिजन उधर दौड़े और लाइन काट बच्चों को बिजली से छुटाया तथा गंभीर हालत में कायमगज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सा प्रभारी डॉ. शोभित शाक्य ने प्राथमिक इलाज के बाद मधु की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

अस्पताल में भर्ती करंट से झुलसी बच्ची

खबरें एक नजर में

25 दिनों से थाने के चक्कर काट रही युवती, पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। थाना कमालगंज के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी एक युवती ने थाना कमालगंज पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि उसका रिश्तेदार नवीन पुत्र बेचेलाल निवासी नरसिंहपुर कायमगंज का निवासी है। जो लगभग पांच वर्षओ से मेरे संपर्क में है। मुझसे शादी करने की बात कहकर एवं भरोसे में लेकर मेरे साथ शारीरिक संबंध स्थापित किये, परन्तु कुछ लोगों द्वारा जानकारी हुई कि रिश्तेदार युवक की कहीं ओर शादी तय हो गयी है। जब पीड़िता ने नवीन से जानकारी की, तो नवीन ने सही बात नहीं बतायी एवं पीड़िता से न मिलने को कहा तथा पीड़िता से शादी करने से इन्कार कर दिया। जिस पर पीड़िता थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी, लेकिन करीब 25 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक उपरोक्त नवीन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जब इसकी जानकारी मीडिया को हुई, तो पुलिस मुकदमा दर्ज करने को तैयार हुई।

भाई के साथ मारपीट का विरोध करने पर दबंगो ने पीटा, मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। भाई के साथ मारपीट का विरोध कनरे पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित संजीव पुत्र कुंवर बहादुर निवासी ग्राम पिथुपूर मेहंदिया थाना कमालगंज का रहने वाला है। दिनांक 28.04.25 को शाम 5 बजे पीड़ित के छोटे भाई राजेश के साथ गांव के जीशान पुत्र रहीम, बानो पत्नी जीशान का विवाद हो रहा था। मैंने बीच बचाव किया, तो जीशान व उसकी पत्नी बानो ने मेरे साथ गाली-गलौज व मारपीट की।

गाली देने के विरोध में चले लाठी-डंडे व टकोरा

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। दरवाजे के बाहर गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों व टकोरे से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के गांव अज़ीज़ाबाद निवासी बृजपाल ने गांव के 6 लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। दी गयी तहरीर में बताया गांव के आरोपी भाई पृथ्वीराज के दरवाजे के सामने शाम के समय गाली-गलौज कर रहे थे। भाई द्वारा विरोध किया गया, तो आरोपियों ने परिजनों को बुलाया और लाठी-डंडे व टकोरे से हमला कर दिया। जब भाई पृथ्वीराज, उनकी पत्नी नीरज और पुत्र आकाश, बाबा, भतीजा ब्रह्मा बचाने आये, तो सभी को आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सभी घायल थाने आए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया।

रात्रि में बिजली कटौती से लोगों का सोना हुआ दुश्वार

विद्युत उपकेंद्र भोलेपुर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रात्रि में हो रही बिजली कटौती से लोगों का सोना दुश्वार हो गया है। लोगों का कहन है कि रात्रि में जैसे ही सोते है, वैसे ही बिजली की आवाजाही शुरु हो जाती है, जो रात्रि भर जाती रहती है।भीषण गर्मी के चलते वैसे भी लोगों का हाल बेहाल है, ऊपर से रात्रि में हो रही बिजली कटौती जले में नमक छिड़कने का काम कर रही है। जिससे व्यक्ति रात्रि में चैन के दो पल सो भी नहीं पाता है। रात्रि में जैसे ही सोता है, वैसे ही बिजली की आवाजाही शुरु हो जाती है। जो रात्रि भर जाती रहती है। लोगों का कहना है कि पानी बरसने के बाद भीषण उमस से जहां लोग पसानी-पसीना हो रहे हैं, वहीं रात्रि में बिजली कटौती और परेशान किये हुये है। बिजली जाते ही मच्छर लोगों का सोना दुश्वार कर देते हैं। छत पर जाओ, तो वहां भी मच्छर सोने नहीं देते हैं। ऐसे में संक्रामक रोग फैलने की आशंका प्रबल हो गयी है। लोगों ने रात्रि में होने वाली कटौती को रोके जाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

चेतावनी बिन्दु पर पहुंचा गंगा का जलस्तर, ग्रामीणों में दहशत

चेतावनी बिन्दु को छू रहा गंगा का जलस्तर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लगातार हो रही वारिश से गंगा के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। जिससे किसानों की धड़कने भी तेज हो गयी हैं। वहीं प्रशासन ने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए सारी तैयारियां कर ली गयी हैं। जानकारी के अनुसार पहाड़ों पर लगातार हो रही वारिश से गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। रामगंगा का चेतावनी बिन्दु 136.60 सेंटीमीटर पर है, जबकि खतरे का निशान 137.10 सेंटीमीटर पर है। वहीं गंगा का चेतावनी बिन्दु 136.60 सेंटीमीटर है। इसके करीब पानी पहुंच चुका है। जिससे बाढ़ आना तय माना जा रहा है। आसपास के निचले गांव के लोग बाढ़ के चलते दहशत में हैं। वहीं तीसराम की मड़ैया में पानी पहुंच चुका है। वहां पर फसलें भी पानी में डूब चुकी हैं। वहीं प्रशासन का कहना है कि वह बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। ग्रामीणों को चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं ग्रामीणों का कहना है बसना और उजड़ना उनकी किस्मत बन चुकी है। बाढ़ के खतरे को लेकर ग्रामीणों में चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही है।

नामी गिरामी ब्रान्डों का सहारा लेकर फर्जी लेबिल लगाकर बेचा जा रहा मिनरल वाटर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर में कई नामी गिरामी ब्रान्डों की कंपनियों का सहारा लेकर उनके फर्जी लेबिल लगाकर पानी की बिक्री की जा रही है। जबकि यह पानी स्वास्थ्य के लिए कतई ठीक नहीं है। इसके बावजूद इसकी जमकर बिक्री हो रही है।

जानकारी के अनुसार नगर के आवास विकास, कादरीगेट, रेलवे स्टेशन के आसपास जहां आम आदमी का हर समय आना जाना रहता है, वहां पर विभिन्न नामी गिरामी ब्रान्डों का फर्जी लेबिल लगाकर बानी की बोतलें बेंची जा रही हैं। बीते दिन समृद्धि न्यूज समाचार ने एक बिसलरी ब्रान्ड से मिलते जुलते ब्रान्ड की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी, लेकिन इसके बाद भी फर्जी तरह से बिक रहीं पानी की बोतलें पर रोक नहीं लग पा रही है। ऐसे ही एक अन्य ब्रान्ड प्योर स्प्रिंग वॉटर का भी पानी बाजार में खूब बिक रहा है। जबकि इस पानी की बोतल पर फर्जी लेबिल लगा है, जबकि असली लेबिल कुछ और ही है। ऐसे में यह पानी स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। कुछ लोग घरों में प्लांट लगाकर और फर्जी लेबिल लगाकर पानी की सप्लाई नगर में धड़ल्ले से कर रहे हैं, क्योंकि इसमें कमाई ज्यादा हो रही है। इसमें दो से तीन रुपये की बोतल तथा एक रुपया लेबिल आदि में खर्च हो जाता है और 20 रुपये की बोतल बेची जाती है। जिससे एक बोतल पर सीधे 16 रुपये की बचत होती है।

फर्जी लेबिल लगी पानी की बोतल

सीपीवीएन में अंतर सदकीय क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सीपी विद्या निकेतन में मंगलवार को अंतर सदकीय क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सबसे पहले प्रतिभागियों को एक -एक विषय देकर 1 घंटे का समय उन्हें उस विषय पर विचार एकत्रित करने हेतु दिया गया।

तत्पश्चात समस्त प्रतिभागियो को 1 घंटे का समय उन समस्त विचारों को सूचीबद्ध तरीके से निबध के रूप मे लिखने के लिए दिया जाता है। प्रतियोगिता का संचालन गोविन्द प्रसाद गुप्ता ने किया।

प्रतियोगिता में कक्षा 4 से कक्षा 12 तक के चुने हुए प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया एवं अपने विचार दिए गए तथा कागज पर लिखने की पूरी चेष्टा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ सीलबंद लिफाफे खोलकर छात्रों के समक्ष उद्घोषित करने से हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य ने अलग-अलग लिफाफे छात्रों की उपस्थिति में खोलकर एवं उन्हें सम्बन्धित विषय के बारे में बताया। इस प्रकार के आयोजन छात्र-छात्राओं में सृजनात्मक क्षमता का विकास करने में महात्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रतियोगिता में भाग लेंती छात्रायें

ग्रामीणों ने की नवनिर्माणाधीन पुलियों को शीघ्र पूर्ण करवाने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नव निर्माणाधीन पुलियों का निर्माण न होने से जनदप फर्रुखाबाद व हरदोई के सैकड़ों गांवों के वाशिंदों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने पुलियों को शीघ्र बनवाने की मांग की है। चाचूपुर एवं कड़हर के पास निर्माणाधीन पुलियों को कई माह बीत जाने के बाद भी अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। जिससे जनपद फर्रुखाबाद एवं हरदोई के सैकड़ों गांवों के निवासियों को कई किलोमीटर घूमकर फर्रुखाबाद जाना पड़ता है एवं भारी वाहनों का आवागमन भी प्रभावित है। वर्ष ऋतु में सैलाब का प्रकोप इस क्षेत्र में रहता है। जिससे सैकड़ों गांवों का सम्पर्क बिल्कुल ही जिला मुख्यालय फर्रुखाबाद व हरदोई से टूट जाता है। ग्रामीणों ने इन पुलियों को शीघ्र बनवाने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में ज्यादा परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन पुलियों का निर्माण कराया जाये, क्योंकि निर्माण कार्य काफी दिनों से लटका है।

नव निर्माणाधीन पुलिया

कब्रिस्तान पर कब्जे की सूचना पर दौड़े आला अधिकारी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे की सूचना पर उप जिलाधिकारी ने पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा थानाध्यक्ष को कब्जे करने वालों क खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत शमशाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एक प्लाट पड़ा है। जिसका नंबर 1359 है। जो कब्रिस्तान के नाम दर्ज है।

जिस पर नगर के ही कुछ व्यक्ति फर्जी तरीके से कब्जा कर रहे थे। जिसकी शिकायत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय गुप्ता ने लिखित रुप से की थी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष की शिकायत पर कायमगंज उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, लेखपाल रजत श्रीवास्तव, नगर पंचायत के बाबू पवन कुमार मौके पर पहुंचे और कब्रिस्तान की जमीन का निरीक्षण किया। मौके पर ईट पड़ी मिली और नीम खुदी मिली। कायमगंज उप जिलाधिकारी ने बताया कब्रिस्तान की भूमि है। कोई भी व्यक्ति कब्जा करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी ने थाना अध्यक्ष तरुण सिंह भदौरिया को निर्देशित किया कि आरोपियों के खिलाफ पाबंद की कार्रवाई की जाए। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया शासन को सरकारी संपत्ति सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है और जो सरकारी संपत्ति पर कब्जा करें उसके खिलाफशासन को कार्रवाई करनी चाहिए।

मौके पर जांच पड़ताल करते उप जिलाधिकारी

घर के बाहर बंधी तीन बकरियां व एक बकरा चोरी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। बीती रात घर के बाहर सो रहे युवक की चार बकरा-बकरियां चोरी हो गयी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव जानकीपुर निवासी नक्षत्रपाल पुत्र इंद्रपाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती शाम अपने घर के बाहर दरवाजे पर लेटा था। रात में किसी समय चोर घर के बाहर दरवाजे पर बंधीं तीन बकरियां तथा एक बकरा चुरा ले गए। वहीं पीड़ित के बताए अनुसार उसकी चारपाई पर रखा मोबाइल भी चोर चुरा ले गए। जिसकी पीड़ित ने सुबह जानकारी होने पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता.पता न चलने पर पीड़ित थाने आया और थाने में पड़ोस के ही गांव के लोगों के विरुद्ध आरोप लगाकर थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर हलका इंचार्ज दरोगा अभिलेख सिंह ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

परमीशन की आड़ में खुलेआम हो रहा है मिट्टी खनन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- सरकार को राजस्व का लगाया जा रहा चूना
- खनन अधिकारी बोले: करेंगे कार्यवाही

परमीशन की आड़ में खुलेआम अवैध मिट्टी का खनन कर राजस्व विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा है और यह खेल पूरे जिले में चल रहा है। जनता को गुमराह करने के लिए कुछ ट्राली की परमीशन लेकर सैकड़ों ट्राली मिट्टी का अवैध खनन करने का खेल खुलेआम चल रहा है। इसे चाहें पुलिस का अशीर्वाद समझे या अनदेखी। खनन करने वाले लोग ट्रैक्टर कई पुलिस चौकियों के सामने से गुजरते है, लेकिन पुलिस को दिखायी नहीं देता। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग खनन करने की परमीशन तो दे देता है, लेकिन कभी भी जिस स्थान पर खनन करने की अनुमति दी है वहां आकर क्यों नहीं आकर देखते है। विभाग की ढिलाई के चलते खनन करने वालों के हौसले बुलंद है।

सूत्रों की माने तो कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र नौखण्डा में खुलेआम मिट्टी का खनन हो रहा है। पूछे जाने पर ट्रैक्टर से मिट्टी ले जा रहे चालक ने बताया कि उनके पास 100 घन मीटर की परमीशन है। जबकि मौके पर लगभग एक हजार घन मीटर से अधिक मिट्टी की खुदाई हो चुकी है। ऐसे जिले भर में कई स्थानों पर अवैध तरीके से मिट्टी का खनन कर सरकार को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। जबकि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश है कि कहीं भी अवैध तरीके से खनन नहीं होने दिया जायेगा, उसके बावजूद खुलेआम अवैध खनन का खेल जारी है। इस संदर्भ में जब खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह से संवाददाता ने जानकारी की तो उन्होंने बताया कि मौके पर जाकर जांच करेंगे कि परमीशन कितने की है और कितने घन मीटर मिट्टी परमीशन में बताये गये स्थान से उठायी गई है। अगर नियम विरुद्ध मिट्टी उठायी गई होगी तो जांच कर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि जून माह में एक पनचक्की के अलावा 17 अन्य वाहनों को अवैध खनन के मामले में पकड़कर कार्यवाही की गई थी। 12,45,430 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। जिसमें 1 पनचक्की, 14 ट्रैक्टर ट्राली, 2 डम्पर, 1 जेसीबी सीज की गई थी। अवैध बालू खनन माफिया पर 7 लाख 70 हजार 430 रुपये का जुर्माना किया था। मिट्टी खनन माफियाओं के विरुद्ध 4 लाख 55 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

खनन करते लोग

निरीक्षक अवध नारायण पाण्डेय बने नवाबगंज के थानाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कानून व्यवस्था दुरस्त करने को लेकर थानाध्यक्षों की तैनाती में फेरबदल किया गया। जहाँ दारोगा रक्षा सिंह को महिला थानाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं निरीक्षक अवध नारायण पाण्डेय को नवाबगंज थानें का चार्ज मिला है।

उप निरीक्षक रक्षा सिंह को महिला थाने की कमान

बताते चलें कि विगत दिनों नवाबगंज में महिला थाने के सिपाही पर एक दलित युवती के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा था। जिसकी विभागीय जाँच की जद में महिला थानाध्यक्ष पूनम अवस्थी भी आयीं। लिहाजा उनको हटाकर मानिटरिंग सेल का प्रभारी बनाया गया है। थाना कादरी गेट के थानाध्यक्ष रहे अवध नारायण पाण्डेय वर्तमान में आईजीआरएस प्रभारी का कार्य सम्पादित कर रहे थे। उन्हें थाना नवाबगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत भोलेंद्र चतुर्वेदी को आईजीआरएस का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक राजेश कुमार यूपी 112 प्रभारी के साथ ही साथ आरटीसी का सम्पूर्ण कार्य देखेंगे। सिविल लाइन चौकी प्रभारी दारोगा रक्षा सिंह को महिला थानाध्यक्ष बनाया गया है। थाना कमालगंज के नीरज त्यागी को परिवार परामर्श का प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

शिक्षकों ने मर्जर प्रक्रिया पर रोक व पुरानी पेंशन बहाली को लेकर दिया धरना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

▸ दस सूत्रीय नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, कई संगठनों ने किया सहयोग

उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। विरोध प्रदर्शन में माध्यमिक शिक्षक संघ के अलावा अन्य संगठनों ने भी भाग लिया। जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान व जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व महामंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, शिक्षक नेता सतेन्द्र सिंह ने धरना प्रदर्शन में भाग लिया।

दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि बेसिक शिक्षा परिषद् के नियंत्रणाधीन विद्यालयों में 01 अप्रैल 2005 व उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था से आच्छादित किया जाये। बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में चल रही पेयरिंग/मर्जर की प्रक्रिया रोकी जाये। एवं किसी भी विद्यालय को बन्द न किया जाये। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन प्रत्येक प्रा.वि. एवं उच्च प्रा.वि. में प्रधानाध्यापक की पदोन्नति एवं तैनाती की जाये। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति कैसलेश चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाये तथा छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार शिक्षकों को रूपये 10 लाख की सामूहिक बीमा का लाभ प्रदान किया जाये। विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को भी उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद् की शिक्षकों की भांति चयनवेतन मान के अन्तर्गत 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले सभी शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान अनुमन्य किया जाये। कार्यरत शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश एवं अध्ययन अवकाश (स्टडी लीव) अनुमन्य किया जाये। विद्यालयों में ग्रीष्मकाल में शिक्षण की अवधि प्रातः 07:30 से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित की जाये। विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को बीएलओ की ड्यूटी से मुक्त रखा जाये। आकांक्षी जनपदों में कार्यरत शिक्षकों का अर्न्तजनपदीय स्थानान्तरण किया जाये। मृतक बेसिक शिक्षकों के ऐसा आश्रित जो बीएड एवं टीईटी उत्तीर्ण है, को शिक्षक के पद पर नियुक्ति देकर सेवारत् विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण कराया जाये। इस मौके पर केशव गंगवार, राजेश यादव, राकेश यादव, कुलदीप यादव, अमित मिश्रा, अजीत सिंह, निर्देश गंगवार, उपेंद्र गंगवार, सुशील माथुर, अमित कुमार, चंदन, रहबर हुसैन, उदय यादव, अश्विनी, अनुज, नंदराम, मोहित शुक्ला, अवधेश, उजैफपठान, विवेक, रत्न, अमीर सिंह, देवेन्द्र, हिमांशु, लक्ष्मी देवी, भावना राठौर, मीरा, गीता, सुमन आदि शिक्षक मौजूद रहे।

नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

यूपी बैंक इम्पलाइज यूनियन द्वारा मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

यूपी बैंक इम्पलाइज यूनियन द्वारा देशव्यापी हड़ताल 9 जुलाई को होगी। देश भर में लगभग 20 करोड़ मजदूर हड़ताल पर रहेंगे।

सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जनरल हड़ताल रखी गई है। देश के तमाम श्रम संगठन अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठेंगे। इस हड़ताल में बैंक, बीमा, सामान्य बीमा, राज्य व केंद्रीय कर्मचारी, बीएसएनएल, आयकर, बीमा, बैंक, पोस्ट आफिस, रक्षाक्षेत्र, आशा, आंगनवाड़ी आदि मजदूर संगठन हड़ताल पर रहेंगे। प्रमुख रुप से मांग की गई कि चारों लेबर कोर्ट रद्द किये जाये। ठेका कम्पनियों को समान श्रय हेतु समान वेतन दिया जाये। पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाये।

समाजिक क्षेत्र के उद्योगों, सरकारी संस्थाओं का निजीकरण बंद किया जाये। बिजली संसोधन विधेयक वापस लिया जाये। नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द किया जाये। आम बैंक ग्राहकों पर से सेवा शुल्क माफ किया जाये। बैंक कर्मियों के लंबित मामलों का निस्तारण किया जाये। जिसको लेकर बैंक इम्पलाइज यूनियन द्वारा ठंडी सड़क स्थित इंडियन बैंक आटीआई के पास प्रदर्शन किया जायेगा और हड़ताल को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में बैंक कर्मी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी केदार शाह ने दी है।

शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को दिलायी गई शपथ

कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करती लुईस खुर्शीद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शहर कांग्रेस की नवगठित कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, जिला कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान, फ्रंटल संगठन प्रभारी मनीष द्विवेदी व यशपाल सिंह, कोआर्डिनेटर मोहम्मद सलमान इम्तियाज ने भाग लिया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने अपनी नवगठित कमेटी को अतिथियों द्वारा शपथ दिलवायी। संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिये गये। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। संचालन अनिल मिश्रा ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, ऊषा दुबे, अम्मार अली, हिलाल शफीकी, तारिक वाशीर, आसिफ , राकेश सारस्वत, वीरेन्द मिश्रा, अतीक सलमानी, ईश्वर चक्रवर्ती, अमर मिश्रा, सुशील अग्निहोत्री, वात्सल्य मिश्रा, अशोक राठौर, गुलशेर, सलीम खां, शुभ दीक्षित, संजीव शर्मा, पवन बाल्मीकि, राजा खां, जोया खान, शवाना, परवीन, वंदना सक्सेना, नसरीन बानो, सबीना, हिमांगी सक्सेना, बाबू खान, नजर खान, मुकीम खान, कन्हैया बाथम, राशिद, इलियास, संजय दिवाकर, सोनू तिवारी, राजू ठाकुर, सुनील भारद्वाज, ऋषभ चौहान, शादाब, यामीन सलमानी, रोहित वर्मा आदि मौजूद रहे।

बाइकों की टक्कर में दो घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना नवाबगंज के गांव नगला चंदेला निवासी रेखा देवी पत्नी शिवनंदन सिंह का 30 वर्षीय पुत्र विपिन कुमार मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे बाइक से डीजल लेने करनपुर जा रह रहा था, तभी सामने से आ रही पड़ोसी गांव राजा रामपुर मेई निवासी महिला बाइक चालक ने विपिन कुमार की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को अपने निजी वाहन से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायलों का उपचार चल रहा है। थाना नवाबगंज पहुंचकर विपिन की मां रेखा देवी पत्नी शिवनंदन सिंह ने महिला बाइक चालक के खिलाफ नामदर्ज तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

भारतीय उद्योग युवा व्यापार मण्डल फतेहगढ़ कमेटी का हुआ विस्तार

▸ युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने सेन्ट्रल जेल कमेटी की घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बैठक में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

भारतीय उद्योग युवा व्यापार मंडल की बैठक इटावा-बरेली हाईवे स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल ने सेंट्रल जेल की युवा कमेटी की घोषणा की। साथ फतेहगढ़ युवा कमेटी का विस्तार किया गया। संचालन युवा जिला महामंत्री प्रबल माहेश्वरी ने किया। जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने सभी व्यापारियों को संगठन को मजबूत करने की बात कही। युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल ने सभी से एकजुट होकर व्यापारी हित में काम करने की अपील की। जिला उपाध्यक्ष कुलदीप राजपूत ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को संगठन से परिचय करवाया। इस मौके पर रविकांत गुप्ता, संदीप सक्सेना, आकाश गुप्ता, मोहित यादव, नीरज राठौर, ऋषभ, अशोक पालीवाल, अर्पण अग्रवाल आदि मौजूद रहे। युवा नगर सेन्ट्रल जेल कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने 18 सदस्यीय कमेटी में महामंत्री प्रवीन सक्सेना, संयुक्त महामंत्री निर्मल कटियार, नगर उपाध्यक्ष कुलदीप कटियार, मंत्री अमित वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय कुमार दुबे, मीडिया प्रभारी विशाल कुमार व देवेश कुमार को बनाया। उपाध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, अजीत अवस्थी, विकास कटियार, विनीत दुबे बने। मंत्री अनुराग सक्सेना, प्रकाश चन्द्र कटियार, विमल कटियार, विजय कुमार दुबे को बनाया गया। संगठन मंत्री उपेन्द्र कुमार बनाये गये। फतेहगढ़ युवा नगर कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष अतुल दुबे, सुभाष राठौर, मंत्री शिवम सक्सेना, अमित तिवारी, अश्वनी कुमार, शिवानु कटियार, अजय अग्रवाल, मीठू मिश्रा, नितिन कुमार बनाये गये। कोषाध्यक्ष रवि मिश्रा बने। मीडिया प्रभारी आशीष मिश्रा को बनाया गया।

नेकपुर-मसेनी मार्ग पर जलभराव के चलते पैदल निकलना मुश्किल

▸ बाइक व ई-रिक्शा में बैठी सवारियां गिरकर हो रही घायल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नेकपुर-मसेनी मार्ग पर भरा पानी

नेकपुर मसेनी मार्ग पर जल भराव होने के कारण आम जनता को पानी में घुसकर निकलना पड़ रहा है। कई दोपहिया वाहन व ई-रिक्शा पलट चुके है। सवारियां भी गिरकर चुटहिल हो चुकी है। बड़े वाहन भी फंस जाते है। पीडब्लूडी व नगर पालिका के उदासीन रवैये के चलते नेकपुर-मसेनी मार्ग की सड़क खस्ताहाल कई वर्षों से है। जिसे जिम्मेदार लोग ठीक कराने का नाम भी नहीं ले रहे है।

अन्य जनपदों में विकास के नाम पर सब सुविधायें उपलब्ध होती जा रही है। जनपद फर्रुखाबाद पिछड़ा होने के साथ-साथ विकास में भी पिछड़ा है। शहर की अधिकांश सड़कें व गलियां जर्जर है। यहां के जनप्रतिनिधि किसी की नहीं सुनते है। ऐसे में परिणाम जनता ही भुगत रही है। जिसका जीता जाता उदाहरण रेलवे रोड है। पिछले तीन साल पूर्व अतिक्रमण के नाम पर तोड़ा गया था। आज भी सड़कें व नालियां एवं बिजली के खम्बे जैसे के तैसे है। ऐसी स्थिति में किस पर भरोसा किया जाये। राजनीति चमकाने व वोट लेने तक जनपद के नेता रहते है। केंद्र व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। भाजपा का सांसद है, चारों विधायक भी भाजपा के है, अब चेयरमैन भी भाजपा के हो गये है, एमएलसी भी भाजपा का है। ब्लाक प्रमुख से लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष भी सब भाजपा के है। उसके बावजूद भी सरकार व जनप्रतिनिधि बातों से विकास की गंगा बहा रहे है।इसका जीता जागता उदाहरण दो साल पूर्व देखने को मिला। गंगा फर्रुखाबाद में बहती है, गंगा एक्सप्रेस-वे शाहजहांपुर चला गया। सब कार्य रामभरोसे चल रहे है। नेकपुर स्थित एसआर कोल्ड स्टोरेज के पास मसेनी रोड पर सड़क पर जल भराव है। आवागमन बाधित है, करोड़ों खर्च होने के बाद भी पानी की निकासी व अच्छी सड़क की गुणवत्ता कोसो दूर है।

नगर में विद्युत व्यवस्था चौपट, गर्मी व उमस से आम जन मानस बेहाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

लगा विद्युत ट्रांसफार्मर

नगर में विद्युत व्यवस्था काफी दिनों से ध्वस्त चल रही है। बिजली विभाग के आलाधिकारी मौन है। ऐसे में जनता पिसती जा रही है और गर्मी का दंश भी झेल रही है। बिजली के मीटर स्पीड में दौड़ रहे है, मगर तार में करंट गायब है। ऐसे में विद्युत व्यवस्था रामभरोसे चल रही है। कोई कुछ कहने वाला नहीं है और न ही सुनी जाती है। जरा सा पानी बरस जाये तो घंटों तक बिजली गुम हो जाती है। जेई व लाइनमैन फोन तक नहीं उठाता है। दिन के अलावा रात में भी कटौती हो रही है। बीते दिनों रेलवे रोड पर विद्युत व्यवस्था सुचारु बनाने के लिए महिला व्यापार मण्डल ने रणनीति बनायी थी और ट्रांसफार्मर रखकर अतिक्रमण होने की संभावना के चलते कार्य रुकवा दिया गया था। उसके बाद बिजली व्यवस्था पूरे शहर में चौपट चल रही है। अधिकारी व ठेकेदारों की पौवारा है। ऐसे में भीषण गर्मी व उमस से आम जनता बेहाल है। स्कूल से आने के बाद बच्चे बीमार तक हो रहे है। विद्युत व्यवस्था चौपट हो जाने के कारण आम नागरिक का जन जीवन अस्त-व्यस्त होते जा रहा है। जनप्रतिनिधि भी मौन है। किसी को भी भोलीभाली जनता की परेशानियों से मतलब नहीं है। ऐसे में जनता चुनाव के दौरान हर बार परिवर्तन ही करें, तभी कुछ उन्हें विकास व राहत मिल पायेगी। बिजली की आंख मिचौली के चलते पूरा शहर गर्मी व उमस से बेहाल है। जिम्मेदार अधिकारी मौन है।

मर्जर के नाम पर विद्यालय को बंद न करने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपनी जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरजीत ने राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को पेयरिंग/मर्जर करने के साथ विद्यालय बंद करने के आदेश को निरस्त किया जाये। शिक्षक साथियों ने राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन में कहा कि मर्जर नीति को बंद किया जाये। विद्यालय में प्रधानाध्यापक के अतिरिक्त कक्षानुसार शिक्षकों की नई भर्ती की जाये। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों से केवल शिक्षण कार्य लिया जाये। अन्य ३१ विभागों के कार्यों से मुक्त किया जाये। प्राथमिक विद्यालयों को किसी स्थिति में निजी हाथों में न दिया जाये। इस मौके पर संदीप शर्मा, श्याम शाक्य, अनुज शाक्य, नितेश शाक्य, रामसेवक, अरविन्द आदि शिक्षक मौजूद रहे।

हेल्पेज फांउडेशन सोसाइटी द्वारा स्टेडियम में किया गया पौधरोपण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पौधरोपण के दौरान मौजूद लोग

हेल्पेज फांउडेशन के तत्वाधान में स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सोसाइटी की ओर से एक सैकड़ा पौधे स्टेडियम परिसर में लगाये गये। हेल्पेज फांउडेशन के अध्यक्ष अतुल मिश्रा ने सभी संगठनों से आवाह्न किया कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये और शहर को हरा-भरा बनाने के लिए पौधों को संरक्षित भी करें।

बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोगों ने पहुंचकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर अखिलेश चन्द्र अग्निहोत्री, रवीश द्विवेदी, राजीव चतुर्वेदी, विमलेश मिश्रा, धीरज पाण्डेय, कर निरीक्षक राजनारायन कमल, अमित सक्सेना, नारायण दत्त द्विवेदी, अभिषेक बाजपेयी, अन्नू शुक्ला, नितिन, मनीष गंगवार, महिला प्रदेश अध्यक्ष मोनिका मिश्रा, सौरव शुक्ला, राजेश सिंह, पंकज अग्रवाल, मनीष शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 21 पर जिला बदर की कार्यवाही

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थानों के ऐसे 21 अपराधी जिनके द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण क्षेत्र में गुंडागर्दी के बल पर अपराधिक एवं समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त होने के संबंध में सम्बन्धित थानों पर विभिन्न अभियोग पंजीकृत हुए थे। इनके अपराधिक कृत्यों से जनता में भय आतंक व्याप्त है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है। उपरोक्त समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण निम्नलिखित 21 अपराधियों को जिला बदर किया गया। जिनमें अतुल कुमार पुत्र विश्राम सिंह निवासी ग्राम आवाजपुर थाना मऊदरवाजा, रामलखन पुत्र सूरजपाल निवासी सीदे चकरपुर थाना राजेपुर, बबलू यादव पुत्र अमर सिंह निवासी 10/13 काशीराम कालोनी रकाबगंज थाना मऊदरवाजा, रक्षपाल सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी नकटपुर थाना मोहम्मदाबाद, जमशाद पुत्र अब्दुल हसुन निवासी इकलहरा थाना कम्पिल, गोलू उर्फ अभय सिंह पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम खिरिया मुकुन्द थाना मोहम्मदाबाद, सुभाषचन्द्र पुत्र विश्राम सिंह निवासी मो0 पट्टी मदारी कस्बा व थाना कम्पिल, धर्मेन्द्र राठौर पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्वालटोली थाना फतेहगढ़, कमल सिंह उर्फभूरे पुत्र रतीराम निवासी ग्राम निसाई थाना मोहम्मदाबाद, रजी उर्फरंजीत पुत्र शिवराज उर्फकरू निवासी शुकरूल्लापुर थाना नवाबगंज, रियाज खॉ पुत्र बन्ने खॉ निवासी ग्राम कटिया थाना कम्पिल, प्रबल प्रताप सिंह पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम पकरिया थाना जहानगंज, नितिन उर्फसचिन पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी ग्राम बरई थाना शमसाबाद, परमजीत पुत्र मोरपाल निवासी ग्राम पाल नगला थाना फतेहगढ़, शिवम पुत्र संतराम निवासी बरई थाना शमसाबाद, गौरव श्रीवास्तव पुत्र जयनारायण श्रीवास्तव निवासी ग्राम पंजूखिरिया थाना जहानगंज, संजय उर्फ बबलू पुत्र कश्मीर सिंह निवासी कुण्डपुरा थाना कमालगंज, महेन्द्र उर्फ रिशू पुत्र राजकिशोर निवासी बरारिख थाना मोहम्मदाबाद, चमन पुत्र छोटे निवासी मो0 कटरा बू अली खॉ थाना फर्रुखाबाद, सौदान सिह पुत्र मान सिंह निवासी 4/79 कॅचा भवानीदास थाना फर्रुखाबाद, अमन उर्फपंकज पुत्र सूरजपाल निवासी ममापुर थाना कायमगंज पर जिला बदर की कार्यवाही की गयी है।

विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की राज्य मंत्री ने की समीक्षा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बैठक लेती राज्य मंत्री मौजूद डीएम व जनप्रतिनिधि

राज्य मंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उप्र विजय लक्ष्मी गौतम कलेक्ट्रेट सभगार में विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। मंत्री ने निर्देशित किया कि थानों व अन्य जगहों पर प्रतिदिन जन सुनवाई की जाये। विद्यालयों/ अस्पतालों के पास महिला पुलिस वीट की तैनाती की जाये। लेखपाल सही से कार्य करें, जिससे गांवो में अनावश्यक विवाद न हो, जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया कि सफाई कर्मियो की उपस्थिति नियमित रूप से चेक की जाये। आरआरसी सेंटर विधिवत क्रियाशील रहे, गांवो में जन चौपालें लगाई जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र व्यक्तियों को ही लाभ दिया जाये। जिला विकास अधिकारी द्वारा मंत्री को अवगत कराया कि जनपद में 7354 स्वयं सहायता समूह गठित है, जिनमे से 6207 क्रियाशील है। मंत्री ने निर्देशित किया कि समूहों को जिला मुख्यालय, तहसील, ब्लॉक परिसर व अन्य जगहों पर दुकाने उपलब्ध कराई जाये। जिससे वह अपने उत्पादो की बिक्री कर सके। गलत कार्य करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जाये। जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदी गई सड़कों व गलियों को तत्काल सही कराने के निर्देश दिये। विद्यालयों में पठन पाठन ठीक रखा जाये व नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जाये। विद्युत विभाग को समय से खराब ट्रांसफार्मर बदलने व जहां पर बार-बार ट्रांसफार्मर खराब हो रहे है वहा क्षमता वृद्धि करने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिलापंचायत, विधायक कायमगंज, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सावन को लेकर सजने लगे मंदिर, कांवड़ हो रही है तैयार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सावन का महीना शिव भक्तों के लिए विशेष होता है। यह महीना शिव जी की भक्ति करने के लिए बहुत ही शुभ माना गया है। इस साल सावन की शुरूआत 11 जुलाई से शुरू हो रही है और 9 अगस्त को समाप्त होगी। इस महीने में सावन के पांच सोमवार पड़ेंगे। शिवभक्त अपने-अपने तरीके से भगवान भोलेनाथ का व्रत रखकर अपनी श्रद्धानुसार पूजा अर्चना के अलावा कांवड़ियों में भी विशेष शिवभक्ति का उत्साह देखने को मिलेगा। इस यात्रा में कांवड़िये गोला गोकरन नाथ मंदिर व हरिद्वार और गंगोत्री जैसे तीर्थस्थलों के पवित्र गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। ऐसी मान्यता है इससे जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। माना जाता है कि सबसे पहले कांवड़ यात्रा की शुरुआत शिवजी के भक्त भगवान परशुराम ने की थी, तब से ही यह परंपरा चली आ रही है सावन का महीना विशेष रूप से भगवान शिव को समर्पित होता है। यह माह भगवान शिव को अतिप्रिय होता है। सावन के महीने में भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष रूप से पूजा-आराधना करने का महत्व होता है, जिसमें व्रत, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युजय जाप के अलावा कांवड़ यात्राएं निकाली जाती हैं। भक्त जगह-जगह भण्डारे का भी आयोजन करते है। सावन के महीने में आने वाले सोमवार व्रत, प्रदोष और सावन शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से हर तरह की मनोकामनाएं पूरी होती है और पूजा का पूरा फल मिलता है।

हिन्दू धर्म में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है। इस साल सावन की शरूआत 11 जुलाई से शुरू हो रही है और 9 अगस्त को समाप्त होगी।

बिना परिचय के फोटो लगाना

ऐसे में कांवड़ यात्रा 11 जुलाई शुरू हो जाएगी, जोकि 30 दिन तक चलेगी। शिव भक्त अपने-अपने क्षेत्र से गंगाजल लेकर गोला गोकरनाथ लखीमपुर खीरी, हरिद्वार, गंगोत्री आदि सिद्धपीठ स्थानों के लिए जाते है। बताते है कि कांवड़ यात्रा के दौरान शराब, पान, गुटखा, सिगरेट, तंबाकू जैसे सभी तरह के नशीले पदार्थों से दूरी बना लेनी चाहिए। अगर एक बार आपने कांवड़ यात्रा की शुरुआत कर दी तो कांवड़ को जमीन पर न रखें। इससे आपकी यात्रा अधूरी मानी जाती है। आप अगर मल-मूत्र के लिए जा रहे हैं तो इसे किसी ऊंचे स्थान पर रखकर जाएं। अगर आपने गलती से जमीन पर कांवड़ रख दिया तो फिर से जल भरकर यात्रा की शुरुआत करनी होती है। यात्रा के दौरान कांवड़िये जब भी मल-मूत्र का त्याग करें तो स्नान के बाद ही कांवड़ को स्पर्श करें। बिना स्नान के कांवड़ को दोबारा नहीं छूना चाहिए, यह अपवित्र हो जाती है।

शास्त्रों के अनुसार आषाढ़ देवशयनी एकादशी से लेकर कार्तिक देवउठनी एकादशी तक यानी चार माह तक भगवान विष्णु को जो इस सृष्टि के पालनहार हैं वे क्षीर सागर में योग निद्रा में रहते हैं। इस दौरान भगवान शिव सृष्टि का संचालन संभालते हैं। इस कारण से सावन के महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा-आराधना करने का महत्व है और मन चाहां फल भक्तों को भोलेनाथ प्रदान करते है।

डीएम ने पौधरोपण व जिला पर्यावरण समिति की ली बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बैठक लेते डीएम मौजूद संयुक्त विकास आयुक्त

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर की उपस्थिति में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। डीएफओ ने बताया कि जनपद में 26 विभागों द्वारा 38 लाख पौधों का रोपड़ किया जायेगा। जिसमें वन विभाग द्वारा 16 लाख पौधे व कृषि विभाग द्वारा 3.62 लाख पौधे लगाये जायेंगे। पौधरोपण के लिये कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका नंबर 7376359874 है। सभी विभागों द्वारा गड्ढा खुदान व पौध का उठान हो गया है, लगाये गए पौधों का हरीतिमा एप द्वारा जिओ टैगिंग की जायेगी। मंत्री राकेश राठौर गुरु व आयुक्त कानपुर मंडल द्वारा पुठरी में वृक्षारोपण किया जायेगा। सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगा दी गई है, सभी स्थलों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पौधरोपण होगा। संयुक्त विकास आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि लगाए गये वनों की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जाये व उनको समय से पानी दिया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सूचना

मेरी पुत्री ने केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ से कक्षा 10 की परीक्षा वर्ष 2024 में उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 23157088 है। पुत्री के हाईस्कूल अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र में त्रुटिवश नाम BHOOMIKA VASISTH अंकित हो गया है। जबकि सही नाम BHOOMIKA VASHISTHA है, जिसे मेरी पुत्री के अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र में दर्ज किया जाये। **VANDANA SHARMA W/O VIPIN VASHISTHA निवासी याकूतगंज, पोस्ट याकूतगंज, फर्रुखाबाद।**

भाकियू ने किसानों की जन समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारीयों ने किसानों की जन समस्याओं को लेकर एसडीएम चुनार राजेश कुमार वर्मा को अपनी आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 7 पर बरईपुर गेट के सामने बने डिवाइडर में कट किया जाए जिससे किसानों, छात्रों और व्यापारियों को वाराणसी और मिर्जापुर से जाते व आते समय विपरीत दिशा से होकर न जाना आना पड़े। ग्राम पंचायत बरईपुर का गेट और ग्राम पंचायत अचीतपुर का गेट 7 के चौड़ीकरण में तोड़ दिया गया था, उसे आज तक नहीं बनवाया गया जिसे बनाया जाना जरूरी एवं न्याय संगत है।

जंगल महाल विद्युत सब स्टेशन से निकली हुई विद्युत लाइन चक सरिया न्याय पंचायत में लो वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है जिससे किसानों व आम जन को भारी परेशानी हो रही है। लो वोल्टेज की समस्या का निदान करते हुए पूर्ण रूप से बिजली दिया जाए। कुदारन से चुनार व कुदारन से हुसेनपुर बियर सिंचाई डाक बंगला तक बाई तरफके सर्विस पटरी सड़क लगभग 4.5 किलोमीटर में बड़े-बड़े गड्ढे होकर सड़क ध्वस्त हो गई है। शासन द्वारा निर्देश के बाद भी अक्टूबर माह 2024 में किसी तरह से रिपेयर का कार्य नहीं हो पाया और खनिज क्षेत्र होने से सैकड़ो ट्रक का आवागमन होता है। 50 गांवो की जनता का आवागमन है, उक्त जर्जर सड़क का जनहित में निर्माण कराया जाए। सहकारी समितियो पर डीएपी यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित, बंद पड़े चुनार पोस्टमार्टम हाउस को जनहित में चालू कराया जाए।

इस दौरान प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, स्वामी दयाल सिंह, राजेश कुमार सिंह, संगठन मंत्री डा. पंचम सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, तहसील अध्यक्ष रामवृक्ष सिंह, रतन लाल चौरसिया, रामचंद्र सिंह, राम श्रृंगार सिंह, राजेंद्र सिंह सुधाकर चौरसिया, किस्मत कुशवाहा, नंदलाल भारती, रामराज बिंद, प्रवीण कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह आदि मौजूद रहें।

सिंचाई बंधी को रोजगार सेवक ने रात्रि में काटा, बह रहा अनावश्यक पानी

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत परसिया कला के मतवरिया गांव में सिंचाई के लिए बनाई गई बंधी के पानी को निकालने के लिए बंधी के तट बंध को काट दिया गया जिससे बंधी का पानी अनावश्यक रूप से बहता हुआ देखकर ग्रामीणों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल प्रताप को दिया। मौके पर पहुँचे क्षेत्र पंचायत सदस्य ने बंधी के तट बंध काटने कि सूचना ब्लॉक के अधिकारियो को देते हुए तट बंध काटने वाले के विरुद्ध कार्रवाई कि मांग किया है। बंधी का तट बंध कटने से बंधी का पानी मध्य प्रदेश में पहुंच रहा है। वहीं स्थानीय किसानों का आरोप है कि बंधी का पानी निकल जाने पर हम लोगो कि सिचाई प्रभावित होंगी गांव में बंधी ही सिचाई का मुख्य साधन है जिससे किसानों कि खेती सिंचाई होने के साथ मवेशी पानी पीते है। बंधी का निर्माण कार्य क्षेत्र पंचायत द्वारा के द्वारा सिंचाई के लिए कराया गया था।

बैक्टीरिया से बढ़ा आईबीएस का खतरा

समृद्धि न्यूज, महराजगंज। अनियमित फास्ट फूड का सेवन व योग से दूरी युवाओं को आईबीएस (इरिटेबल बाउल सिंड्रोम) की चपेट में पहुंचा रही है। जुलाई में बारिश का दौर शुरू होने के बाद यह खतरा बढ़ा है। रोजाना ओपीडी में पांच से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। सोमवार को इनकी संख्या बढ़कर 10 पहुंच गई। चिकित्सक इसे आंत में बैक्टीरिया असंतुलन बता रहे हैं जिसके कारण बार-बार शौच का अहसास होने के साथ शरीर को पोषण न मिलने की स्थिति पनप रही है। बारिश में बैक्टीरिया व संक्रमण जनित रोगों में इजाफा हुआ है। आईबीएस नामक एक रोग ने आपने पांव फैलाए हैं। इरिटेबल बाउल सिंड्रोम के मरीज इस सप्ताह रोजाना पांच से छह की संख्या में पहुंचे। सोमवार को इसके 10 मरीज जिला अस्पताल की ओपीडी में देखे गए। डॉ. पवन कुमार ने बताया कि युवा फास्ट फूड से पेट भर लेते हैं। फास्ट फूड और तेल आंतों में बैक्टीरिया असंतुलित कर रहा है, जिससे पूरे दिन पेट खराब जैसा महसूस होता है। इस रोग के कारण शरीर पोषण अवशोषित नहीं करता जिससे कमजोरी महसूस होती है। यह समस्या युवाओं में अधिक मिल रही जिनकी उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच है। ऐसे रोगियों को तत्काल फास्ट फूड सेवनबंद करने व घर पका हुआ हल्का भोजन करने की सलाह व योग-व्यायाम की सलाह के साथ दवा का परामर्श दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 135-सी पर क्षतिग्रस्त सड़क दुर्घटना को दे रही दावत

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

लालगंज के बस्तरा मोड़ से मध्य प्रदेश के जड़कुड़ मार्ग तक बनी राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी पर बडौही लालमटी नदी पर स्थित रपटा क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। रपटा पर बड़े बड़े गड्ढे होने से बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे है। माल वाहक वाहन रपटा के गड्ढे में फंस जा रहे है। स्थानीय लोगो ने राष्ट्रीय राजमार्ग के रपटे का अविलम्ब मरम्मत कार्य कराये जाने की मांग कर रहे है। राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्राजीय मार्ग होने से व्यस्त मार्ग है यूपी से एमपी तक लोग इसी मार्ग से यात्रा कर रहे है। लेकिन रपटा क्षतिग्रस्त होने से लोगो को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल पंप के टैंकर तेल लेकर जाते है जो रपटा क्षतिग्रस्त होने से फंस रहे है। क्षेत्र के पिपरा, देवरी, झरना, बरया गांव में विभिन्न तेल कम्पनी का पेट्रोल पंप है। लोगो ने अधिकारियो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रपटा का मरम्मत कार्य कराये जाने कि मांग किया है।

खबरें एक नजर में

नगर पंचायत आनन्दनगर को मुख्यमंत्री ने सौंपा विकास कार्यों को चाभी

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत आनन्दनगर के विकास कार्यों को गति प्रदान करने हेतु नगर पंचायत आनन्दनगर की अध्यक्षा श्रीमती विजय लक्ष्मी जायसवाल के प्रतिनिधि पूर्व चेयरमैन राजेश जायरावाल द्वारा नगर के विस्तारित क्षेत्र में बुनियादी सुविधावों को आमजन तक पहुंचाने के लिये तथा मूलभूत समस्याओं के निवारण को लेकर प्रदेश के मुखिया योगी अदित्यनाथ से एक सुखद मुलाकात उसके लखनऊ स्थित आवास पर हुई। उक्त बातों की जानकारी नगर पंचायत आनन्दनगर के अध्यक्ष के प्रतिनिधि राजेश जायसवाल द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी गई है। उन्होंने यह बताया है कि मुख्य मंत्री का मिलकर नगर पंचायत आनन्दनगर से बेहद लगाव रहा है, व्यकिगत रूप से यहां की समस्यायों को जानते है उनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि विकास कार्यों को परदर्शिता के साथ समय सीमाबंध में किया जाना है। इस बात का ध्यान आप लोगो की प्राथमिकता होनी चाहिए, बहुत सुख्द बात यह रही मुख्य मंत्री द्वारा छठ घाटों की सुन्दरीकारण में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पाये जाने पर प्रसंसा भी की गयी और भविष्व में ऐसे ही कार्य करने के लिये प्रेरित भी किया गया। प्रदेश के मुखिया द्वारा अनेक सुझाव भी दिये गये जिसमें नगर पंचायत आनन्दनगर अमल में लायेगा।

लाठी-डंडो से पिटाई मामले में पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर, समृद्धि न्यूज। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव धनेगा के रहने वाले सामिर ने बताया कि गांव के रहने वाले युवक से विवाद हो गया था। उस मामले में फैसला भी हो गया था। आरोप है कि सात जुलाई को उक्त लोगों ने पुराने विवाद में रंजिश मानते हुए उसको घेर लिया और लाठी डंडो से पिटाई कर दी। घायल युवक ने बताया कि उसका भाई मेला देखने गया था। वह उसको लेने जा रहा था। तभी रास्ते में घेरकर उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

भाकियू ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

पूरनपुर, समृद्धि न्यूज। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन भानू ने मंगलवार से तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार सहित कई आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की।इसके बाद तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की तहसील में बिना रिश्वत के कोई भी कार्य नहीं होता। किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कई बार शिकायतें की गई। पर आज तक उसको गंभीरता से नहीं लिया गया। जिसकी वजह से लोग परेशान हैं। ऐसी कई समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में भाकियू धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।इस दौरान बडी संख्या में भाकियू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क हादसे में घायल युवक की लखनऊ में मौत

पूरनपुर, समृद्धि न्यूज। घुघंचाई थाना क्षेत्र गांव मटैना कॉलोनी नंबर 1 के रहने वाले पप्पू पुत्र बाबूलाल उम्र 45 वर्ष 29-06-2025 को खेत में सोयाबीन की फसल लगाकर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह पूरनपुर नगर की एक किराना स्टोर के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक में दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी थी। हादसे में पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनको सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। हालत में सुधार न होने पर परिजन बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार करवा रहे थे। बरेली से लखनऊ रेफर किया परिजन उनको एमबुलेंस से ले जा रहे थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर लगभग 2:30 पर लखनऊ ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एपेक्स बीएएमएस प्रथम वर्ष के छात्रों का मॉडर्न मेडिसिन हॉस्पिटल में ओरिएंटेशन

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

एपेक्स आयुर्वेद कॉलेज के प्रथम वर्ष के बीएएमएस छात्र-छात्राओं हेतु दो दिवसीय आधुनिक मैडिसिन ओरिएंटेशन एपेक्स सुपर स्पैशलिटी हॉस्पिटल एंड पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट वाराणसी मे आयोजित किया गया।

इस दो दिवसीय हॉस्पिटल ओरिएंटेशन मे आगंतुक छात्रों को संबोधित करते हुए एपेक्स के चेयरमैन एवं वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ एसके सिंह ने आयुर्वेद विधा के साथ आधुनिक मेडिसिन की उपयोगिता को बताते हुए एपेक्स हॉस्पिटल का क्लीनिक से पीजीआई तक के सफर का जिक्र किया। उन्होने स्पष्ट किया कि किस तरह ओर्थोपेडिक विभाग से शुरुआत करते हुए वर्षवार नवीनतम सुविधाओं घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण, सीटी ओ-आर्म कंप्यूटर नेविगेटेड स्पाइन सर्जरी, लीगामेंट सर्जरी आदि को अपनाते हुए ट्रॉमा, आईसीयू, डायग्नोस्टिक, ब्लड सेंटर, गामा स्कैन, पैट सीटी, आधुनिकतम तकनीक से रेडीएशन, कीमो, मेडिकल एवं सर्जिकल सुविधाओं से सुसज्जित कैंसर संस्थान एवं सुपर स्पैशलिटी विभाग कार्डियक, यूरोलोजी, नेफ्रोलोजी, गेस्ट्रोलोजी, एंडोक्राइनोलोजी, न्यूरो, ईएनटी, दन्त, नेत्र आदि विभागों की स्थापना करते हुए आज कुशल, अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं सर्जन की टीम सहित 29 विभागों एवं एनबीई द्वारा मान्यता प्राप्त पीजी पाठ्यक्रम डीएनबी ओर्थोपेडिक सर्जरी, रेडिएशन ओंकोलोजी, एनेस्थेसीया, रेडियोडायग्नोसिस (डीएमआरडी) एवं उत्तरप्रदेश का एकमात्र पोस्ट पीजी कार्यक्रम एफएनबी स्पाइन सर्जरी का संचालन कर रहा है। डीन प्रो सुनील मिस्त्री एवं प्रधानाचार्य प्रो पीके सिंह के दिशा निर्देशन मे फैकल्टी डॉ आभा सिंह, डॉ आशीष यादव, डॉ विन्ध्या पाण्डेय एवं नील कमल मिश्रा द्वारा

फंदे से लटकता मिला युवक का शव

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा धरमौली में सोमवार को मुकेश का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार, श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र की ग्राम सभा धरमौली निवासी रजवंत यादव के तीन बेटे हैं। बड़े बेटे उमेश और सुरेश की शादी हो चुकी है। छोटे बेटे मुकेश (25) की शादी नहीं हुई थी। तीनों भाई अलग-अलग रहते हैं। रविवार की रात मुकेश अपने कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर सो गया। बगल के कमरों में उसके दोनों भाई का परिवार था।

सोमवार की सुबह जब काफी देर तक मुकेश कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसके भाइयों ने दरवाजे के ऊपर लगे झरोखे के रास्ते देखा तो मुकेश का शव छत की कुंडी से लटका हुआ था।

बाबा साहब के मान पर सपा की जन पंचायत में चर्चा

मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।

सपा की मझवाँ, नगर, मड़िहान विधानसभा की जिउती, कौड़िया, सेमरा में जगह-जगह जनपंचायत में बाबा साहब के मान पर चर्चा की गई। इस दौरान जनपंचायत में मझवां विधानसभा की जिउती की जनपंचायत में सपा प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्य ने कहा कि बाबा साहेब के मान पर चर्चा होनी चाहिये। उन्होने कहा कि शोषित वंचित, पीड़ित लोगो के बीच जाकर बाबा साहब के संविधान और आरक्षण बचाने के लिये हमे एकजुट होना पड़ेगा। उन्होने कहा कि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक देश का संविधान बचाने के लिये 2027 के विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मजबूत करने का काम करें।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव, रोहित शुक्ला 'लल्लू', योगेश यादव, विनोद पासी, भोलानाथ यादव, सौरभ सिंह, लाल बहादुर यादव आदि मौजूद रहें। इसी क्रम में नगर विधानसभा की बैठक कोन विकास खण्ड के सेमरा बेलुहआ में पूर्व मंत्री गुलाब चन्द यादव मुन्नी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि सदियों से पीडीए समाज के जिन चेहरों पर अपमान उत्पीड़न, दुःख व दर्द रहा है। उन चेहरों पर उज्जवल भविष्य की मुस्कान तभी आयेगी जब हम लोग एकजुट होकर सपा को मजबूत बनाने का काम करेंगे। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव, संतोष गोयल, अमरेश सोनकर, रामराज यादव, राममिलन यादव आदि मौजूद रहें।

इसी क्रम में मड़िहान विधानसभा की बैठक विकास खण्ड राजगढ़ के कौड़िया गांव में विधानसभा अध्यक्ष शैलेष पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा भाजपा सरकार में अत्याचार बढ़ा है। सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर काम कर रही है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेकने के लिये जनता के बीच जाना पड़ेगा। बैठक में पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, रवि प्रकाश त्रिपाठी, विजय यादव, सन्तबीर मौर्या, प्रमोद सिंह, विजय यादव आदि मौजूद रहें।

सपा ने मनाई पूर्व पीएम चंद्रशेखर की पुण्यतिथि

उसूल के पक्के और मानवीय संवेदना से परिपूर्ण थे चंद्रशेखर जी: आदर्श यादव मिर्जापुर। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की 17 वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। इस अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद भावुक होकर नमन किया गया। सपा के जिला महासचिव आदर्श यादव ने कहा कि कुछ लोग बेहद खास होते हुए भी आम नजर आते हैं। श्री आदर्श यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर आडंबर और दिखावे से कोसों दूर थे। वे उसूल के पक्के और मानवीय संवेदनशील परिपूर्ण थे। उनकी यहीं खासियत लोगों से उनका सीधा और गहरा जुड़ाव बनाती रहीं। सियासत के शिखर पर होने के बावजूद अपनी जड़ों तक गहराई से जुड़ी ऐसी शख्सियत मिलना अब मुश्किल है। कहा कि चंद्रशेखर जी समाजवाद और लोकतंत्र के प्रति सदा समर्पित रहने वाले राजनीतिक व्यक्तित्व थे। कहा कि वर्तमान भारत की तपती हुई राजनीति में आसान नहीं है चंद्रशेखर जी जैसे हो जाना। इस अवसर पर मन्टू मिश्रा, शिव कुमार यादव, रामजी यादव, सौरभ पटेल, अभय यादव, शशांक यादव, जीत बहादुर पाल, विजय मौर्या, गगन मौर्या, मनोज चौहान, राजकुमार यादव आदि रहें।

स्कॉलर्स अकादमी बना टॉपर्स का गढ़ पुरस्कार पाकर चमक उठे चेहरे

- स्कॉलर्स अकादमी में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के टापर्स किया गया सम्मानित

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

स्कालर्स एकेडमी आनन्दनगर आज मंगलवार को अपने टॉपर बच्चो को सम्मानित किया है। इस अवसर पर कक्षा बारहवीं की सिटी टॉपर अर्चिता पाल एवं कक्षा दसवी के स्कूल टॉपर आनन्द मिश्रा को टेबलेट पी.सी. एवं शील्ड दे कर सम्मानित किया गया। कक्षा बारहवीं की छात्रा अर्चिता पाल (विज्ञान संकाय) ने शहर के सभी स्कूलों में सर्वश्रेष्ठ 93.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं फरेंदा शहर को गौरवान्वित किया है। वहीं कक्षा दसवी के छात्र आनन्द मिश्रा ने 96% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन एवं सम्मानित छात्रों के द्वारा पता चला कि उन्होंने बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग या ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफार्म के द्वारा यह उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है, इसमें विद्यालय के अध्यापकगण के लिए गर्व की बात है। आगे सम्मान पाने के क्रम में अहमदुल्लाह (94.20%), पवन (93%), तरुन आर्या (93%), आयुष मिश्रा (93%), सुधीर कुमार (92.80%), अमन सिंह (92%), धीरज सिंह (92%), आशुतोष पाठक (91.80%), खुशी चौधरी (91%), मोहम्मद याकूब (91%) छात्र रहें। इन छात्रों को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस शील्ड तथा गिफ्ट हैंपर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मान पाने वाले छात्रों के माता पिता तथा इनके परिजन भी उपस्थित रहे।

स्कॉलर्स अकादमी जो हर साल डिस्ट्रिक्ट टॉपर तथा सिटी टॉपर्स देता आया है, वहाँ पर आज इन पुरस्कृत बच्चो के चेहरे सम्मान पाकर गर्व से चमक उठे। पुरस्कार समारोह के दौरान विद्यालय के चेयरमैन सैयद अरशद एवं डायरेक्टर अदनान अब्दुल्ला ने छात्रों को बधाई दी तथा साथ ही साथ उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. डी. पी. सिंह ने बच्चो का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जो अपने बच्चों और उनके माता पिता ने उज्वल भविष्य का सपना देखा है उसे पूरा करने में विद्यालय प्रबंधन एवं यहाँ के अध्यापकगण बेहतर सहारा बन रहे है।

इस अवसर पर विद्यालय के एकेडमिक हेड तुफैल खान एवं साथ ही साथ अध्यापकगण जुनैद अहमद, जीतेन्द्र यादव, बबिता यादव, मनोज पाण्डेय, शाहनवाज़ खान, दुर्गेश यादव, विजय मिश्रा, मृत्युंजय पाण्डेय, उपेंद्र गिरी, रामचंद्र शर्मा,शैलेश द्विवेदी आदि सभी शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

2 करोड़ 13 लाख की लागत से इंडियन आयल करेगा निर्माण

रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज। इंडियन आयल फॉर कम्युनिटी व नगर निगम के सहयोग से निवाजपुर में बारातघर का बुधवार की सुबह प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर इंडियन आयल व नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

नगर निगम के अधिशासी अभियन्ता आशीष त्रिवेदी ने बताया कि इंडियन आयल फॉर कम्युनिटी व नगर निगम के सहयोग से निवाजपुर में 2 करोड़ 13 लाख रूपये की लागत से करीब 490 वर्ग मीटर क्षेत्र में बारातघर का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बारातघर के लिये जमीन नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि निर्माण का कार्य इंडियन आयल कारपोरेशन की सीएसआर संस्था करेगी। इस मौके पर इंडियन आयल कारपोरेशन व नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन के ऊपरी तल पर व्यवसायिक भवन बनाए जाने का विरोध

- गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन के दुकानदारों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप दुकान न बनाए जाने की मांग की

फरेंदा, महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत आनंदनगर के गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन के ऊपर दुकान बनाए जाने का विरोध भूतल पर रह रहे दुकानदारों द्वारा विरोध किया जा रहा है ।

गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन के दुकानदारों ने उपजिलाधिकारी फरेंदा को एक ज्ञापन सौंप कर दुकान न बनाए जाने का मांग किया है। दुकानदारों ने ज्ञापन में लिखा है कि उक्त व्यावसायिक भवन लगभग 33 साल पुराना है और वह लोग उक्त भवन में रहकर व्यवसाय करते हुए इस समय से नगर पंचायत के नियमानुसार किराया जमा कर रहे हैं तथा दुकान से संबंधित एक वाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी चल रहा है। दुकानदारों ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया है कि उक्त भवन काफी कमजोर है जिससे ऊपर दुकान निर्माण नहीं कराया जा सकता है जान माल का खतरा है। दुकानदारों ने यह भी बताया है कि पूर्व की अध्यक्ष हमारा खातून द्वारा ऊपर निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव लाया गया था लेकिन तकनीकी कारणों से दुकान का निर्माण नहीं हुआ था। दुकानदारों ने बताया कि वह उक्त निर्माण कार्य का विरोध करते हैं सभी दुकानदार अपनी दुकान बंद करके उप जिलाधिकारी फरेंदा को ज्ञापन सौंप कर ऊपरी तल का निर्माण रोकने एवं अपने जान माल के सुरक्षा की मांग किया है।

उमस भरी भीषण गर्मी के दृष्टिगत विद्यालय संचालन समय में हो परिवर्तन : यूटा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला और शिक्षकों की समस्याओं का मांग पत्र सौंपा। जिसमें विनीत कुमार गंगवार द्वारा कहा गया कि अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के फल स्वरुप जनपद में आए 83 शिक्षकों में से कुछ शिक्षकों को छोड़कर लगभग सभी की LPC लेखा कार्यालय को प्राप्त हो चुकी है।

ऐसे सभी शिक्षकों के वेतन भुगतान हेतु आदेश जारी किया जाये। जिला महामंत्री हरिशंकर द्वारा कहा गया कि जिन विद्यालयों की वर्तमान नामांकित छात्र संख्या 40 से अधिक है जो की प्रेरणा पोर्टल पर भी दर्ज है उन विद्यालयों की पेयरिंग ना की जाए। उपरोक्त विद्यालय के शिक्षकों को एक प्रयास के तहत नामांकन की तिथि तक छात्र संख्या बढ़ाने का एक मौका अवश्य दिया जाए।

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में परिषदीय विद्यालय प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित हो रहे हैं जबकि जनपद में तेज धूप और उमस के कारण प्रतिदिन गर्मी में अत्यधिक वृद्धि के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है अधिकांश परिषदीय विद्यालय ग्रामीण प्रवेश में स्थित हैं, जहां पर विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति न होने के कारण बच्चों के बीमार होने का खतरा है। अतः आपसे अनुरोध है कि तेज धूप और उमस भरी भीषण गर्मी की उपरोक्त समस्या के दृष्टिगत छात्र हित को ध्यान में रखते हुए परिषदीय विद्यालयों का संचालन समय प्रातः 7:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक करने हेतु आदेश जारी किया जाए।

कॉमर्स में एआई के प्रयोग पर हुआ व्याख्यान

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज। एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में,कॉमर्स में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग, विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के वाणिज्य विभाग के प्रो. मनीष कुमार ने बोलते हुए कहा कि एआई के जरिए उपभोक्ता अच्छे उत्पादों की पहचान आसानी से कर सकते हैं। उत्पादक भी एआई का प्रयोग करके कम लागत पर प्रभावशाली विज्ञापन बना रहे हैं।विज्ञापन लागत कम होने से वस्तुओं की कीमतें भी कम हो जाती है। इस तरह उपभोक्ता को कम मूल्य पर अच्छा माल उपलब्ध होता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकी ने उत्पादन के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। उत्पादन की शुद्धता,गुणवत्ता और तीव्रता तीनों में वृद्धि हुई है। व्याख्यान प्रारंभ होने से पहले स्वामी शुकदेवानंद सरस्वती जी के चित्र पर पुष्पांजलि की गई। डा. रूपक श्रीवास्तव के संचालन में हुए कार्यक्रम के अंत में डा. मनीष को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ0 अनुराग अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त डा. देवेंद्र सिंह, डा. कमलेश गौतम, डा. गौरव सक्सेना, डा. संतोष प्रताप सिंह आदि भी उपस्थित थे।

विदेश भेजने के नाम पर युवक से लाखों की धोखाधड़ी

पूरनपुर, समृद्धि न्यूज।

- एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामले में दर्ज किया केस

विदेश भिजवाने का झांसा देकर लाखों की धोखाधड़ी कर ली गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

सेहरामऊ उत्तरी थाना के गांव पिपरा मुजप्ता निवासी रंजीत सिंह ने वताया कि वह अपने पुत्र को विदेश में भेजने को नगर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी आइलेट सेंटर संचालक अनंत अग्रवाल और गांव गढ़वाखेड़ा निवासी प्रदीप सिंह को अपने और पत्नी के खाते से 6.57-6.57 लाख रुपये सितंबर 2022 को ट्रांसफर किए। 5.50 लाख रुपये अनंत अग्रवाल को नकद वर्ष 2022-23 में दिए। कुल आरोपियों को 18 लाख से अधिक धनराशि दी गई। काफी समय वीत जाने के बाद पुत्र को विदेश नहीं भेजा गया। जिस पर उसने अपने रुपमे वापस मांगे, जिस पर 11.71 लाख रुपये उसे खाते में वापस कर दिए गए। वकाया 6.94 लाख रुपये में 1.70 लाख का चेक दिया गया। लेकिन चेक भुगतान नहीं हुआ। इसके बाद शेष धनराशि को समझौता के अनुसार वापस करने का वायदा किया गया है। लेकिन रुपये वापस नहीं किए। रुपये वापस मांगने पर झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी गई। विदेश न पहुंचने पर उसके पुत्र के तीन साल खराब हो गए। पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। सेहरामऊ उत्तरी थाना के इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विवेचना शुरू कर दी गई है।

अपराधिक गतिविधियों पर लगाई जाये रोक : मण्डलायुक्त

पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।

- भारत-नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबन्धन एवं सीमा पर अवैधानिक गतिविधियों के प्रभावी नियंत्रण के लिए टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय सैनी की अध्यक्षता में भारत-नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबन्धन एवं सीमा पर अवैधानिक गतिविधियों के प्रभावी नियंत्रण हेतु परिक्षेत्र स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा पूर्व बैठक की अनुपालन आख्या का विवरण प्रस्तुत किया गया।

बैठक में भारत नेपाल सीमा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विन्दुओं पर चर्चा की गई। बार्डर पिलर्स की क्षति, जाली मुद्रा, मानव तस्करी, खाद्यान्न तथा अन्य सामग्रियों की तस्करी, खाद तस्करी, वनों अवैध कटान, वन एवं वन्यजीव तथा पर्यावरण सम्बन्धी अपराध, दूरभाष, सर्विलांस तथा टेक्नीकल इंटेलीजेंस, वाहन चोरी मामलों, अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण सहित विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई।

उन्होंने बार्डर एरिया के क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु सीमा सुरक्षा बल, पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने मादक पदार्थों, खाद्यान्न, खाद की तस्करी के सम्बन्ध में जानकारी ली गई और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बार्डर एरिया में तस्करी पर रोक लगाई जाये। यदि कहीं पर धार्मिक गतिविधियों में वृद्धि-कट्टरवादी प्रभाव पाया जाये तो तत्काल कार्यवाही की जाये तथा उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाये। आयुक्त ने जाली मुद्रा के प्रचलन के सम्बन्